RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 3 अंक 221
फरीदाबाद, रविवार, 20 सितंबर, 2020
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए  YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



उर्मिला ने कंगना के बयान के बाद समर्थन के लिए लोगों को दिया धन्यवाद

फिल्मी -10

ANIL GENERATOR
SILENT GENERATOR
on Hire 62 KVA to 1250 KVA
Sale-Purchase of Old Generator
Surendra Kapoor, Prop.
Add.: 20/6, Mathura Road, Nuchem compound Faridabad
Ph. 0129-4873365,
Mob.: 9811056365, 9311056365
Email : anil.kapoor74@yahoo.com
surendra.kapoor@gmail.com

### कोरोना मीटर

| | विश्व |
|---|---|
| कुल | 30,566,740 |
| मौतें | 953,072 |
| ठीक | 20,827,524 |

| | भारत |
|---|---|
| कुल | 53,58,982 |
| मौतें | 86,137 |
| ठीक | 42,56,860 |

स्रोत: www.covid19india.org

### मौसम फरीदाबाद

अधिकतम 37.04°C
न्यूनतम 27.07°C

## क्विक न्यूज

### मुंबई इंडियन्स के नौ विकेट पर 162 रन

**अबुधाबी।** मुंबई इंडियन्स ने पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के उद्घाटन मैच में शनिवार को नौ विकेट पर 162 रन बनाए। मुंबई की तरफ से सौरभ तिवारी ने सर्वाधिक 42 रन बनाए जबकि चेन्नई की तरफ से लुंगी एनगिडी ने तीन जबकि दीपक चाहर और रविंद्र जडेजा ने दो-दो विकेट लिए।

● विस्तृत खबर पेज-11

### धस्माना बने एनटीआरओ के नए अध्यक्ष

**नई दिल्ली।** अनुसंधान और विश्लेषण विंग (रॉ) के पूर्व प्रमुख अनिल धस्माना को दो साल के लिए राष्ट्रीय तकनीकी अनुसंधान संगठन (एनटीआरओ) का नया अध्यक्ष बनाया गया है। एनटीआरओ तकनीकी संस्था है, जिन पर भू-स्थानिक और सैटेलाइट तस्वीर की जिम्मेदारी होती है। यह संस्था भारत सरकार के अधीन काम करती है। धस्माना की नियुक्ति पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली समिति ने की है। इसकी औपचारिक घोषणा शुक्रवार शाम को की गई। अनिल धस्माना 1981 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं।

स्पेशल पेज-12



विज्ञापन के लिए करें संपर्क
Rakesh Kapoor 9582468441

# आईपीएल 2020: इस बार इन रिकॉर्ड्स पर रहेगी नजरें

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**आईपीएल** 2020 के 13वें सीजन का शनिवार को गत चैंपियन्स मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपरकिंग्स के बीच मुकाबले के साथ हो गया। कोरोना वायरस महामारी के बीच आखिरकार आईपीएल वापसी में सफल रहा। इसको लेकर फैंस में काफी उत्साह है। इस बार आईपीएल अलग होगा, लेकिन रिकॉर्ड्स की झड़ी लगने ही वाली है। हर साल की तरह आंकड़ों के लिहाज से आईपीएल खास बनने वाला है।

विराट कोहली को 9000 टी-20 रन पूरे करने के लिए केवल 100 रन की जरूरत है। ऐसा करते ही वह भारत के पहले जबकि दुनिया के सातवें बल्लेबाज बन जाएंगे। कोहली से पहले क्रिस गेल, किरोन पोलार्ड, ब्रेंडन मैकुलम, शोएब मलिक, डेविड वॉर्नर और आरोन फिंच यह कमाल कर चुके हैं। एमएस धोनी को आईपीएल में सबसे ज्यादा मुकाबले खेलने वाले भारतीय बनने के लिए 4 मैचों में हिस्सा लेने की जरूरत है। एमएस धोनी इस मामले में सुरेश रैना (193) को पीछे छोड़ देंगे। रैना इस साल निजी कारणों का हवाला देकर यूएई से घर लौट आए थे। यूनिवर्स बॉस क्रिस गेल के पास टी-20 क्रिकेट में 1000 छक्के पूरे करने का मौका है। वे टी-20 क्रिकेट में 1000 छक्के पूरे करने वाले दुनिया के पहले बल्लेबाज बन जाएंगे। गेल को इस आंकड़े को छूने के लिए 22 बार हवाई फायर करने की जरूरत है।

रवींद्र जडेजा भी बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर सकते हैं। जडेजा के पास आईपीएल में 2000 रन और 100 या ज्यादा विकेट लेने वाला पहला भारतीय खिलाड़ी बनने का मौका है। जडेजा को केवल 73 रन बनाने की दरकार है और वो इस रिकॉर्ड के मालिक बन जाएंगे। मुंबई के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह 200 विकेट लेने वाले पहले भारतीय तेज गेंदबाज बन सकते हैं। इसके लिए बुमराह को 18 विकेट की दरकार है।

● संबंधित खबरें पेज-11



### इस सीजन की सबसे महंगी टीम है सीएसके


आईपीएल में चार बार की चैंपियन मुंबई इंडियन्स की ब्रांड वैल्यू सबसे ज्यादा 809 करोड़ रुपये है, लेकिन टीमों में खेलने वाले खिलाड़ियों की कुल कीमत देखें, तो इस सीजन की सबसे महंगी टीम चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) है। सीएसके के कुल खिलाड़ियों की कीमत 84.85 करोड़ रुपये है। दूसरे नंबर पर मुंबई इंडियन्स है, जिसकी कुल कीमत 83.05 करोड़ है। वहीं 69.1 करोड़ रुपये की कुल कीमत के साथ सबसे सस्ती टीम किंग्स इलेवन पंजाब है।

### आखिरी सफर पर निकला आईएनएस विराट

# 30 साल रहा भारतीय नौसेना का हिस्सा

**मुंबई।** भारतीय नौसेना में करीब 30 साल तक सेवा देने के बाद युद्धपोत आईएनएस विराट अब अपनी आखिरी यात्रा पर निकल पड़ा है। शनिवार को अपने आखिरी सफर निकले आईएनएस विराट को साल 2017 में युद्धपोत से डिकमिशंड (सेवानिवृत्त) कर दिया गया था। शनिवार को यह मुंबई से गुजरात के अलंग स्थित जहाज तोड़ने वाले यार्ड के लिए रवाना हो गया।

भारतीय नौसेना का यह युद्धपोत रविवार देर रात भावनगर पहुंचेगा।



अपनी सेवा के दौरान इसने 10 लाख समुद्री किमी (7,00,000 मील) से अधिक की दूरी को तय किया, जो पृथ्वी के 27 चक्कर लगाने के बराबर है। साल 2017 में सेवानिवृत्त होने के बाद आईएनएस विराट को अलंग के श्रीराम ग्रुप ने नीलामी में 38.54 करोड़ रुपये में खरीदा था।

# जासूसी में पत्रकार, चीनी महिला नेपाली युवक के साथ गिरफ्तार

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**पीतमपुरा** निवासी स्वतंत्र पत्रकार राजीव शर्मा को स्पेशल सेल ने शुक्रवार को गिरफ्तार किया है। स्पेशल सेल ने राजीव शर्मा को ऑफिशियल सीक्रेट एक्ट मामले में गिरफ्तार किया है। आरोप है कि उनके पास कुछ रक्षा संबंधित खुफिया दस्तावेज पाए गए थे। अधिकारियों ने दावा किया है कि पत्रकार के कब्जे से सेना से संबंधित कुछ दस्तावेज बरामद किए हैं। फिलहाल वह छह दिन की रिमांड पर है। पूछताछ में पता चला है कि आरोपी पत्रकार चीन के लिए जासूसी कर रहा था। राजीव के साथ ही एक चीनी और उसका नेपाली साथी भी गिरफ्तार हुआ है जो उसे फर्जी (शेल) कंपनियों के जरिए मोटा पैसा देते थे।

स्पेशल सेल के डीसीपी संजीव कुमार यादव ने बताया कि राजधानी के पीतमपुरा निवासी राजीव शर्मा कई अखबारों में काम कर चुका है। उसे गत 14 सितंबर को गिरफ्तार किया था और अगले दिन कोर्ट में पेश कर छह दिन के रिमांड पर लिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इस मामले में एक और पत्रकार से पूछताछ चल रही है। पुलिस सूत्रों ने दावा किया है कि राजीव शर्मा चीन के लिए जासूसी कर रहा था। उसके कब्जे से जो कागजात मिले हैं, वह उस देश को देने वाला था। इस बात के भी सबूत मिले हैं कि आरोपी पहले कुछ दस्तावेज दे चुका है और इसकी एवज में पैसे लिए हैं। बताया जा रहा है कि पत्रकार के खिलाफ विदेश मंत्रालय को भी शिकायत मिली थी, जिसकी जांच की जा रही है।



### 123 साल पुराना कानून बदला गया, राज्यसभा से महामारी संशोधन विधेयक 2020 पास

**नई दिल्ली।** राज्यसभा में शनिवार को महामारी रोग विधेयक (संशोधन) विधेयक 2020 पास हो गया। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने संसद में विधेयक पेश किया। राज्यसभा में हर्षवर्धन ने कहा, कोरोना से जुड़े कलंक के कारण, कई स्वास्थ्यकर्मियों जिसमें डॉक्टरों, पैरामेडिक्स शामिल हैं, उनका किसी न किसी रूप में अपमान किया गया। केंद्र सरकार ने इस स्थिति पर कार्रवाई की और पाया कि इस तरह की घटनाओं के खिलाफ एक कानून, एक निषेधात्मक तंत्र की आवश्यकता है। बता दें कि इस विधेयक में महामारी के दौरान देश में डॉक्टर्स, नर्स, आशा कार्यकर्ताओं की सुरक्षा, जबकि हमला करने वालों के लिए सजा का प्रावधान है। इसके तहत डॉक्टरों और अन्य स्वास्थ्यकर्मियों पर हमला करने वालों को अधिकतम सात साल तक की सजा हो सकती है। हमला करने वालों पर 50 हजार से 2 लाख के जुर्माने का प्रावधान है। इसके अलावा तीन महीने से पांच साल की सजा भी हो सकती है। जबकि गंभीर चोट के मामले में अधिकतम 7 साल की सजा हो सकती है। ये गैरजमानती अपराध होगा। बता दें कि 123 साल पुराने कानून में केंद्र ने बदलाव किया है।

### पाक की घुसपैठ रोकने को एलओसी पर तैनात किए गए 3000 जवान

**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के बीच सीमा पर लगातार तनाव जारी है। ऐसे में पाकिस्तान अपनी नापाक हरकत से एलओसी पर घुसपैठ करने की फिराक में है। पाकिस्तान आतंकवादियों को भारत भेजने की हर तरह की कोशिश में लगा है, लेकिन भारत पाक के इस मंसूबे पर पानी फेर दिया है। दरअसल, भारतीय सेना ने पाकिस्तान के घुसपैठ को रोकने के लिए एलओसी पर तीन हजार अतिरिक्त जवानों की तैनाती की है। सूत्र के अनुसार भारतीय जवानों की तैनाती से पाकिस्तान की हर चालबाजी को रोकने में मदद मिलेगी और घुसपैठ कर रहे आतंकवादियों द्वारा बॉर्डर पार करने की हर कोशिश को नाकाम की जाएगी।

# दिल्ली दहलाने आए अल-कायदा के नौ आतंकवादी एनआईए के हत्थे चढ़े

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**राष्ट्रीय** जांच एजेंसी (एनआईए) ने शनिवार को देश की राजधानी दिल्ली को दहलाने आए अल-कायदा के नौ दहशतगर्दों को गिरफ्तार किया और आतंकियों के नापाक मंसूबों पर पानी फेर दिया। एनआईए ने पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद और केरल के एर्नाकुलम में छापेमारी की। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि इन व्यक्तियों को सोशल मीडिया पर पाकिस्तान स्थित अल-कायदा आतंकवादियों द्वारा कट्टरपंथी बनाया गया था और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) सहित कई स्थानों पर हमला करने के लिए प्रेरित किया गया था।

अल-कायदा के नौ आतंकियों की गिरफ्तारी पर एनआईए ने कहा कि यह आतंकी मॉड्यूल सक्रिय रूप से धन उगाही में लगा हुआ था और गिरोह के कुछ सदस्य हथियारों और गोला-बारूद की खरीद के लिए नई दिल्ली की यात्रा करने की योजना बना रहे थे। इनकी गिरफ्तारी से देश के विभिन्न हिस्सों में संभावित आतंकी हमलों की पूर्व सूचना मिली है। इनके पास से बड़ी मात्रा में डिजिटल उपकरण, दस्तावेज, जिहादी साहित्य, धारदार हथियार, स्वदेशी बंदूक, एक स्थानीय रूप से निर्मित शरीर कवच, घर में विस्फोटक तैयार करने से संबंधित लेख और साहित्य जब्त किए गए हैं। एनआईए ने गिरफ्तार किए गए अल-कायदा के आतंकियों की तस्वीरें भी जारी की है। एनआईए ने बताया कि लियू यीन अहमद और अबू सुफियान को पश्चिम बंगाल से तथा मोशर्रफ हुसैन और मुर्शीद हसन को केरल से गिरफ्तार किया गया है। छापेमारी में एनआईए ने पश्चिम बंगाल से छह और केरल से तीन आतंकियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आतंकियों के नाम मुर्शीद हसन, याकूल बिस्वास, मोशर्रफ हुसैन, नजमुस साकिब, अबू सूफियान, मैनुल मंडल, लियू यीन अहमद, अल मामून कमाल और अतितुर रहमान है।



लियु ईन अहमद | अबु सूफियान | मोसारफ हुसैन | मुर्शीद हसन | याकूब बिस्वास

### आतंकी हमलों की रच रहे थे साजिश

जानकारी के मुताबिक, एनआईए को पश्चिम बंगाल और केरल समेत देश के विभिन्न हिस्सों में अलकायदा के अंतरराज्यीय मॉड्यूल के बारे में पता चला था। यह ग्रुप निर्दोष लोगों की जान लेने के उद्देश्य से भारत में महत्वपूर्ण स्थानों पर आतंकी हमलों की साजिश रच रहा था। राष्ट्रीय जांच एजेंसी इन आतंकियों की पुलिस कस्टडी लेने और आगे की जांच करने के लिए इन्हें केरल और पश्चिम बंगाल में कोर्ट के समक्ष पेश करेगी।

### कोचर को निजी अस्पताल में इलाज कराने की अनुमति

**मुंबई।** मुंबई की एक विशेष अदालत ने शनिवार को आईसीआईसीआई बैंक की पूर्व सीईओ चंदा कोचर के पति दीपक कोचर को निजी अस्पताल में इलाज कराने की अनुमति दे दी। दीपक पांच दिन पहले कोरोना से संक्रमित हो गए थे। फिलहाल, वह एम्स दिल्ली में भर्ती हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आईसीआईसीआई बैंक-वीडियोकॉन मामले में धन शोधन रोकथाम कानून के तहत इस महीने की शुरुआत में उन्हें गिरफ्तार किया था। वकील विजय अग्रवाल के नेतृत्व में कोचर की कानून टीम ने पीएमएलए की विशेष अदालत से अनुरोध किया कि उन्हें दिल्ली या गुरुग्राम में किसी निजी अस्पताल में स्थानांतरित करने की अनुमति दें।

# साइबर क्राइम में 500 फीसद तेजी : एनएसए डोभाल

**नई दिल्ली।** ऑनलाइन होते समय सावधानी बरतने की अपील करते हुए राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने शुक्रवार को कहा कि कोविड-19 के दौरान डिजिटल पेमेंट प्लैटफॉर्म्स पर बहुत अधिक निर्भरता होने की वजह से वित्तीय धोखाधड़ी में बहुत वृद्धि देखी गई है।

उन्होंने कहा कि सरकार नेशनल साइबर सिक्यॉरिटी स्ट्रैटजी-2020 लेकर आ रही है, जो भारत की समृद्धि के लिए सुरक्षित, विश्वसनीय, लचीला और जीवंत साइबर स्पेस मुहैया कराएगा। डोभाल केरल पुलिस और सोसायटी फॉर द पुलिसिंग ऑफ साइबर स्पेस एंड इन्फॉर्मेशन सिक्यॉरिटी रिसर्च असोसिएशन की ओर से आयोजित डेटा प्राइवेसी और हैकिंग कॉन्फ्रेंस में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए साइबर सिक्यॉरिटी पर लेक्चर दे रहे थे। डोभाल ने कहा, कैश हैंडलिंग में कमी की वजह से डिजिटल पेमेंट प्लैटफॉर्म्स पर निर्भरता बहुत अधिक है और ऑनलाइन डेटा शेयर किया जा रहा है। सोशल मीडिया की मौजूदगी भी बढ़ गई है। जबकि हम एक हद तक अपने मामलों को ऑनलाइन मैनेज करने में सक्षम हैं, बुरे इरादे वाले इसमें एक नया अवसर पाते हैं। डोभाल ने कहा कि सीमित जागरूकता और साइबर स्वच्छता की वजह से साइबर अपराध में 500 फीसदी की तेजी आई है।

### पंजाब: पीएचडी और पीजी तकनीकी संस्थान खोलने को मंजूरी

**चंडीगढ़।** पंजाब सरकार ने पीएचडी और तकनीकी तथा पेशेवरों पाठ्यक्रमों में स्नातकोत्तर की पढ़ाई कर रहे छात्रों के लिए 21 सितंबर से उच्च शिक्षण संस्थानों को खोलने की शनिवार को अनुमति दे दी। हालांकि राज्य में स्कूल, कॉलेज और कोचिंग केंद्र बंद रहेंगे।

केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा कोरोना वायरस लॉकडाउन के मौजूदा चरण के लिए जारी निर्देशों का पालन करते हुए यह अनुमति दी गई है। विशेष मुख्य सचिव (गृह) सतीश चंद्र द्वारा जारी विस्तृत दिशा-निर्देशों के अनुसार शारीरिक दूरी के नियमों का पालन करते हुए ओपन एयर थिएटरों के संचालन की अनुमति भी दी गई है।

### पीएम केयर्स पर सवाल पूछने का अधिकार नहीं: सीतारमण



**नई दिल्ली।** वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि अगर वह बिना पंजीकरण वाले प्रधानमंत्री राहत कोष पर जवाब नहीं दे सकती तो फिर उसे पीएम केयर्स कोष पर सवाल करने का कोई अधिकार नहीं है।

उन्होंने लोकसभा में कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी पर वित्त राज्य मंत्री अनुराग ठाकुर को हिमाचल का..., कहे जाने को लेकर को भी पलटवार किया और कहा कि चौधरी को अपने शब्द को हटाने (रिकार्ड से हटाने) के लिए आसन से आग्रह करना चाहिए। सीतारमण ने कहा कि कोविड संकट के कारण हमें अध्यादेश लाना पड़ा। कोविड के समय टैक्स फाइलिंग करना मुश्किल था। कानूनी आवश्यकता थी। जनता को तुरंत राहत देनी थी। ऐसे में यह अध्यादेश लाया गया। उन्होंने कहा कि अध्यादेश लाया गया ताकि कर जमा करने में देरी पर जुर्माना नहीं लगे क्योंकि पहले के अधिनियम में जुर्माने की व्यवस्था थी। सीतारमण ने कहा कि राजस्व सेवा के अधिकारी जान खतरे में डालकर काम कर रहे हैं और किसी एक मामले को लेकर सभी के बारे में एक राय नहीं बनाई जा सकती।

# अंबाला में महिला एडीसी पर लाठी-डंडों से हमला

**पायनियर समाचार सेवा।** अंबाला

**अंबाला** में लाठी-डंडों से लैस 60 से 70 लोगों की भीड़ ने ओवरलोड ट्रकों की जांच करने गईं अंबाला की अतिरिक्त उपायुक्त (एडीसी) प्रीति पर हमला कर दिया। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि घटना गुरुवार रात उस समय हुई जब अतिरिक्त उपायुक्त प्रीति जोकि सड़क परिवहन प्राधिकारण (आरटीए) की भी सचिव हैं, हरियाण-पंजाब बॉर्डर के पास अंबाला-नरायणगढ़ राजमार्ग पर ओवरलोड (क्षमता से अधिक भार वाले) खनन में लगे ट्रकों की जांच कर लौट रहीं थीं। उन्होंने कुछ ट्रकों को खाली कराया था और कई वाहनों का चालान किया था।

पुलिस ने बताया कि प्रीति छापेमारी करने के बाद जब काला अंब में तैनात आरटीए अधिकारियों के साथ अंबाला शहर लौट रही थीं तभी उन्हें सूचना मिली कि हरियाणा-पंजाब बॉर्डर पर स्थित हंडसेड़ा गांव के पास कुछ ओवरलोड ट्रक खड़े हैं। उन्होंने बताया कि जब प्रीति वहां पहुंची तो लाठी-डंडों से लैस 60 से 70 लोगों ने उनके काफिले पर हमला कर दिया। हमलावरों ने आरटीए विभाग के दो वाहनों को भी छीनकर उन्हें क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस ने बताया कि एडीसी अपनी कार से वहां से किसी तरह निकलीं और अंबाला जिले के पंजोखड़ा पुलिस थाने पहुंचीं। घटना की जानकारी मिलने के बाद तीन पुलिस उपाधीक्षक और एसडीएम भारी बल के साथ मौके पर पहुंचे।

### ओवरलोड ट्रकों की कर रही थी जांच

### कृषि विधेयकों का विरोध : किसान नेता चढ़ूनी ने कहा, शर्म है तो इस्तीफा दें दुष्यंत चौटाला

# पंजाब में कौर के पद छोड़ने के बाद डिप्टी सीएम पर दबाव

### आज प्रदेश भर में सड़क जाम का किया गया ऐलान, 25 को भारत बंद करेंगे

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भाजपा** सरकार की तरफ से लाए गए कृषि विधेयकों का हरियाणा में पुरजोर विरोध हो रहा है। इसी विरोध के बीच जहां दो दिन पहले पंजाब की अकाली दल नेत्री हरसिमरत कौर ने केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण मंत्री का पद छोड़ा था, अब हरियाणा में डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला पर इस्तीफे का दबाव बनाया जा रहा है। शनिवार को रोहतक में भारतीय किसान यूनियन के हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढ़ूनी ने कहा है कि दुष्यंत चौटाला में अगर थोड़ी भी शर्म बाकी है, तो उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए।

उधर, शनिवार को भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढ़ूनी रोहतक में अनाज मंडी में धरने पर पहुंचे। गुरनाम सिंह ने धरने पर पहुंचकर किसानों को संबोधित किया और ऐलान किया कि 20 सितंबर को रोड जाम किए जाएंगे, वहीं 25 सितंबर को पूरा भारत बंद किया जाएगा। किसानों के बंद और चक्का जाम के ऐलान को देखते हुए गृहसचिव ने प्रदेश के सभी जिला उपायुक्तों व पुलिस अधीक्षकों को तत्काल प्रभाव से जिला मुख्यालयों पर तैनात होने के निर्देश जारी कर दिए हैं। सरकार के निर्देशों पर कई जिलों में टोल प्लाजा तथा मुख्य सड़कों पर पुलिस ने नाकाबंदी कर दी है। पत्रकारों से बातचीत करते हुए गुरनाम सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा 3 नए कानून लाए जा रहे हैं, वो किसानों के हित में नहीं हैं। गुरनाम सिंह ने बताया कि न्यूनतम समर्थन मूल्य, किसान कर्जामुक्ति को लेकर पूरे देश में किसान आंदोलन कर रहे हैं। उन्होंने यूनियन की भविष्य की रणनीति भी बताई, वहीं कहा कि डिप्टी सीएम दुष्यंत सिंह चौटाला में अगर थोड़ी भी शर्म बाकी है तो उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए।

### किसानों से ज्यादा प्यारी है कुर्सी : सुरजेवाला



कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला ने ट्वीट किया, दुष्यंत जी हरसिमरत कौर बादल की तरह आपको भी कम से कम उप-मुख्यमंत्री के पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। आपको किसानों से ज्यादा अपनी कुर्सी प्यारी है। इसी तरह राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने भी ट्वीट के जरिये सवाल किया है कि जब पंजाब के सब दल किसान के पक्ष में हो सकते हैं, तो हरियाणा भाजपा-जजपा क्यों नहीं।

### बादल और चौटाला परिवार में है पुरानी मित्रता

दरअसल, पंजाब के अग्रणी राजनेता बादल परिवार और हरियाणा के चौटाला परिवार में पुरानी मित्रता है। लोकसभा में कृषि विधेयकों का विरोध करते हुए सुखबीर बादल ने दुष्यंत के परदादा चौधरी देवीलाल को भी याद किया और उन्हें महान किसान नेता बताया। हरियाणा में भाजपा और दुष्यंत की पार्टी जजपा की सरकार है। दुष्यंत चौटाला की पार्टी को किसानों का समर्थन मिलता है, ऐसे में चौटाला के लिए किसानों की मांगों की उपेक्षा करना आसान नहीं होगा। कुछ दिन पहले कुरुक्षेत्र के पीपली में विरोध जता रहे किसानों पर लाठीचार्ज को लेकर जजपा की तरफ से बयान जारी किया गया है। दुष्यंत के छोटे भाई और जजपा नेता दिग्विजय चौटाला ने कहा कि जजपा उन किसानों से माफी मांगती है, जिन पर लाठियां चलाई गई।

### इनेलो ने किया किसानों का समर्थन



इनेलो नेता अभय चौटाला ने किसानों द्वारा रविवार को किए चक्का जाम का इनेलो की तरफ से समर्थन करने का ऐलान कर दिया है। अभय चौटाला ने शनिवार को जारी एक जानकारी में बताया कि उन्होंने रविवार को अपने सभी कार्यक्रम रद्द कर दिए हैं। इनेलो पार्टी द्वारा किसान आंदोलन के समर्थन में प्रदेश के हर जिले में पार्टी पदाधिकारियों की जिम्मेदारी लगा दी गई है। उन्होंने कहा कि जब तक भाजपा सरकार किसानों पर लगे झूठे मुकदमे वापस नहीं लेती और इन तीनों अध्यादेशों पर रोक नहीं लगाती तब तक किसानों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर ये लड़ाई जारी रहेगी।

-राइट विजन-

## नियम तोड़ने वालों पर सख्ती बरतने से जीतेंगे कोरोना की जंग : संदीप

कोरोना वायरस हमारी नाक, मुंह और आंखों के रास्ते शरीर में प्रवेश करता हैं। यदि वायरस नाक के रास्ते शरीर में गया तो वह ज्यादा खतरनाक साबित हो सकता है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को सरकार द्वारा जारी गाइडलाइंस का पालन करना चाहिए। मास्क का उपयोग हमेशा सही तरीके से करना चाहिए। जानबूझ कर नियम तोड़ने वाले लोगों की वजह से ही कोरोना वायरस तेजी के साथ फैल रहा है। इसलिए सरकार को सख्त नियम बनाने होंगे। ये कहना है कि हाईक्लास ओवरसीज कंपनी के एमडी संदीप गर्ग का। श्रीगर्ग की कंपनी रामजन्म भूमि पर बनने वाले मंदिर के पत्थरों को साफ करने का काम कर रही है। **पेश है पायनियर के वरिष्ठ संवाददाता राजेश दास और संदीप गर्ग की बातचीत के कुछ अंश :-**



**जीवन परिचय**

**नाम** : संदीप गर्ग
**जन्मदिन** : 11 नवंबर
**पिता** : स्वर्गीय डीएस गर्ग
**माता** : स्वर्गीय चंद्रकांता गर्ग
**पत्नी** : सविता गर्ग
**परिवार** : बेटी दृष्टि व बेटा लक्ष्य
**स्कूल** : 12 वीं - सेंट्रल स्कूल, फरीदाबाद
**उच्चशिक्षा** : बीटेक - वाईएमसीए, फरीदाबाद
**रूचि** : नई नई चीजें इजाद करना

**सवाल : शिक्षा के बाद आपने कॅरियर की शुरूआत कैसे की।**
**जवाब** : वर्ष 1986 में बीटेक करने के बाद मैने दिल्ली की एक कंपनी में काम करना शुरू किया, लेकिन दो महीने बाद ही नौकरी छोड़कर अपना काम शुरू कर दिया।

**सवाल : आपने किस तरह का बिजनेस शुरू किया।**
**जवाब** : शुरू में हमने केबल की ट्रेडिंग का काम शुरू किया था, लेकिन कुछ समय बाद डिस टीवी के उपकरण बनाने शुरू कर दिए। वर्ष 1991 में बेटी दृष्टि के नाम से कंपनी की शुरू कर दी। वर्ष 1998 में कंपनी भाई प्रदीप गर्ग को सौंप दी। खुद आरएनडी के काम में जुट गए।

**सवाल : इस दौरान आपने क्या नई-नई चीजें ईजाद कीं।**
**जवाब** : वर्ष 1999 में बैंगलोर और चेन्नई की टीम के साथ मिलकर हमने सबसे पहले सेटअप बॉक्स तैयार किया, लेकिन सरकार ने इस लागू नहीं किया। जिसके कारण यह प्रोजेक्ट हमने बाहर की कंपनी को सौंप दिया। डिजाइन करने के शोक की वजह से मैं स्टील डिजाइन, इंटीरियर, केमिकल और हेल्थ आईटी के क्षेत्र में काम करने के लिए वर्ष 2006 में हाईक्लास ओवरसीज कंपनी स्थापित।

**सवाल : क्या अयोध्या के राममंदिर के निर्माण में भी आपकी कंपनी भूमिका अदा कर रही है।**
**जवाब** : हमने केमिकल के क्षेत्र रिसर्च करते हुए 23 केमिकल विकसित किए हैं। ये केमिकल विदेशी केमिकलों से पांच गुणा अच्छे और पांच गुणा सस्ते हैं। हम राममंदिर के पत्थरों को केमिकल से साफ करने का काम कर रहे हैं। रामशिलाएं वर्ष 1991 से पड़ी होने की वजह से काली पड़ चुकी थीं। हमारे बेतरीन काम को देखते हुए अन्य ऐतिहासिक मंदिरों की तरफ से पत्थरों की सफाई की पेशकश मिल रही है।

**सवाल : लॉकडाउन में आपने जरूरतमंदों की कैसे मदद की।**
**जवाब** : मैने आरएसएस के साथ मिलकर और अपने स्तर पर जरूरतमंदों की मदद के लिए हर सम्भव प्रयास किए। अस्पताल के डाक्टरों और स्टाफ को कोरोना से बचाने के लिए मैने हॉस्पीकेप सॉफ्टवेयर तैयार कर सभी को नि:शुल्क दिया। इस सॉफ्टवेयर से अस्पताल का काम पेपरलैस हो जाता है।

**सवाल : वर्तमान स्थिति में हम कोरोना से कैसे जीत सकते हैं।**
**जवाब** : हमने लोगों को कोरोना से बचाने के लिए सेनिटाइजर ऑयल बनाया है। इस ऑयल को हाथों और शरीर पर लगाने से सम्पर्क में आते ही कोरोना वायरस नष्ट हो जाता है। इस तेल का व्यक्ति पर करीब आठ घंटे तक असर रहता है। हमने मान्यता के लिए इसे आईसीएमआर के पास भेजा था। लेकिन उन्होंने रूचि नहीं दिखाई।

**सवाल : जानबूझ कर नियम तोड़ने वालों को क्या संदेश देना चाहते हैं।**
**जवाब** : ऐसे लोग अपने साथ परिवार और समाज को भी खतरे में डाल रहे है। नियमों तोड़ने वालों से सख्ती से निपटने की जरूरत है।

**सवाल : क्या लॉकडाउन ठीक समय पर हुआ था।**
**जवाब** : सरकार ने ठीक समय पर कदम उठाया था। इस दौरान सरकार ने लोगों को जागरूक भी कर दिया और बीमारी से निपटने के लिए अपनी सभी तैयारियां भी पूरी कर ली।

संक्षिप्त समाचार

## भाजपा ने किसानों के साथ किया विश्वासघात : मनोज अग्रवाल

पायनियर समाचार सेवा। बल्लभगढ़

**विधानसभा** क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता मनोज अग्रवाल ने भाजपा सरकार द्वारा लाए गए किसान विरोधी अध्यादेशों के खिलाफ अपनी प्रतिक्रिया जाहिर करते हुए कहा की भाजपा की तानाशाही सरकार में किसानों से अध्यादेशों के खिलाफ आवाज उठाने का संवैधानिक अधिकार छीना जा रहा है। किसानों पर प्रदर्शन करने पर लाठी बरसाई जा रही है। भाजपा सरकार काले अध्यादेशों के खिलाफ किसानों की आवाज को कुंद कर देना चाहती है। कृषि विधेयक में ऐसा एक क्लॉज नहीं है, जिससे किसानों को संरक्षण मिल सके। सारे क्लॉज जो हैं, वो ये हैं कि पूंजीपति लोग कैसे आज की तारीख में बिना किसी रेगुलेशन के, बिना किसी सुपरविजन के कैसे देश के किसानों को और शोषित करें। अनाज मंडी-सब्जी मंडी को खत्म करने से 'कृषि उपज खरीद व्यवस्था' पूरी तरह नष्ट हो जाएगी। ऐसे में किसानों को न तो 'न्यूनतम समर्थन मूल्य' मिलेगा और न ही बाजार भाव के अनुसार फसल की कीमत। देश के मजदूर-किसान व कांग्रेस पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता 'सड़क से संसद तक' इन काले कानूनों के खिलाफ निर्णायक संघर्ष लड़ेंगे। हमारी बुलंद आवाज को बहुमत की गुंडागर्दी से नहीं दबाया जा सकता।



हमारा हरियाणा एक कृषि प्रधान प्रदेश है और हमारे किसानों के अधिकारों की रक्षा के लिए हरीयाणा कांग्रेस कृतसंकल्पित है, इसी कड़ी में हरीयाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अध्यक्षा कुमारी सैलजा के नेतृत्व में आगामी 21 सिंतबर को प्रदेशभर में धरने, प्रदर्शन के माध्यम से अन्नदाताओं की आवाज को बुलंद करने के लिए जिला उपायुक्त के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौपें जाएंगे। उन्होंने सभी प्रदेशवासियों से कहा कि इस विरोध प्रदर्शन में ज्यादा से ज्यादा संख्या में शामिल हो कर देश की भविष्य को बचाने में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें।

## स्लेजहैमर ने जीता नौ विकेट से मैच



**फरीदाबाद।** पहले रविंद्र फागना टी-20 क्रिकेट लीग मैच में स्लेजहैमर फाउंडेशन क्रिकेट अकेडमी (फरीदाबाद) ने अयाज़ क्रिकेट अकेडमी (फरीदाबाद) को नौ विकेट से हराया। यह मुकाबला रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी स्थित मैदान पर खेला गया। बीबीसीआई कोच धर्मेंद्र फागना ने बताया कि यह मैच 20-20 ओवर का था। स्लेजहैमर फाउंडेशन क्रिकेट अकेडमी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाज़ी करने का निर्यण लिया। अयाज क्रिकेट अकैडमी (फरीदाबाद) की ओर से बल्लेबाजी करते हुए टीम ने 19 ओवर में 10 विकेट पर 55 रन बनाए। टीम की और बल्लेबाजी करते हुए आंचल सिंघला ने 19 रन, वैभव सिंह ने 12 रन, वसीम और अनिक गॉर्ड ने 6-6 रन बनाए। स्लेजहैमर फाउंडेशन क्रिकेट अकेडमी की ओर से गेंदबाजी करते हुए उदित मोहन ने 3 विकेट, दीपक शर्मा और दिलीप ने 2-2 विकेट, कुलदीप ठाकुर और प्रदीप मोहंती ने 1-1 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए स्लेजहैमर फाउंडेशन क्रिकेट अकेडमी की टीम ने 5 ओवर और 1 विकेट में 58 रन बनाकर लक्ष्य को हासिल किया। टीम की ओर से बल्लेबाज़ी करते हुए इदरिश सैफी ने 26 रन, उदित मोहन ने 14 रन, राहुल यादव ने 3 रन बनाए। अयाज क्रिकेट अकेडमी की ओर से गेंदबाज़ी करते हुए आंचल सिंघला ने 1 विकेट लिया। द्रेवेंद्र भड़ाना और योगेश एंपायर (रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी) के द्वारा दीपक शर्मा (स्लेजहैमर फाउंडेशन क्रिकेट अकैडमी) को मैन ऑफ दा मैच का पुरस्कार दिया गया।

## जेल में मानसिक स्वास्थ्य शिविर का किया शुभारंभ

**फरीदाबाद।** जिला जेल फरीदाबाद में मेंटल हेल्थ फाउंडेशन दिल्ली ने कोरोना महामारी के समय जेल में बंद बन्दियों व जेल स्टाफ को रखने वाली सावधानियां एवं मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभाव के बारे में दो दिन का जागरूकता शिविर लगाया गया। जिसमें सोशल डिस्टेंसिंग रखते हुये 30 अधिकारियों, कर्मचारियों और चुनिन्दा बन्दियों ने भाग लिया। इस शिविर का संचालन अखिल भारतीय आयुर्विजान संस्थान दिल्ली के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. विनीत भार्गव एवं उनकी सहयोगी डॉ. जिज्ञासा शर्मा द्वारा किया गया। जेल अधीक्षक जयकिशन छिल्लर द्वारा डॉ. विनीत भार्गव एवं उनकी सहयोगी डॉ. जिज्ञासा शर्मा चिकित्सा अधिकारियों का स्वागत किया गया। जयकिशन छिल्लर द्वारा इस शिविर की अनुमति के लिये महानिदेशक कारागार, हरियाणा के. सेल्वराज भापुसे का आभार प्रकट किया। डॉ. विनीत भार्गव द्वारा जेल के अधिकारियों, कर्मचारियों तथा जेल के कुछ चुनिन्दा कैदियों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण प्राप्त करने उपरान्त जेल अधिकारी, कर्मचारी तथा बंदी मानसिक रूप से तनावग्रस्त कमजोर बन्दियों की पहचान, उनकी जरूरी जानकारी जुटायेंगे। उसे एक प्रोफार्मा में भरेंगे। ऐसे बन्दियों का इलाज एम्स के चिकित्सक, तथा सिविल हस्पताल से आने वाले काउंसलर व मनोरोग चिकित्सक साप्ताहिक या 15 दिनों में जेल पर आकर करेंगे। जिससे बन्दियों को मानसिक रूप से स्वस्थ रखने में मदद मिलेगी।

**शहर का तापमान**
- अधिकतम 37.03 डिग्री सेल्सियस
- न्यूनतम 27.05 डिग्री सेल्सियस

**शहर में आज**
- महाराजा अग्रसेन भवन सेक्टर-19 में रक्तदान शिविर : सुबह 9 बजे
- बीके चौक पर आशा वर्करों का धरना जारी: सुबह 10 बजे
- सेक्टर-12 में पीटीआई टीचरों का धरना प्रदर्शन: सुबह 11 बज

**निवेश गुरु**

### मध्य बाजार की कंपनियों पर फोकस

मैडिसन इंडिया मध्य-बाजार की प्रगतिशील कंपनियों पर ध्यान केंद्रित करती है, जिसमें आम तौर पर 10 मिलियन डॉलर से लेकर 100 मिलियन डॉलर तक के कुल उद्यम मूल्य की कंपनियां शामिल हैं जिनके पास प्रति वषज़् दोहरे अंक की दरों पर आय में वृद्धि करने की क्षमता मौजूद है. मध्य-बाजार निवेशकों को असाधारण रिटनज़् के लिए अवसर प्रदान करता है जबकि एक प्रगतिशील कंपनी अपेक्षाओं से कहीं आगे निकल जाती है।

**यूटीलिटी न्यूज**

### 4 मंडल अध्यक्षों की घोषणा

**फरीदाबाद।** भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष गोपाल शर्मा ने पार्टी के प्रदेश हाई कमान के दिशा निर्देशानुसार फरीदाबाद एनआईटी विधानसभा से चारों मंडल अध्यक्षों को नियुक्ति किया गया है जिसमे जवाहर कॉलोनी से दिगपाल सिंह रावत,डबुआ,पाली मंडल से शमशेर सिंह रावत, डबुआ कोलोनी से संजीव सोम को एवं कविन्द्र चौधरी को नंगला मंडल से पुन: मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वही, नंगला मंडल से कविन्द्र चौधरी, और डबुआ मंडल अध्यक्ष संजीव सोम को पार्टी ने पुन: संगठन में कार्य करने की जिम्मेदारी दी है। पार्टी के जिलाध्यक्ष गोपाल शर्मा ने नव नियुक्त मण्डल अध्यक्षों की नियुक्ति की जानकारी पत्रकारों को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी है। शर्मा ने बताया हैं कि मुझे पूरा विश्वास है।

**क्विक न्यूज**

### जेल वैन पर हमले का आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच सेक्टर 48 ने गुरुग्राम पुलिस की प्रिजन वैन पर हमला करने वाले एक और अन्य आरोपी सोनीपत निवासी मनजीत उर्फ मोटा को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल हुई है। गत 1 फरवरी को आरोपी मनजीत ने नरेश सेठी व उसके साथियों के साथ मिलकर गुरुग्राम पुलिस की प्रिजन वैन पर गुरुग्राम फरीदाबाद रोड पर गुरुग्राम जाते समय रस्ते में हमला कर संदीप उर्फ काला को छुड़ा कर फरार हो गए थे। जिस संबंध में आरोपियों के खिलाफ मामला थाना डबुआ में दर्ज किया गया था। उपरोक्त घटना में नरेश सेठी एवं उनके कई अन्य साथियों को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। आरोपी मनजीत अपराधिक प्रवृत्ति का है जोकि पहले भी जेल जा चुका है।

# बारूद के ढेर पर रह रहे शहर के बाशिंदे

## नगर निगम की लापरवाही से रिहायशी इलाकों में चल रही फैक्ट्रियां

**स्मार्ट सिटी**

राजेश दास। फरीदाबाद

**नगर** निगम की लापरवाही के कारण स्मार्ट सिटी में रहने वाले लोग यानी कि बाशिंदे बारूद के ढेर पर बैठे हुए हैं। शहर के रिहायशी इलाकों में वर्षों से भारी संख्या में अवैध रूप से फैक्ट्रियां चलाई जा रही हैं, लेकिन नगर निगम के अधिकारियों को इस बारे में पता ही नहीं हैं। इनमें से ज्यादातर फैक्ट्रियों में रबड़ और केमिकल से संबंधित काम किया जाता है। फैक्ट्री संचालकों के पास न तो किसी विभाग द्वारा जारी एनओसी है और न ही उनके पास आग से निपटने के लिए अग्निशमन उपकरण। फायर ब्रिगेड की तरफ से भी रिहायशी इलाकों में अवैध रूप से चल रही इन फैक्ट्रियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जाती। ताजा मामले में एनएच तीन जी ब्लॉक में अवैध रूप से चल रही एक फैक्ट्री में शनिवार दोपहर को भयानक आग लग गई। घटना के दौरान फैक्ट्री में करीब पांच दर्जन लोग काम कर रहे थे। अन्य लोगों को तो सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, लेकिन दो मजदूर झुलस गए हैं।

सिटी इश्यू



फोटो : राजेश पुंजानी

### भयानक आग से दहशत



शहर में रहने वाले तिलक गांधी एनएच-तीन जी ब्लॉक में जीटेक के नाम से अपनी फैक्ट्री चलाते हैं। उनकी कंपनी में इलेक्ट्रॉनिक आयटम और बर्नर बनाने का काम किया जाता है। कंपनी में करीब पांच दर्जन से ज्यादा मजदूर काम करते हैं। अन्य दिनों की तरह शनिवार को भी सभी मजदूर अपना-अपना काम कर रहे थे। उसी दौरान दोपहर करीब साढ़े 12 बजे अचानक कंपनी के एक हिस्से में आग लग गई। आग लगते ही काम कर रहे मजदूरों में भगदड़ मच गई। थोड़ी ही देर में आग ने पूरी कंपनी को अपनी चपेट में ले लिया। इस दौरान ज्यादातर मजदूरों ने भाग कर अपनी जान बचा ली। लेकिन एक दर्जन से ज्यादा मजदूर अंदर ही फंसे रह गए। इस दौरान कंपनी से उठ रही आग की ऊंची लपटों के साथ तेज धमाकों की आवाज भी आ रही थी। सूचना मिलने पर पुलिस और फायर ब्रिगेड ने मौके पर पहुंच कर बचाव कार्य शुरू कर दिया। फैक्ट्री के अंदर फंसे अन्य लोगों को तो सुरक्षित निकाल लिया गया, लेकिन मामूली रूप से झुलसने और धुंए की चपेट में आने दो मजदूर बेहोश हो गए। जिन्हें बीके अस्पताल में दाखिल कराया गया है।

### जीवन से खिलवाड़



शिक्षाविद् नरेंद्र परमार ने कहा कि निगम की लापरवाही से शहर के रिहायशी इलाकों में अवैध रूप से चल रही फैक्ट्रियां लोगों के जीवन के साथ खिलवाड़ हैं। इन फैक्ट्रियों में अक्सर आग लगने की घटनाएं भी होती रहती है। ऐसे में शहर में कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है।

### लाचार फायर ब्रिगेड



समाजसेवी अनीशपाल का कहना है कि आग लगने की घटना के दौरान नगर निगम का फायर ब्रिगेड हमेशा से ही लाचार दिखता है। फायर ब्रिगेड के पास संसाधनों का भारी अभाव है। शहर की आबादी के हिसाब फायर ब्रिगेड को अत्याधुनिक उपकरण उपलब्ध करवाने चाहिए।



### जर्जर फायर ब्रिगेड

25 लाख की आवादी वाले शहर की फायर ब्रिगेड पिछले लंबे समय से विभिन्न समस्याओं से जूंझ रहा है। औद्योगिक नगरी होने के कारण आए दिन शहर के किसी न किसी हिस्से में आग लगने की घटनाएं भी होती रहती है। शहर के रिहायशी इलाके में खुले में चल रहे कबाड़े के गोदामों में आए दिन आग लगती रहती है। इसके अलावा दीपावली के आसपास और गर्मी के मौसम में आग लगने की घटनाएं काफी तेजी के साथ बढ़ने लगती है। लेकिन सब कुछ जानने के बाद भी नगर निगम के अधिकारी फायर ब्रिगेड की तरफ ध्यान देने की जरूरत महसूस नहीं कर रहे है। जिसके कारण जिले की फायर ब्रिगेड की हालत दिन पर दिन बदतर होती जा रही है। यहां तक नगर निगम के पार्षदों ने भी सदन की बैठक में फायर ब्रिगेड के मुद्दे को कभी भी प्रमुखता के साथ रखने का प्रयास नहीं किया। जिसके कारण जब तक फायर ब्रिगेड की गाड़ी घटनास्थल तक पहुंचती है, तब तक ज्यादातर संपत्ति जल कर नष्ट हो जाती है।



### सैंकड़ों कारखाने और गोदाम

नियमों के मुताबिक किसी भी रिहायशी कालोनी अथवा सेक्टर में कारखाना नहीं चलाया जा सकता, लेकिन शहर भर में रिहायशी इलाकों में सैंकड़ों की संख्या में कारखाने चलाए जा रहे हैं। बीती वर्ष फरवरी में हाईकोर्ट ने रिहायशी इलाकों में चल रही व्यवसायिक गतिविधियों को बंद करवाने के आदेश दिए थे। कोर्ट ने आदेश में कार्रवाई कर 20 मार्च 2019 को रिपोर्ट पेश करने के लिए कहा था, लेकिन उस समय निगम ने खानापूर्ति कर अपना कर्तव्य पूरा कर दिया था। निगम क्षेत्र में सेक्टर 24, 25, 27, 10, 6 और एनआईटी औद्योगिक क्षेत्र मौजूद हैं, लेकिन इन औद्योगिक क्षेत्रों में जितनी फैक्ट्रियां चल रही हैं, उससे ज्यादा संख्या में कारखाने रिहायशी इलाकों में चल रहे हैं। कई कारखाने से तो ऐसी संकरी गलियों में चल रहे हैं, जहां फायर ब्रिगेड भी नहीं पहुंच पाती। इसके अलावा शहर के विभिन्न रिहायशी इलाकों में कबाड़े के गोदाम तक चलाए जा रहे हैं। जहां भारी मात्रा में रबड़, टायर और अन्य ज्वलनशील पदार्थो को स्टॉक किया जा रहा है। इन कारखानों और गोदाम संचालकों के पास फायर ब्रिगेड की एनओसी तो दूर आग बुझाने के उपकरण तक मौजूद नहीं हैं।

## चंद दिन दिखावे के बाद अस्थाई साइकिल ट्रेक गायब

### अस्थाई ट्रेक बनाने के लिए लगाए गए कॉन एक-एक करके हो गए गायब

कविता। फरीदाबाद



**पिछले** दिनों स्मार्ट सिटी लिमिटेड की तरफ से साईकिल सवार मजदूरों के लिए सुरक्षित सफर सुनिश्चित करने के लिए साइकिल ट्रेक बनाने की योजना तैयार हुई थी। जिसके तहत बल्लभगढ़ फ्लाईओवर के पास से सेक्टर-55 से सेक्टर-24 सोहना रोड़ तक 1.3 किलोमीटर का अस्थाई साईकिल ट्रैक कॉन की मदद से तैयार किया था। इस ट्रेक पर सिर्फ साइकिल सवारों को ही आने-जाने की इजाजत थी। इस ट्रेक पर अन्य वाहन चालकों को घुसने से रोकने के लिए ट्रैफिक पुलिसकर्मी और रोड सेफ्टी आर्गनाइजेशन के सदस्यों की ड्यूटी सुबह और शाम लगाई गई थी। चंद दिनों का दिखावा करने के बाद अस्थाई साइकिल ट्रेक का खत्म कर दिया गया है। सोहना रोड पर अस्थाई ट्रेक बनाने के लिए लगाए गए कॉन एक-एक करके गायब हो गए।

**साईकिल ट्रेक की तैयारी**

सेक्टर-24, 25, 56 और 58, बल्लभगढ़ में औद्योगिक इकाईयों में काम करने वाले अधिकांश मजदूर आज भी साइकिल से काम पर आते जाते हैं। लेकिन सोहना रोड पर लगने वाले जाम और हैवी वाहनों की आवाजाही के कारण उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कभी-कभी तो सड़क पर उन्हें अपनी जान तक गवानी पड़ जाती थी। साइकिल सवारों का सुरक्षित सफर सुनिश्चित करने के लिए स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत औद्योगिक क्षेत्र की ओर आने जाने वाली सड़कों पर साईकिल ट्रेक बनाने की योजना तैयार की गई थी। योजना के तहत शुरूआत में ट्रायल के तौर पर सोहना रोड पर अस्थाई साइकिल ट्रैक तैयार किया था।

**मिट्टी में मिला सपना**

अस्थाई साइकिल ट्रेक से जहां पिछले दिनों साइकिल सवारों को आने जाने में काफी हद तक राहत मिली थी। यदि यह प्रयोग पूरी तरह सफल होने पर स्मार्ट सिटी ने स्थाई साइकिल ट्रेक बनाने की योजना बनाई थी। लेकिन यह योजना सिरे चढ़ने से पहले ही खटाई में पढ़ गई।

स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा तैयार किया गया यह अस्थाई साइकिल ट्रेक करीब 15 दिन पहले अचानक से गायब हो गया। जिससे अब एक बार फिर से साइकिल सवार ट्रेक की बजाय सड़क पर चलने को मजबूर हो गए। जबकि स्मार्ट सिटी की तरफ से शहर में साइकिल ट्रेक बनाने के लिए पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर सेक्टर 55 रेडलाइट से सेक्टर 24 सोहना बल्लभगढ़ फ्लाईओवर तक चयनित किया गया था, लेकिन अब यहां ऐसा कुछ भी नहीं है।

**गुमशुदा की तलाश**



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अंजली पुत्री श्री दिनेस दास निवासी गांव मदरपुरा थाना केसर जिला औरंगाबाद बिहार हाल मकान न. 3650 नियर हनुमान मन्दिर नेहरू कालोनी एनआईटी फरीदाबाद। जो अपने बच्चों राधा उम्र 6 वर्ष व रिया उम्र 2 वर्ष सहित दिनांक 04-09-2020 से अपने घर से चली गई हैं। जो नेहरू कालोनी एनआईटी फरीदाबाद से लापता है। मुकद्दमा न. 373 दिनांक 19.09.2020 यू/एस 346 आईपीसी पीएस डबुआ फरीदाबाद। हुलिया- रंग गेहुआ, लम्बूतरा चेहरा, हल्का शरीर, कद 4 फिट 6 इंच, उम्र 22 वर्ष है जिसने नीले रंग की जीन्स व सफेद रंग की टी-शर्ट व पैरो में हवाई चप्पल पहने हुए है। सूचना मिलने पर निम्न लिखित नम्बरों पर सूचित करें।
एसएचओ डबुआ फरीदाबाद - 9582200155, इंचार्ज, सैनिक चौकी - 9582200161

स्लेजहैमर समूह की एक और बड़ी पहल
फ्री एम्बुलेंस सेवा



इस सेवा का लाभ आर्थिक रूप से कमजोर, असहाय लोगों को दिया जा रहा है।
जरूरतमंद फ्री एम्बुलेंस के लिए फोन करें।
9899885190
9899882050
SledgeHammer | SLEDGEHAMMER CRICKET ACADEMY | पायनियर

## जागरूकता की कमी

# कोरोना योद्धाओं को भी नहीं मिल रहे अब प्लाज्मा डोनर

कविता। फरीदाबाद

**जिले** में कोरोना को मात दे चुके ज्यादातर लोग प्लाजा डोनेट करने को अब आगे नहीं आ रहे हैं। ऐसे में कोरोना पीड़ित प्लाज्मा के अभाव में बीमारी से जुझ रहे हैं। ईएसआई डिस्पेंसरी की एक चिकित्सक के लिए प्लाज्मा दिल्ली के एक अंजान व्यक्ति ने डोनेट किया, लेकिन चिकित्सक अभी भी जिंदगी और मौत के बीच वेंटिलेटर पर है। ईएसएसआई डॉक्टर एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. अखिल महाजन ने उच्च अधिकारियों को पत्र लिखकर मांग की है कि कोरोना योद्धाओं को इस बीमारी के दौरान प्लाज्मा मुफ्त में बिना किसी डोनर के दिया जाए।

**डोनर का इंतजाम करे सरकार**

डॉ. अखिल महाजन का कहना है कि जिले में करीब 15000 लोग कोरोना को मात दे चुके हैं, लेकिन चिकित्सक जब पॉजिटिव होते हैं तो उनके लिए डोनर बड़ी मुश्किल से मिलता है। ऐसे में चिकित्सकों को डोनर की आवश्यकता न हो इसका इंतजाम सरकार को करना चाहिए।



**दो प्रतिशत डोनर ही आगे आए**

जिले में कोरोना के मरीजों की संख्या का आंकड़ा 18000 के करीब पहुंच गया। वहीं दूसरी तरफ ठीक होने वालों की दर जिले में 88.4 प्रतिशत (15 हजार से ऊपर)पर है। लेकिन अभी तक जिले में ठीक होने वाले लोगों में से दो प्रतिशत लोग (करीब 300 के आसपास) ही प्लाज्मा डोनेट को आए गए है।

**लोगों में है ये भय**

ब्लड मोटीवेटर उमेश अरोड़ा ने बताया कि अभी तक करीब 300 लोग ही प्लाज्मा डोनेट को आगे आये हैं। जिसमें ईएसआई अस्पताल में 90 डोनर ने प्लाज्मा डोनेट किया है। लोगों को जागरूक करने के दौरान पता चला कि उनके मन में प्लाज्मा दान करने को लेकर भ्रांतियां हैं। साथ कुछ लोग यह सोच कर देने से कतरा रहे हैं कि यदि परिवार में किसी को कोरोना हुआ तो उन्हें प्लाज्मा के लिए चक्कर काटने पड़ेंगे।

वेंटिलेटर पर पड़े चिकित्सक के लिए उन्हें दिल्ली से एक व्यक्ति को प्लाज्मा डोनेट के लिए बुलाया गया।

**बनाया जाए ऐसा नियम**

डॉ. अखिल महाजन ने कहा कि ठीक होने वाले मरीजों के लिए सरकार नियम बनाए। उनके कॉन्टैक्ट नम्बर रखे, उन्हें प्लाज्मा डोनेट के लिए जागरूक करें। ताकि समय पड़ने पर मरीजों की जान बचाई जा सके।

## कोरोना से दो मौतें, 290 पॉजटिव से आंकड़ा 17,558

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**यह है आंकड़ा**

| | |
|---|---|
| अब तक कुल सैम्पल | 179892 |
| अब तक रिपोर्ट नेगेटिव | 162054 |
| रिपोर्ट आनी शेष | 280 |
| अब तक पॉजिटिव आये | 17558 |
| अब तक कुल ठीक हुए | 15526 |
| अब तक कुल मौत | 203 |
| गंभीर हालत में भर्ती | 57 |
| आईसीयू में भर्ती | 11 |

**जिले** में कोरोना के मरीजों की संख्या हर रोज तेजी के साथ बढ़ रही है। शनिवार को 290 कोरोना के मरीजों के सामने आने से जिले में कोविड-19 का आंकड़ा 17,558 पर पहुंच गया है। वहीं कोरोना पीड़ित दो मरीजों की मौत होने से मृतकों की संख्या का आंकड़ा 203 पर पहुंच चुका है। जिले में कोरोना की जंग जीतने वालों की संख्या भी लगातार बढ़ रही है। पिछले 24 घंटे में 276 लोगों ने कोरोना की जंग जीत ली है। जिससे जिले कोरोना का रिकवरी रेट 88.4 प्रतिशत पर पहुंच गया है।

**मृतक और पॉजिटिव**

जिले में कोरोना पॉजिटिव दो लोगों की मौत हो गई। जिसमें सेक्टर-19 निवासी 75 वर्षीय एक महिला और जवाहर कालोनी निवासी 39 वर्षीय एक पुरूष शामिल था। दोनों मृतको को कोरोना के साथ अन्य गंभीर रोग भी थे। वहीं 290 पॉजिटिव में भारत कालोनी, सेक्टर-30, अमर नगर, खेड़ी कला, जीवन नगर, शिव कालोनी, ऊंचा गांव, झाड़सैतली से 1-1 मरीज है। तिलपत, सेक्टर-55 से 2-2 मरीज है। सेक्टर-28, 19, चार्मवुड, दयालबाम, सुभाष कालोनी, स्प्रींग फिल्ड कालोनी, विजय नगर, सेहतपुर, नवादा से 3-3 मरीज है। सेक्टर-87, सूर्या नगर, संजय कालोनी, एनएच-पांच, तीन, एक, सेक्टर-37, 75, 14, 10, इंदिरा कालोनी, भूड कालोनी, सेक्टर-18, पर्वतीया कालोनी से 4-4 मरीज शामिल है। जवाहर कालोनी, सेक्टर-नौ, आदर्श नगर, त्रिखा कालोनी से 5-5 मरीज है। गौच्छी, सिही, ग्रीन फिल्ड कालोनी, सेक्टर- 8 से 6-6 मरीज है।

## संक्षिप्त समाचार

### जुआ खेलते तीन पकड़े

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच सेंट्रल ने फरीदाबाद के नहर पार इलाके में जुआ खेल रहे तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। तीनों आरोपी मुख्तार, अर्जुन, देवेंद्र थाना खेड़ी पुल इलाके के रहने वाले हैं। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी जुआ खेलने के आदी हैं जो की जगह बदल बदल कर जुआ खेलते हैं। क्राइम ब्रांच सेंट्रल ने आरोपियों को सूत्रों से मिली सूचना के आधार पर भारत कॉलोनी से जुआ खेलते हुए गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से आरोपियों के कब्जे से 41500 रुपए नगद और ताश के पत्ते बरामद किए हैं।

### डीएमसीसी ने जीता 8 विकेट से मैच



**फरीदाबाद।** छठां ऑल इंडिया रविंद्र फागना अंडर 17 क्रिकेट टूर्नामेंट में ड़ीएससीसी स्पोर्ट क्लब ने डब्लूसीएल क्रिकेट अकादमी को 8 विकेट से हराया। यह मुकाबला रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी स्थित मैदान पर खेला गया। बीबीसीआई कोच धर्मेंद्र फागना ने बताया कि यह मैच 40-40 ओवर का था। मैच में डब्लूसीएल क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाज़ी करने का निर्यण लिया। जिसमें बल्लेबाजी करते हुए टीम ने 26.2 ओवर में 10 विकेट पर 118 रन बनाए। टीम की और बल्लेबाजी करते हुए शहान ने 36 रन, जमी खान ने 35 रन और रेहान ने 16 रन बनाए। डीएससीसी स्पोर्ट क्लब की ओर से गेंदबाजी करते हुए वैभव कुमार और भव्या कक्कड़ ने 3-3 विकेट, लक्ष्य अग्रवाल और वैभव शर्मा ने 1-1 विकेट लिए। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए ड़ीएससीसी स्पोर्ट क्लब की टीम ने 18.4 ओवर 2 विकेट में 119 रन बनाकर जीत हासिल की। टीम की और से बल्लेबाजी करते हुए देव दुबे ने 65 रन, अदित्या शर्मा ने 32 रन और म.कैफ ने 10 रन बनाए। डब्लूसीएल क्रिकेट अकादमी की और से गेंदबाजी करते हुए मोनू चौधरी और साहिल ने 1-1 विकेट लिए। लाखन उम्पैर (रविंद्र फागना क्रिकेट अकैडमी) के द्वारा देव दुबे को मैन ऑफ दा मैच का पुरस्कार दिया गया।

### अध्यक्षों का हुआ स्वागत



**फरीदाबाद।** जननायक जनता पार्टी फरीदाबाद के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष तेजपाल डागर व शहरी जिलाध्यक्ष अरविंद भारद्वाज का राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य धर्मवीर सिंह तेवतिया जिला प्रवक्ता अनिल खुटैला,हलका अध्यक्ष पृथला सूरत चौहान, बल्लभगढ़ हलका अध्यक्ष अनिल भाटी, तिगांव युवा हलका अध्यक्ष भरत यादव ने फूलों के बुके देकर उनका स्वागत किया। तेजपाल डागर व अरविंद भारद्वाज ने बताया कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसे सभी साथियों को साथ लेकर निभाएंगे। जल्द ही नई जिला टीम को तैयार कर क्षेत्र में जननायक जनता पार्टी को मजबूत करने का काम करेंगे।

### मोटरसाइकिल लूट के आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** पुलिस कमिश्नर ओपी सिंह के दिशा निर्देश व डीसीपी क्राइम मक्सूद अहमद, अनिल कुमार सहायक पुलिस उपायुक्त अपराध के नेतृत्व में कार्य करते हुए उपनिरीक्षक राकेश सिंह प्रभारी अपराध शाखा सेक्टर-48 व उनकी टीम ने बुलेट मोटरसाइकिल लूट मामले को सुलझाते हुए दो आरोपियों को 24 घंटे में गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। मामला 16 सितंबर का है। शिकायतकर्ता नरेश पुत्र मदन सेक्टर-46 रोड पर जा रहा था तभी उसकी बाइक के आगे 5 नौजवान लड़कों ने 1 बाइक आगे और एक बाइक उसके पीछे लगा दी उसके बाद उसको डंडों व हेलमेट से मारपीट कर उसकी बुलेट बाइक व फोन छीन कर मौका से भाग गये थे जिस पर थाना सूरजकुंड में आरोपियों के खिलाड़ी मामला दर्ज किया गया था। मुकदमे में तत्परता दिखाते हुये अपराध शाखा सेक्टर-48 की टीम ने विशेष सूत्रों से मिली सूचना के माध्यम से आरोपी महेंद्र प्रताप उर्फ सौरभ निवासी पलवल को 17 सितम्बर को गिरफ्तार किया। उसको अदालत में पेश करके एक दिन का पुलिस रिमांड लिया गया। जिसकी निशानदेही पर 18 सितम्बर को इस मुकदमे में एक और आरोपी राम कुमार उर्फ ऋषभ निवासी पलवल को गिरफ्तार किया गया है। क्राइम ब्रांच ने आरोपियों से वारदात में लूटी हुई बुलेट मोटरसाइकिल एवं वारदात में प्रयोगशुदा एक मोटरसाइकिल को बरामद किया है। उपरोक्त मुकदमा में तीन अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है जिनको भी जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। गिरफ्तार दोनों आरोपियों को अदालत में पेश कर नीमका जेल भेजा गया।

### ट्रेड लाईसेंस और संपति कर सेवाएं हुई ऑनलाइन

**फरीदाबाद।** नगर निगम ने ट्रेड लाईसेंस सेवाओं को पूर्णतया पेपरलैस करने के बाद अब संपत्तिकर सेवाओं को भी ऑनलाइन कर दिया है, जिससे निगम क्षेत्र के 2 लाख 62 हजार से अधिक करदाता लाभान्वित होंगे और इससे निगम के राजस्व में भी अच्छी खासी बढ़ोत्तरी होगी। अब जो करदाता अपना संपत्ति कर घर बैठे जमा करवाना चाहते हैं, वे नगर निगम की इस ऑनलाईन सेवा का लाभ उठा सकते हैं। निगमायुक्त डा. यश गर्ग ने जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि निगम के कराधान व आईटी विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा निरंतर किए गए अत्याधिक परिश्रम के कारण यह कार्य सफल हो सका है। इस सेवा के तहत करदाता यदि अपना बकाया संपत्ति कर आगामी 31 अक्टूबर तक जमा करवाता है तो उसे वर्तमान वित्त वर्ष के संपत्ति कर पर 10 प्रतिशत की छूट के साथ-साथ कैशलैस अदायगी करने पर 1 प्रतिशत की छूट भी अतिरिक्त तौर से मिलेगी। इस सुविधा का लाभ लेने के लिए करदाताओं को अब नगर निगम के कार्यालयों में आने की जरूरत नहीं है। डा. यश गर्ग ने बताया कि हरियाणा सरकार के द्वारा गत 20 मई को जारी नीति के तहत जिन संपत्ति करदाताओं ने पिछले तीन सालों में प्रत्येक वर्ष अपना संपत्ति कर निर्धारित तिथि 31 जुलाई से पहले-पहले जमा करवाया है।

## सड़क सुरक्षा पर हुई कई प्रतियोगिताएं

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**एचएच**-तीन स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की जूनियर रेडक्रास और सैंट जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड ने शिक्षा विभाग के आदेशानुसार विद्यालय के प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचन्दा की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा के प्रति विशेष जागरूकता अभियान चलाया। छात्राओं को यातायात के नियमों का पालन करने के लिए ऑनलाइन जागरूकता अभियान चलाया। प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचन्दा ने कहा कि भारत में हर वर्ष सड़क दुर्घटना में लगभग डेढ़ लाख बहुमूल्य जिंदगियां जीवन से हाथ धो बैठती हैं। विद्यालय के प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचन्दा ने बताया कि जल्दी और तेजी के युग में कोई भी कहां और कब दुर्घटना का शिकार हो सकता है। इस पर गंभीरता से सोचने की जरूरत है, क्योंकि सड़क सुरक्षा में ही हम सब की सुरक्षा है और तभी हम सड़क दुर्घटनाओं पर काफी हद तक काबू पा सकते हैं। क्योंकि आज कोई भी सुरक्षित नहीं है। मनचन्दा, प्राध्यापिका जसनीत कौर, आशा वर्मा तथा संजय मिश्रा सहित समस्त स्टाफ ने पोस्टर मेकिंग, स्लोगन लेखन तथा निबंध लेखन प्रतियोगिता के विजेता बच्चो शिवानी, प्रीति, कनिका, खुशी, अनु, प्रियंका तथा कोमल को ई-सर्टिफिकेट प्रदान कर सम्मानित किया।

## रावल ने 25 रन से जीता मैच

**फरीदाबाद।** बड़खल स्थित पैरी क्रिकेट अकादमी के मैदान पर अंडर-14 वर्ग के अभ्यास मुकाबले में रावल क्रिकेट अकादमी ने पैरी क्रिकेट अकादमी को 25 रन से हराया। क्रिकेट कोच सुनील चौधरी ने बताया कि रावल क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए 35 ओवर में सात विकेट खोकर 205 रन बनाए। जिसमें विराट त्यागी ने 70 गेंदो पर आठ चौकों की मदद से 65 रन, अंशुल यादव ने 80 गेंदों पर सात चौकों की मदद से 61 रन और मोहित शर्मा ने 75 गेंदों की मदद से 63 रन बनाए। पैरी क्रिकेट अकादमी ओर से साहिल व प्रिस ने तीन-तीन विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए पैरी क्रिकेट अकादमी की टीम 180 रन पर आल आउट हो गई। सिद्धार्थ राय ने चार छक्कों की बदौलत 108 और मृदुल ने 40 रन बनाए। रावल क्रिकेट अकादमी की ओर से समीर, आदित्य राज, अंशुल तायल, कर्तव्य और निहाल ने दो-दो विकेट ली।

## एसओपी के प्रति जागरूकता के लिए हुई सेमिनार

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**उपायुक्त** यशपाल के दिशा-निर्देशानुसार कोविड-19 के कोऑर्डिनेटर डॉ. एमपी सिंह ने एमएचए (मिनिस्ट्री ऑफ होम अफेयर्स) द्वारा जारी की गई एसओपी (स्टैंड ओपरेटिंग प्रोसिजर) के बारे में राजकीय बालिका वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय एनआईटी फरीदाबाद में जागरूकता के लिए एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया। जिसमें उन्होंने कहा कि नौवीं से बारहवीं तक के विद्यार्थी वॉयलेएंट्री बेसिस पर अपने माता-पिता की अनुमति से अध्यापकों का मार्गदर्शन प्राप्त करने के लिए विद्यालय आ सकते हैं। लेकिन इन्हें दो गज की दूरी बनाकर रखनी होगी। मुंह पर मास्क लगाना अनिवार्य होगा। साबुन से हाथों को धोने का प्रावधान विद्यालय में होगा तथा गेट पर सैनिटाईजर, डिस्पेंसर होगा ताकि सभी विद्यार्थी और अध्यापक अपने हाथों को सैनिटाईज करने के बाद ही अपने कक्षा में जा सके इसके साथ थर्मल स्क्रीनिंग भी उनकी गेट पर की जाएगी। यदि किसी को छींक आती है या खांसी होती है तो उसके लिए अध्यापकों को सुपरविजन करना होगा तथा अति शीघ्र जिला प्रशासन की हेल्पलाइन 1950 या राज्य की हेल्पलाइन 1075 पर सूचना देनी होगी, यदि कोई विद्यार्थी या अध्यापक बीमारी की स्थिति में विद्यालय आते हैं तो उन्हें तुरंत सरकारी अस्पताल को बताना होगा। डॉ. एम.पी. सिंह ने कहा कि कंटेनमेंट जोन में रहने वाले विद्यार्थी और अध्यापकों को विद्यालय नहीं आना चाहिए जिन विद्यालयों में क्वारेंटाइन सेंटर बना हुआ है।

## युवा कांग्रेस ने किया कृषि विधेयकों का विरोध

### किसानों को बर्बाद कर देंगे तीनों विधेयक : तरुण तेवतिया

**हर मोर्चे पर किसानों के साथ खड़ी है युवा कांग्रेसः पराग शर्मा**

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**केंद्र** सरकार ने संसद के मानसून सत्र में कृषि से संबंधित तीन विधेयक लेकर आई है, जिन्हें लोकसभा में मंजूरी मिल गई है और राज्यसभा से मंजूरी मिलना बाकी है। देश भर के किसान इन विधेयकों को किसान विरोध बता कर इसका विरोध कर रहे हैं। हरियाणा व पंजाब में इसका सबसे अधिक विरोध हो रहा है। युवा कांग्रेस भी तीनों विधेयकों का पुरजोर विरोध कर रही है। युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं जिला अध्यक्ष तरुण तेवतिया व राष्ट्रीय प्रवक्ता पराग शर्मा ने इन विधेयकों को किसानों को बर्बाद करने वाला बताया है। उनका कहना है कि यह तीनों विधेयक अगर राज्य सभा में भी पास हो जाते हैं, तो किसान व मंडी सिस्टम पूरी तरह से बर्बाद हो जाएगा। दोनों ने यह बात बल्लभगढ़ अनाज मंडी स्थित युवा कांग्रेस के कार्यालय में आयोजित प्रेसवर्ता के दौरान संयुक्त रुप से कही।

तरुण तेवतिया ने कहा कि कोविड 19 महामारी के बीच में सरकार का कृषि क्षेत्र में इतने बड़े बदलावों को अध्यादेश के रूप में लाना सरकार की गलत मंशा को दिखाता है। इन तीनों विधेयकों के लागू होने से किसानों के साथ आढ़तियों, व्यापारियों, मंडियों में काम करने वाले मजदूरों से लेकर खेतिहर मजदूरों को भी नुकसान होगा। इससे बड़ी व निजी कंपनियों की लूट बढ़ जाएगी।

एमएसपी पूरी तरह से खत्म हो जाएगा और बड़ी कंपनियां अपनी मर्जी से दाम तय कर किसानों की फसलों को खरीदने का काम करेंगी, जिससे किसानों को भारी नुकसान होगा। एक तरफ से सरकार किसानों की आय को दोगुना करने की बात करती है और दूसरी तरह इस तरह के विधेयक लाकर किसानों को बर्बाद करने पर तुली हुई है। इसलिए हम इन तीनों विधेयकों का पूरी तरह से विरोध करते हैं और देश के राष्ट्रपति से तीनों विधेयकों को खारिज करने की मांग करते हैं। पराग शर्मा ने कहा कि बीजेपी सरकार पूरी तरह से किसान विरोध है।

यह सकरार पूंजीपतियों की सरकार है और उन्हीं को लाभ पहुंचाने के लिए किसानों पर जबरन इन तीनों विधेयकों को थोपने का काम कर रही है। यही नहीं, इसका विरोध करने वाले किसानों को लाठियों व डंडों से पिटवा रही है। पिछले दिनों पीपली में देश भर में इसका प्रमाण देखा था। किसानों के हित के लिए सरकार किसान नेताओं व उनके प्रतिनिधियों से भी चर्चा करने को तैयार नहीं है, जो की पूरी तरह से असंविधानिक है। युवा कांग्रेस इन तीनों विधेयकों का पूरजोर विरोध करती है और किसानों के साथ हर स्तर पर लड़ाई लड़ने को तैयार है। हम देश के किसानों को किसी भी सूरत में बर्बाद नहीं होने देंगे।

## कायाकल्प की टीम ने किया बीके अस्पताल का दौरा



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**बादशाह** खान सिविल अस्पताल के कायाकल्प की एक टीम ने दौरा किया। टीम ने मरीजों को दी जा रही सुविधाओं की क्वालिटी की जांच की। टीम में दो सदस्य मौजूद थे, जिसमें पलवल से डीक्यूएम (डिस्ट्रिक्ट क्वालिटी मैनेजर) डॉ. अंजली और गुरूग्राम से डीक्यूएम डॉ. प्रियंका बधोरिया मौजूद थी। इस दौरान टीम की दोनों सदस्यों ने अलग-अलग जांच की। जिसमें एक ने अस्पताल में दी जा रही सुविधाओं की जांच की, तो दूसरी सदस्य ने अस्पताल के रिकार्ड की जांच की। टीम के सदस्यों ने बताया कि अस्पताल में पहले से ज्यादा क्वालिटी मैंटेन है।

जानकारी के मुताबिक कायाकल्प की टीम ने शनिवार को सुबह नौ अस्पताल के तृतीय तल से निरीक्षण शुरू किया। टीम के सदस्यों ने मेडिकल, सर्जिकल, प्रसूति वार्ड, लैब और अस्पताल में मौजूद अपातकालीन कक्ष समेत साफ-सफाई और वहां प्रयोग में आने वाले उपकरणों को बेहद गंभीरता से देखा। इतना ही नहीं टीम के सदस्यों ने वार्ड आदि के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों व स्टाफ से विभागीय जानकारियां हासिल की। टीम ने इस दौरान शाखा के सभी प्रकार के कागजात आदि की भी गंभीरता से जांच की। इस बारे में डॉ. राजेश धीमन ने बताया कि टीम ने वहां मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं व व्यवस्थाओं को बेहद गंभीरता से देखा।

## कर्मियों की छंटनी के खिलाफ 21 को आंदोलन का ऐलान

**आयुक्तों के कार्यालयों पर विरोध किए जाएंगे प्रदर्शन**

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद




**नगरपालिका** कर्मचारी संघ हरियाणा ने नव चयनित क्लर्कों की ज्वाइनिंग के बाद नगरपालिका, परिषदों व नगर निगमों में सालों से आऊटसोर्सिंग नीति पार्ट 1 व 2 में ठेके पर लगे क्लर्कों व कम्पयूटर आपरेटरों की छंटनी करने के खिलाफ आंदोलन का ऐलान किया है। शनिवार को स्थानीय अरावली गोल्फ कोर्स में आयोजित पत्रकार वार्ता में आंदोलन की धोषणा करते हुए प्रदेशाध्यक्ष नरेश कुमार शास्त्री ने बताया कि इस छंटनी के खिलाफ 21 सितम्बर, 2020 को सभी निगमायुक्तों, पालिका व परिषदों के आयुक्तों (डीएमसी) के कार्यालयों पर विरोध प्रदर्शन किए जाएंगे। प्रदर्शनों के बाद विभाग के मंत्री, एसीएस व निदेशक के नाम ज्ञापन देकर छंटनी पर तुरंत रोक लगाने और छंटनी किए गए कर्मचारियों को वापस ड्यूटी पर लेने की मांग की जाएगी। उन्होंने दो टूक शब्दों में सरकार एवं विभाग को चेतावनी दी कि इसके बाद भी सरकार ने क्लर्कों की छंटनी पर रोक नहीं लगाई और मंत्री के साथ हुए समझौते को लागू नही किया तो नगरपालिका कर्मचारी संघ 23 सितम्बर को रोहतक में तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों की राज्य स्तरीय कन्वेंशन आयोजित कर आगामी राज्यव्यापी आन्दोलन का फैसला लेने पर मजबूर होगा। संघ ने इस छंटनी के विरोध स्वरूप 16 सितम्बर को ही सरकार को आन्दोलन का नोटिस भेज दिया है और आने वाले 21 सितम्बर को पूरे प्रदेश में विरोध प्रदर्शन कर सभी नगर निगमों के आयुक्त एवं नवनियुक्त पालिका एवं परिषदों के आयुक्तों (डीएमसी) के कार्यालयों पर प्रदर्शन कर आन्दोलन का नोटिस दिए जाएगें।

सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष सुभाष लांबा ने पत्रकार वार्ता में बोलते हुए कहा कि सरकार ने 4015 क्लर्कों की नई भर्ती की है और उनकी ज्वाइनिंग के साथ ही विभिन्न विभागों, निगमों व बोर्डों में 8-10 सालों से अनुबंध पर लगे 4015 क्लर्कों व कंप्यूटर आपरेटर को नौकरी से निकालने के फरमान जारी कर दिए हैं। उन्होंने सरकार के इस फैसले को घोर निंदनीय करार देते हुए कहा कि 29 सितंबर को सभी विभागों, खंडों व डीसी आफिस पर प्रर्दशन किए जाएंगे। प्रैसवार्ता में नरेश कुमार शास्त्री के अलावा सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष सुभाष लांबा, नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के उप महासचिव सुनील चिंडालिया, केंद्रीय कमेटी के नेता सुभाष फैटमार, जिला प्रधान गुरचरण खाड़िया, सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला सचिव बलबीर सिंह बालगोहर विशेष तौर से उपस्थित रहे।

## सफाई कर्मचारी यूनियन की हुई बैठक

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**हरियाणा** शहरी विकास प्राधिकरण के सफाई कर्मचारियों यूनियन की बैठक मनोज की अध्यक्षता में ओपन एयर थिएटर सेक्टर 12 में संपन्न हुई। इसका संचालन हुड्डा जन स्वास्थ्य कर्मचारी यूनियन रजिस्ट्रेशन नंबर 1266 के सर्कल सचिव धर्मवीर वैष्णव ने किया। बैठक में हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के अंतर्गत सेक्टरों की सफाई के लिए तैनात सफाई मजदूरों को फरीदाबाद नगर निगम की तर्ज पर विभागीय रोल में समायोजित करने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पास किया गया। धर्मवीर वैष्णव ने बताया कि शहरी विकास प्राधिकरण के अंतर्गत सफाई का कार्य करने वाले कर्मचारियों और नगर निगम के अंतर्गत काम करने वाले कर्मचारियों के कार्यों में समानता है।

इस लिए इन कर्मचारियों को नगर निगम के कर्मचारियों के समान ही सुविधाएं मिलनी चाहिए। उन्होंने बताया कि कोरोना महामारी के काल में भी हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के अंतर्गत काम करने वाले सफाई कर्मचारियों को किसी भी प्रकार की सुविधा प्रदान नहीं की गई है। इनको स्वयं की रक्षा के लिए मास्क, दस्ताने, और सैनिटाइजर नहीं दिए गए। अब जबकि यह बीमारी और तेजी से फैल रही है। इसलिए सफाई कर्मचारियों को सुरक्षा के लिए उपरोक्त सामग्री का वितरण नियमित रूप से किया जाना चाहिए।

# 'छेड़ी है देशभक्ति की भारत में तूने ताल–गुजरात के ऐ सिंह तूने कर दिया कमाल...'

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में काव्य गोष्ठी आयोजित

## महिला काव्य मंच गुरुग्राम ने किया आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में महिला काव्य मंच की ओर से काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के व्यक्तित्व को कवियों ने अपनी विशेष रचनाओं के माध्यम से प्रस्तुत किया। महिला काव्य मंच की राष्ट्रीय मार्गदर्शक नियति गुप्ता की अध्यक्षता और महिला काव्य मंच के संस्थापक नरेश गुप्ता 'नाज' के सान्निध्य में विशेष रूप से डिजिटल काव्य गोष्ठी आयोजित की गई।

शुभारंभ महिला काव्य मंच गुरुग्राम इकाई की अध्यक्षा दीपशिखा श्रीवास्तव 'दीप' द्वारा व मोनिका शर्मा 'मन' द्वारा किया गया। मंच की उपाध्यक्ष रश्मि चिकारा ने संचालन किया। पूर्व सांसद एवं पिछड़ा वर्ग आयोग की राष्ट्रीय सदस्य डा. सुधा यादव विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रही, जबकि समाजसेवी रवि कालरा भी अतिथि के रूप में गोष्ठी से जुड़े।

काव्य गोष्ठी में महिला काव्य मंच के संस्थापक नरेश नाज ने अपनी रचना में सुनाया–एक है नेता जो सत्ता के मद में चूर नहीं है। नरेश नाज के गीत–'छेड़ी है देशभक्ति की भारत में तूने ताल, गुजरात के ऐ सिंह तूने कर दिया कमाल' को राशि श्रीवास्तव ने अपनी मधुर आवाज दी। नियति गुप्ता ने सुनाया–कुछ तो मन की कर लेने दो, मुझे जिंदगी जी लेने दो...। मंच के प्रदेश अध्यक्ष डाक्टर ज्योतिराज ने सुनाया–प्रधानमंत्री जब भी खोलें आपदा राहत कोष का द्वार, तनख्वाह पाने वाले क्यूं करते दुष्प्रचार। डाक्टर विनय गौड़ ने सुनाया–इक सुन्दर भारत बनाना है, सुभाष, तिलक, आजाद, भगत के देश को ऊंचा बढ़ाना है...। मंच की सचिव अंजू सिंह व वरिष्ठ साहित्यकार सविता स्याल, सुमनलता सक्सेना, आभा कुलश्रेष्ठ तथा मीना चौधरी, नीरजा मल्होत्रा 'नीर', अर्चना सिन्हा, एकता कोचर रेलन ने अपनी भाग लिया। अध्यक्ष दीपशिखा श्रीवास्तव 'दीप' ने साहित्यकारों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए गोष्ठी का समापन किया।



गुरुग्राम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में डिजिटल काव्य गोष्ठी में भाग लेते अतिथि व कविगण।

### कई प्रांतों के कवियों ने लिया भाग

**गोष्ठी** में देश के अनेक प्रांतों से उपस्थित हुए इन विशिष्ट कवियों ने अपनी रचनाओं से चार चांद लगा दिए। महिला काव्य मंच के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. विनय गौड़, अंतरराष्ट्रीय सचिव डॉ. दुर्गा सिन्हा उदार, हरियाणा की अध्यक्षा डॉ. ज्योति 'राज', वरिष्ठ उपाध्यक्ष इंदू 'राज' निगम, हरियाणा की उपाध्यक्ष बीना कौशिक, चंडीगढ़ ट्राईसिटी इकाई की उपाध्यक्ष राशि श्रीवास्तव हरियाणा की महासचिव वंदना 'हिना' मलिक चंडीगढ़ ट्राइसिटी की अध्यक्ष शारदा मित्तल चंडीगढ़ ट्राईसिटी इकाई की उपाध्यक्षा राशि श्रीवास्तव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को शुभकामना संदेश देते हुए अपने मधुर गीतों व कविताओं से गोष्ठी में समा बांध दिया।

# पीएम मोदी के जन्मदिन पर राशन भरे थैले बांटे

## वार्ड-17 के पूर्व पार्षद दलीप साहनी व पार्षद रजनी साहनी के काम की हो रही तारीफ

## देर रात तक चलता रहा कार्यक्रम

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**पॉलीथिन** को न–मोदी जी को हां स्लोगन के साथ सेवा सप्ताह के रूप में मनाए जा रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस को यहां वार्ड–17 में पूर्व पार्षद एडवोकेट दलीप साहनी और पार्षद रजनी साहनी की ओर से विशेष तरीके से मनाया गया। भीम नगर में आयोजित कार्यक्रम में कपड़े के थैले राशन से भरकर बांटे गए। मौके पर हरियाणा कला परिषद के निदेशक संजय भसीन अतिथि के रूप में पहुंचे।

निदेशक संजय भसीन ने कहा कि कोरोना महामारी में लॉकडाउन के दौरान भी साहनी दंपति लगातार समाजसेवा में जुटे रहे। अपने क्षेत्र के लोगों से जुड़े रहे। अब लगातार उनकी ओर से कोरोना जांच के शिविर भी लगाए जा रहे हैं। यह उनकी समाजसेवा की सोच को दर्शाता है। एडवोकेट दलीप साहनी ने बताया कि केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह के मार्गदर्शन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस को देशभर में समाजसेवा के रूप में मनाया। मौके पर कोरोना जांच शिविर भी लगाया। सुभाष नगर जैकबपुरा स्थित सैनी धर्मशाला में लगाए गए इस शिविर में 74 लोगों की जांच की गई, जिसमें से 4 लोग कोरोना संक्रमित पाए गए। दलीप साहनी ने कहा कि सरकार हर संभव प्रयास कर रही है कि कोरोना का संक्रमण फैलने से रोका जाए। इसे रोकने में जनता का भी सहयोग जरूरी है।


गुरुग्राम के वार्ड–17 में पीएम मोदी के जन्मदिवस पर पूर्व पार्षद दलीप साहनी और पार्षद रजनी साहनी की ओर से लोगों को कपड़े के थैलों में राशन आवंटित करते हरियाणा कला परिषद के निदेशक संजय भसीन।

### भीम नगर में 250 लोगों को बांटे थैले

**इसी** कड़ी में उन्होंने गुरुग्राम के भीम नगर में 250 लोगों को कपड़े के थैले तो वितरित किए ही, साथ में उनमें एक माह का राशन भरकर गरीबों को भी दिया। सभी से आग्रह किया कि वे पर्यावरण को स्वच्छ बनाने के लिए पॉलीथिन का उपयोग बंद कर दें। इससे बीमारियां भी फैलती हैं। दलीप साहनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन को कोरोना महामारी में जनसेवा का माध्यम बनाया है। देश में बड़ा अभियान चलाकर कपड़े के थैलों का चलन शुरू करने की शुरुआत की गई। कार्यक्रम में सचिन शर्मा, अंकुश भसीन शामिल रहे।

## दंपति के साथ मारपीट मामले में सुनवाई न करने पर एसपी को दी शिकायत

**नूंह।** नूंह खंड के बीवां के एक दंपति के साथ हुई मारपीट व लूटपाट मामले में स्थानीय पुलिस द्वारा कोई न करने पर एसपी से गुहार लगाई है। बीवां गांव के रहने वाले हारूण व पत्नी मिसकीना ने शिकायत में कहा कि 22 अगस्त को कुबने के लोगों द्वारा मारपीट व दुकान में लूटपाट की गई। उक्त मामले को लेकर पुलिस को अवगत कराते हुए शिकायत दी, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। दंपति का कहना है कि गांव में ही एक परचून की दुकान है। 22 अगस्त को पड़ोस के रहने वाले कुबने के सोराब पुत्र रमजान ने दुकान से कुछ सामान खरीदा। जिसके बाद सोराब ने सामान खराब बताते हुए वापस कर दिया। इस बात को लेकर सोराब व उसके साथ अन्य परिजन खुर्शीद पुत्र रमजान, मल्लाह पुत्र जमालु, जैकम पुत्र फत्ते ने मारपीट करते हुए दुकान में रखे करीब 60 हजार का सामान व गल्ले में रखे 14 हजार भी लूट लिए। घायल अवस्था में नूंह सीएचसी पहुंच इलाज कराते हुए एमएलआर कटवाई और पुलिस को शिकायत दी, लेकिन पुलिस द्वारा उक्त लोगों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। वहीं दंपति ने कहा कि उक्त मामले पुलिस ने अनदेखी करते हुए हमारे खिलाफ केस दर्ज कर दिया। जबकि उक्त मामले को लेकर थाने में पहले शिकायत दी, लेकिन हमारी शिकायत पर कोई सुनवाई नहीं की गई।

# मेयर मधु आजाद ने अधिकारियों के साथ किया गोशालाओं का दौरा

## मेयर ने गोशाला संचालन का कार्य कर रही संस्था के पदाधिकारियों से भी की बातचीत

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**गुरुग्राम** की मेयर मधु आजाद ने शनिवार को निगम अधिकारियों की टीम के साथ नन्दीधाम और कामधेनु गोशालाओं का दौरा किया। मेयर ने गोशाला संचालन का कार्य संभाल रही संस्था से बातचीत की और उनकी कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी ली।

नगर निगम गुरुग्राम द्वारा बनाई गई कामधेनु गोशाला में गायों की देखभाल की जा रही है, जबकि नन्दीधाम में नन्दी रखे गए हैं। इनकी देखभाल के लिए श्री चेतनदास गोसेवा संस्थान को जिम्मेदारी दी गई है। नगर निगम गुरुग्राम द्वारा गोशालाओं में अतिरिक्त शेड लगाने का कार्य किया जाना है, जिसका एस्टीमेट मेयर की अध्यक्षता में गठित वित्त एवं संविदा कमेटी की बैठक में रखा था। इसके तहत ही मेयर द्वारा शनिवार को अधिकारियों की टीम के साथ मौका निरीक्षण किया। मेयर ने गोशालाओं में गायों एवं नन्दी को अपने हाथों से चारा खिलाकर गोसेवा का संदेश भी दिया। उन्होंने कहा कि हिन्दू धर्म में गाय को माता की श्रेणी दी है और गोसेवा को परम धर्म बताया है।

नगर निगम गुरुग्राम द्वारा संचालित इन गोशालाओ में बेसहारा गायों की देखभाल की जा रही है, जो कि एक बेहतर सेवा है। उन्होंने गुरुग्राम के प्रबुद्ध नागरिकों से आह्वान भी किया कि जब भी समय मिले गोशालाओं में जाकर गायों की सेवा अवश्य करें।

इस मौके पर मेयर मधु आजाद के साथ गांव चक्करपुर के पूर्व सरपंच अनिल यादव, वार्ड–2 से राकेश यादव, पूर्ण यादव, नगर निगम गुरुग्राम के अधीक्षक अभियन्ता राधेश्याम शर्मा, कार्यकारी अभियंता धर्मबीर मालिक सहित निगम के अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।


गोशालाओं का दौरा करतीं मेयर मधु आजाद।

# लूट की वारदातों को अंजाम देने वाले बदमाश चढ़े पुलिस के हत्थे

पायनियर समाचार सेवा। नूंह

रास्ता रोक अवैध हथियार के बल राहगीरों को लूटने की योजना बनाते व विभिन्न राज्यों में गैंग के सदस्यों के साथ मिलकर एटीएम काटने की करीब एक दर्जन वारदातों को अंजाम देने वाले दो बदमाशों को तावडू सीआईए ने मोटरसाइकिल, अवैध हथियार व एक कारतूस के साथ काबू कर लिया।

18 सितंबर की रात तावडू सीआईए प्रभारी एएसआई राकेश कुमार के नेतृत्व में टीम को गश्त के दौरान केएमपी पुल धुलावट पर मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि दो लड़के चाहलका रोड पर पहाड़ी में राहगीरों को लूटने की योजना बना रहे हैं। पुलिस टीम योजना के तहत कार्रवाई करते हुए अवैध असलाह सहित काबू कर लिया। पूछताछ में अनीश पुत्र सलमुद्दीन, सद्दाम पुत्र वहीद निवासी शिकारपुर तावडू बताया। आरोपियों से गहनता से पूछताछ करने पर पता चला कि अपनी गैंग के साथियों के साथ मिलकर असम, पुणे से एटीएम काटने की करीब 11 वारदातों को अंजाम दिया।



# अंगूठी देखने के बहाने ज्वैलर से गन प्वाइंट पर लूट

## करीब 13 लाख रुपये के गहने लूट ले गए

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**यहां** सदर बाजार क्षेत्र के रोशनपुरा में दिनदहाड़े एक ज्वैलर से गन प्वायंट पर बदमाश आभूषण लूट ले गए। जब तक वह कुछ समझ पाता, बदमाश फिल्मी अंदाज में उसके द्वारा दिखाए जा रहे आभूषणों को ले भागे। सूचना पाकर तुरंत पुलिस भी मौके पर पहुंची। बाजार का फायदा उठाकर बदमाश फरार हो गए। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार बाजार के सीसीटीवी खंगाले जा रहे हैं। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

जानकारी के अनुसार यहां सब्जी मंडी के साथ में सदर बाजार की ओर जाने वाले गली में मुसद्दीलाल भूप सिंह नाम से एक ज्वैलरी की शॉप है। शनिवार को पौने तीन बजे एक युवक शॉप में पहुंचा। उसने ज्वैलर से कहा कि सगाई के लिए अंगूठी खरीदनी है। इसी बीच दूसरा बदमाश शॉप में अनजान बनकर पहुंचा। ज्वैलर ने अंगूठियों की ट्रे निकालकर उन्हें पसंद करने के लिए कहा। कुछ देर तक दो बदमाश अंगूठियों को उठा–उठाकर देखते रहे और ज्वैलर से बात करते रहे। इसके बाद दो अन्य बदमाश अंदर घुसे। उनके अंदर घुसते ही बैठे हुए दोनों बदमाश खड़े हो गए। एक काउंटर का लांघकर अंदर की तरफ गया और ज्वैलर को दबोच लिया। खुद को बचाने के लिए ज्वैलर ने खूब प्रयास किए, लेकिन वह सफल नहीं हो पाया। वहीं तीन अन्य बदमाशों ने काउंटर पर व काउंटर के भीतर रखी ज्वैलरी उठाई और फरार हो गए। एक ने ज्वैलर को पिस्तौल दिखाया, फिर भी ज्वैलर ने हिम्मत नहीं हारी और बदमाश के चंगूल से छुड़ाने का प्रयास करता रहा। जब बाकी के तीनों दुकान से बाहर निकल चुके थे, जब चौथा ज्वैलर को छोड़ते हुए काउंटर को फांदकर फरार हो गया। ज्वैलर ने भी सक्रियता दिखाते हुए बाहर निकला और उनके पीछे भागा। बदमाश देखते ही देखते उनकी आंखों के आगे से फरार हो गए। बदमाशों ने गुरुद्वारे के पास स्विफ्ट डिजायर गाड़ी खड़ी कर रखी थी। जिसमें सवार होकर फरार हो गए। पीड़ित ज्वैलर की ओर से पुलिस को कॉल करके सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने सदर बाजार क्षेत्र में सक्रियता बढ़ाई, लेकिन तब तक बदमाश बाजार से फरार हो चुके थे। सारी वारदात सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। पुलिस सीसीटीवी के आधार पर बदमाशों की पहचान कर रही है।


रोशनपुरा स्थित मुसद्दीलाल भूप सिंह नाम से ज्वैलरी शॉप, जहां लूट हुई।

# एसओपी उल्लंघन पर निजी स्कूलों पर दर्ज होगा केस

## एसएलसी को लेकर बच्चे को चक्कर न कटवाएं निजी स्कूल

## डीईओ ने सरकारी निजी स्कूलों के मुखियाओं और संचालकों की ली मीटिंग

पायनियर समाचार सेवा। तावडू

**21 सितंबर** को स्कूल खुलने की एडवाइजरी को लेकर डीईओ अनूप जाखड़ ने तावडू ब्लॉक के सरकारी व निजी स्कूलों की मीटिंग ली। मीटिंग में उन्होंने स्कूल मुखियाओं व संचालकों को स्कूल खुलने की एसओपी को लेकर विभिन्न दिशा–निर्देश दिए। डीईओ ने स्पष्ट तौर पर कहा कि आदेशों के उल्लंघन पर कार्रवाई होगी। मीटिंग में बीईओ रमेश मलिक भी मौजूद थे।


निजी स्कूल संचालकों की मीटिंग लेते डीईओ अनूप जाखड़।

डीईओ ने तावडू बीईओ ऑफिस में ली मीटिंग में कहा कि स्कूल मुखिया व संचालक इस बात पर गौर करें कि स्कूल खुलने से पूर्व स्कूल के सभी अध्यापकों की कोरोना टेस्टिंग अनिवार्य है। वहीं स्कूल बिल्डिंग को पूर्णतया सैनिटाइज करवाना है। उन्होंने कहा कि ध्यान रहे कि नियमित स्कूल खुलने की तरह अब स्कूल नहीं खुल रहे।

कक्षा नौंवी से बारहवीं तक के केवल 10–10 बच्चे ही गाइडेंस लेने को लेकर स्कूल में आ सकते हैं। स्कूल वाहन से बच्चे नहीं आने चाहिए। बच्चे की स्कूल में एंट्री होते ही उसकी थर्मल स्क्रीनिंग होनी आवश्यक है। थर्मल स्क्रीनिंग का रिकार्ड भी सूचीबद्ध करें। एक अक्टूबर को गूगल शीट पर ये रिकार्ड चढ़ेगा। उन्होंने कहा कि उसी बच्चे की स्कूल में एंट्री होगी जोकि अपने पेरेंट्स से स्कूल में आने की सहमति का परफोर्मा भरवाकर स्कूल में जमा कराएगा।

स्कूल खुलने की जो एसओपी सरकार ने भेजी है उसे सभी स्कूल मुखिया व संचालक गहनता से पढ़ें। बच्चों के अध्ययन की वीडियो क्लिप भी तैयार कर बीईओ को प्रेषित करनी है। वहीं उन्होंने निजी स्कूल संचालकों से कहा कि फीस ड्यू में स्कूल एसएलसी को लेकर विवाद विभाग के पास कतई नहीं आना चाहिए। उन्होंने कहा कि अक्सर देखा गया कि स्कूल फीस लंबित रहने पर स्कूल संचालक बच्चे की एसएलसी जारी नहीं करते जबकि बच्चा किसी अन्य स्कूल में प्रोविजनल दाखिला ले लेता है।

उन्होंने कहा कि फीस को लेकर जिस स्कूल संचालक ने बच्चे को एसएलसी को लेकर चक्कर कटाए उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। वहीं उन्होंने निजी स्कूल संचालकों से एमआइएस पर अपना रिकार्ड पूरा करने की भी बात कही। डीईओ ने यहां तक कह दिया कि रिकार्ड पूरा करने में निजी स्कूलों का बहुत ही बुरा हाल है। कभी भी स्कूल रिकार्ड चेक हो सकता है इसलिए इसे पूरा रखें। वहीं उन्होंने कहा कि कोविड के मद्देनजर जिन निजी स्कूलों ने एसओपी नियम के अनुरूप स्कूल संचालन नहीं किया उसके विरुद्ध एफआईआर तक दर्ज हो सकती है।

# मंडियों में समर्थन मूल्य पर जारी रहेगी सरकारी खरीद : विरेंद्र यादव



**गुरुग्राम।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष व फर्रूखनगर मार्केट कमेटी के चेयरमैन विरेन्द्र यादव ने कहा कि सरकार द्वारा कृषि क्षेत्र में किये जा रहे सुधारों से अन्नदाता को अपने उत्पाद की अधिकतम कीमत मिल सकेगी। साथ ही अन्नदाता अपने उत्पाद को देश भर में कहीं भी बेचने को स्वतंत्र होंगे। समर्थन मूल्य पर सरकारी खरीद जारी रहेगी। यह बात उन्होंने यहां जारी बयान में कही।

उन्होंने कहा कि देश का अन्नदाता पहले से ज्यादा आजाद और सुरक्षित होगा। ट्रेस बिल और एमएसपी पर सरकारी खरीद से कोई संबंध नहीं है। किसी भी भ्रम में किसानों को नहीं आना है। विरेन्द्र यादव ने बताया कि कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने लोकसभा में सदन के सदस्यों के बीच ऑन दा रिकार्ड मुख्यमंत्री मनोहर लाल और भाजपा हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ अपने संदेश में कई बार यह कह चुके हैं कि दोनों विधेयक केवल किसानों के हितों की रक्षा करने के लिए हैं। खरीफ की एमएसपी जल्दी ही घोषित की जाएगी। मण्डी में अन्य व्यवसाय करने की आढ़ती को छूट दी गई है। भावांतर भरपाई योजना के तहत सभी फसलों को कवरेज किया गया है। किसानों को अपनी कृषि उपज बेचने के नये विकल्प मिलेंगे। किसान किसी भी कम्पनी के साथ अनुबंध खेती कर सकता है परन्तु उसकी जमीन का कभी भी कम्पनी का मालिकाना हक नहीं हो सकता।

# संक्षिप्त समाचार

### कृषि अध्यादेश के खिलाफ आढ़तियों का विरोध प्रदर्शन



**सोहना।** केन्द्र सरकार के कृषि अध्यादेश के खिलाफ आढ़तियों ने विरोध–प्रदर्शन करते हुए प्रदेश मुख्यमंत्री के नाम मार्केट कमेटी सचिव को ज्ञापन सौंपा। आढ़तियों ने कृषि अध्यादेश जारी केन्द्र सरकार पर पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाने का आरोप लगाया है। शनिवार को सोहना अनाज मंडी के आढ़तियों की बैठक प्रधान महेश आर्य की आढ़त पर हुई। जिसमें व्यापार मंडल संघ के प्रधान मनोज राघव और किसान मौजूद रहे। बैठक के बाद मार्केट कमेटी कार्यालय पहुंचकर केन्द्र व राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और धरने पर बैठ गए। मार्केट कमेटी सचिव नरेश कुमार को अध्यादेश के विरोध में ज्ञापन भी सौंपा।

### शनिवार को राजकीय स्कूलों में सफाई अभियान चलाया



**सोहना।** सोमवार से कक्षा 9 से 12वीं की कक्षाएं लगाने से पहले शनिवार को राजकीय स्कूलों में सफाई अभियान चलाया गया। ताकि सोमवार को क्लास रूम को सैनेटाइज करने के बाद विद्यार्थियों की पढ़ाई शुरू की जा सके। सोहना के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल की प्रधानाचार्य सुनील कुमारी ने बताया कि सोमवार सुबह कक्षाएं शुरू करने से पहले सभी कमरों को सैनेटाइज किया जाएगा। सभी अभिभावकों को अपने–अपने बच्चों को मास्क, सैनेटाइजर के साथ स्कूल भेजने की सूचना दे दी गई है। उन्होंने बताया कि सोमवार से वही छात्राएं स्कूल आ रही है। जिनके अभिभावकों ने मंजूरी दे दी है। राजकीय बाल मॉडल संस्कृति सीनियर सैकेंडरी स्कूल सोहना के प्रधानाचार्य सुरेन्द्र वर्मा ने बताया कि विद्यार्थियों को विशेष सुरक्षा के साथ कक्षाओं में बैठाने, पढ़ाने और घर वापस भेजने को लेकर पूरी तैयारियां कर ली हैं। कक्षा में शिक्षक को कितने समय में अपनी क्लास लेनी है। यह सब तैयारियां कर ली है।

### युवक को अवैध हथियार समेत गिरफ्तार

**सोहना।** सीआईए पांच पुलिस सोहना की टीम ने युवक को अवैध हथियार समेत गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ सोहना सिटी थाना में मामला दर्ज कराया है। सीआईए पांच पुलिस सोहना के प्रभारी इंस्पेक्टर कुलदीप सिंह ने बताया कि शुक्रवार को हवलदार सोनू अपनी टीम के साथ शहर के अंबेडकर बाईपास चौक पर गश्त कर रहा था। तभी हवलदार सोनू और उसकी टीम को सूचना मिली कि गांव बारौटा थाना रोजका मेव जिला नूंह निवासी मोनू इंडरी चौक पर खड़ा है। जिसके पास अवैध हथियार है। जिसके दम पर वह किसी अपराधीक वारदात को अंजाम देने वाला है। हवलदार सोनू की टीम ने मौके पर पहुंच मोनू को दबोच लिया। जिसके पास से तलाशी के दौरान एक देशी कट्टा बरामद किया। जो 315 बोर था। मोनू के खिलाफ सोहना सिटी थाना में मामला दर्ज कराया है।

### मलेरिया, डेंगू और डायरिया से बचाव को किया जागरूक



**सोहना।** स्वास्थ्य विभाग की टीमें गांव व शहर की गलियों में जाकर लोगों को मलेरिया, डेंगू और डायरिया जैसी बीमारियों से बचाव को लेकर जागरूक कर रही हैं। साथ ही गांव व शहरी क्षेत्र में खुले में जमा पानी और कूलरों में कीटनाश्यक दवा का छिड़काव करने की सलाह दी। मलेरिया विभाग के ब्लॉक कोआर्डिनेटर दीपक कुमार ने बताया कि अभी तक शहरी क्षेत्र में मलेरिया का एक केस आया है। उस क्षेत्र में मच्छर न पनपें इसके लिए दवा का छिड़काव कर दिया है। उन्होंने बताया कि रोजना 60 से 70 घरों में जाकर लोगों को छत पर रखे अनउपयोगी बर्तनों की जांच करने जमा पानी फेंकने, कूलरों में दवा का छिड़काव करने की सलाह दी जा रही है। समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र घंघौला के एसएमओ डॉ. विकास कुमार ने बताया कि पीएचसी भोंडसी व बादशाहपुर और सीएचसी घंघौला के अधीन आने वाले करीब 100 गांवों में मलेरिया व डेंगू के मच्छरों से बचाव के लिए उनकी टीमें रोजाना गांव टू गांव का दौरा कर रही हैं। नागरिक अस्पताल सोहना के एसएमओ डॉ. नवल किशोर ने बताया कि शहरी क्षेत्र में डेंगू का एक भी मामला नहीं है। उनकी टीम पूरी सजगता से इस मामले को लेकर कार्य कर रही है।

### पीएम के जन्मदिन के उपलक्ष्य में तावडू में रक्तदान शिविर



**तावडू।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में बीजेपी द्वारा देशभर में मनाए जा रहे सेवा सप्ताह के तहत शनिवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में रोटरी क्लब व चैरिटेबल ट्रस्ट फरीदाबाद की टीम ने रक्त संग्रह किया। शिविर में 104 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया वहीं जगदीश मैंहदीरत्ता ने 43वीं बार रक्तदान कर समाज को रक्तदान के प्रति प्रेरित किया। शिविर में मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे विधायक संजय सिंह ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया। वहीं रक्तदाताओं को प्रशंसा–पत्र भी भेंट किए। इस दौरान विधायक ने लोगों की समस्या भी सुनी व कहा कि रक्तदान महादान है व इससे बढ़कर कोई भी पुनीत कार्य नहीं हो सकता। उन्होंने कहा हमारे द्वारा दिया गया रक्त किसी जरूरतमंद व्यक्ति की जान बचा सकता है। उन्होंने कहा कि समाज सेवा के कार्यों में हमें अग्रणी रहना चाहिए। समाजसेवा से आत्मिक संतुष्टि मिलती है। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व मंडलाध्यक्ष सुरेश प्रधान, भाजपा नेता नरेश ढल, धर्मेंद्र भारद्वाज, राजेश गंभीर के अलावा कई अन्य पार्टी वर्कर उपस्थित थे। इस अवसर पर रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद मिडटाउन के प्रेजिडेंट पंकज गर्ग भी उपस्थित थे।

# गिरदावरी में मिली अनियमितता पर पटवारी के निलंबन के आदेश

### बरोदा मोर, महमूदपुर और जसराना गांवों में गिरदावरी की गंभीरता से जांच की

रणबीर सिंह। सोनीपत


खेतों में जाकर गिरदावरी की जांच करते डीसी व अन्य अधिकारी।

**मेरी** फसल मेरा ब्योरा के अंतर्गत गिरदावरी में अनियमितता पाए जाने पर उपायुक्त श्याम लाल पूनिया ने संबंधित पटवारी के निलंबन आदेश दिए हैं। साथ ही उन्होंने संबंधित पटवारी का मुख्यालय जिला राजस्व अधिकारी कार्यालय निर्धारित किया है। उपायुक्त ने कहा कि गिरदावरी का कार्य बेहद महत्वपूर्ण है, जिसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी।

मेरी फसल मेरा ब्योरा योजना के अंतर्गत गिरदावरी की गई थी, जिसकी जांच अब जिला प्रशासन कर रहा है। उपायुक्त ने भी तीन गांवों की गिरदावरी का जिम्मा अपने ऊपर लिया। इनमें बरोदा मोर तथा महमूदपुर और जसराना गांव शामिल रहे। गिरदावरी की पुन: जांच के लिए उन्होंने अपनी तीन टीमों का गठन किया। उपायुक्त ने जिला राजस्व अधिकारी राजकुमार व हलका पटवारी को साथ लेकर बरोदा मोर गांव की गिरदावरी की समीक्षा की।

उपायुक्त ने जांच के दौरान पाया कि ज्यादातर गिरदावरी सही नहीं है। इस पर उन्होंने तीखी नाराजगी व्यक्त करते हुए पटवारी नवीन कुमार के निलंबन के आदेश दिए। उन्होंने खेतों में उतरकर किसानों द्वारा उगाई गई फसलों का मेरी फसल मेरा ब्योरा, ए-गिरदावरी व हरसेक (एचएआरएसएसी) में दर्ज ब्योरे से मिलान किया। इस दौरान उन्होंने खेतों में काम कर रहे किसानों से भी बातचीत करते हुए उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने बरोदा मोर गांव की गिरदावरी में अनेक विसंगतियां पाई। उन्होंने मौके पर पटवारी को कड़ी फटकार लगाई।

दूसरी ओर उपायुक्त की दूसरी टीम में शामिल एसडीएम गोहाना आशीष कुमार व कानूनगो और पटवारी ने महमूदपुर गांव और तीसरी टीम में शामिल एमडी शुगर मिल सुरेंद्र सिंह दून व नगराधीश उदय सिंह तथा तहसीलदार सोनीपत ने जसराना गांव में गिरदावरी की पड़ताल की। इसके पश्चात उपायुक्त ने गोहाना तहसील के सभी पटवारियों की बैठक ली।

उन्होंने पटवारियों को कड़े निर्देश दिए कि गिरदावरी में लापरवाही मिलने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उपायुक्त ने पटवारियों को निर्देश दिए कि आगामी खरीद के सीजन के मद्देनजर गिरदावरी के आकड़े शत प्रतिशत पोर्टल से मिलान कराकर भौतिक सत्यापन किया जाए। मेरा पानी मेरी विरासत के तहत फसल विविधिकरण अपना चुके किसानों की फसलों के भी पोर्टल के डाटा का भौतिक सत्यापन करना जरूरी है, ताकि किसानों को मिलने वाली प्रोत्साहन राशि समय पर जारी की जा सके। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही मिलने पर संबंधित पटवारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# युवाओं को रोजगार दिलाने में गठबंधन सरकार नाकाम


युवाओं की बैठक को संबोधित करते कांग्रेसी नेता अनुज छाबड़ा।

**सोनीपत।** रोहतक रोड स्थित इंडस्ट्रीय एरिया में शनिवार को कांग्रेस नेता अनुज छाबड़ा की अध्यक्षता में युवाओं की बैठक हुई। बैठक में मुख्य एजेंडा प्रदेश में दिनोंदिन बढ़ती बेरोजगारी को लेकर रहा। इस दौरान कांग्रेस नेता अनुज छाबड़ा ने गठबंधन सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि यह सरकार न किसान की और न जवान की।

युवाओं को रोजगार दिलाने में गठबंधन सरकार को नाकाम बताते हुए अनुज छाबड़ा ने कहा कि सरकार के रवैये से आज किसान सड़क पर अपने हक की आवाज उठाने को लेकर खड़ा है तो वही देश का युवा शिक्षित होते हुए भी चपरासी की नौकरी के लिए लंबी लाइन में लगा है, लेकिन सरकार ने युवाओं को रोजगार दिलाने के नाम पर हाथ खड़े कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि यह सरकार रोजगार देने की बात तो दूर जो लगे हैं, उन्हें भी नौकरी से निकाल रही है। रोजगार न मिलने से परेशान युवा अब अपने भविष्य को खतरे में जाता देख रहे हैं। उन्होंने सरकार को चेताते हुए कहा कि आज देश का युवा फैसले लेने में खुद सक्षम है। अगर सरकार ऐसे ही विकास, किसान व युवा विरोधी फैसले लेते रही तो वो दिन दूर नहीं जब प्रदेश के युवा सड़क पर उतरकर रोजगार पाने की मांग करेंगे। इस अवसर पर कबीर, मनजीत, अक्षय, आशीष, संदीप, गांधी, नितिन, फिरोज, राहुल सरोहा, रवि दहिया, महेश व मोनू आदि उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### रक्तदान शिविर का आयोजन



**रादौर।** युवा खेल एवं रक्तदान संस्था की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर सेवा सप्ताह के उपलक्ष में शनिवार को शहर के सफल पैलेस में 7वें रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर का शुभारंभ मुख्यातिथि पूर्व राज्यमंत्री कर्णदेव कांबोज ने भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित करके किया। भाजपा मंडल महामंत्री धनपत सैनी की देखरेख में आयोजित हुए रक्तदान शिविर में 70 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। रक्तदान शिविर में जिला रेडक्रॉस सोसायटी की टीम ने अपनी सेवाएं प्रदान की। पूर्व राज्यमंत्री कर्णदेव कांबोज ने कहा कि रक्तदान महादान है। रक्तदान करने से मनुष्य के शरीर पर कोई विपरीत असर नहीं पड़ता। हम रक्तदान करके किसी के अमूल्य जीवन को बचा सकते हैं। इंसानी रक्त दुनिया के किसी कारखाने में नहीं बनता। यह केवल एक इंसान से ही दूसरे इंसान को दिया जा सकता है। 18 वर्ष से अधिक का कोई भी युवा स्वेच्छा से रक्तदान कर सकता है। इस अवसर पर पूर्व विधायक ईश्वर सिंह पलाका, महामंत्री धनपत सैनी, हरपाल कांबोज, परमजीत खेड़की, मुकेश अरोडा मक्की, वेद प्रकाश धानुपुरा, अनिल सैनी, अमित कांबोज, रविन्द्र सैनी, कृष्ण आर्य, अशोक जोहल, वीरेंद्र सैनी, अर्पित कांबोज, मंगतराम बठला, अमित कांजनू, रोहित खेडकी आदि मौजूद थे।

### महामारी के चलते भी नहीं खुलेंगे स्कूल : एसोसिएशन

**रादौर।** प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन ब्लॉक रादौर की ओर से शनिवार शहर के इंडियन पब्लिक स्कूल में एक बैठक का आयोजन किया। जिसकी अध्यक्षता एसोसिएशन के प्रधान डॉ. देवेंद्र ढांडा ने की। बैठक में कोरोना बीमारी के चलते सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि निजी स्कूल अभी नहीं खोले जाएंगे। मामले को लेकर निजी स्कूलों की आगामी बैठक 10 अक्टूबर को बुलाई गई है। जिसमें महामारी को लेकर हालातों की समीक्षा की जाएगी। जिसके बाद बैठक में स्कूलों को खोलने को लेकर कोई फैसला लिया जायेगा। प्रधान डॉ. देवेंद्र ढांडा ने बताया कि महामारी का प्रकोप क्षेत्र में बहुत ज्यादा है। जिसको लेकर सभी स्कूल संचालकों ने अभी स्कूल बंद रखने का निर्णय लिया है। इस अवसर पर प्रधान देवेंद्र ढांडा, ईश मेहता, रमन शर्मा, अरविंद बकाना, कपिल मेहता खेडी लक्खासिंह, साहब सिंह राणा नाचरौन, नरेंद्र, नरेंद्र फतेहगढ़, संजय सैनी फतेहगढ़, सरदार परमिंद्र सिंह ठसका, बलविंद्र कांबोज संधाली, अंकित कांबोज संधाली, सुनील कांबोज बरसान, अशोक धीमान बैंडी, निर्मल बैंडी, कुलदीप शास्त्री जठलाना, सुशील कांबोज मंधार, विपिन शास्त्री जठलाना आदि मौजूद थे।

### कांग्रेस के नवनियुक्त प्रभारी विवेक बंसल का स्वागत



**असंध।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राजबीर शर्मा अरडाना ने कांग्रेस के नवनियुक्त प्रभारी विवेक बंसल से उनके आवास पर मुलाकात की और गुलदस्ता भेंट कर उनका जोरदार स्वागत किया। कांग्रेस नेता राजबीर शर्मा ने नवनियुक्त प्रदेश प्रभारी से राजनीतिक गतिविधियों के बारे मे चर्चा की। शर्मा ने कहा कि विवेक बंसल की नियुक्ति से पार्टी को मजबूती मिलेगी। कांग्रेस नेता राजबीर शर्मा ने कहा कि विवेक बंसल को प्रभारी बनाए जाने पर प्रदेश के कार्यकर्ताओं मे भारी उत्साह व जोश है और प्रदेश मे आने वाला समय कांग्रेस पार्टी का होगा। शर्मा ने कहा कि प्रभारी प्रदेश का जल्द ही दौरा करेगे और कार्यकर्ताओं से रूबरू होंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी संगठन की मजबूती के लिए सभी वर्गो को साथ लेकर चलेगें।

### फानों में आग लगाने वालों के खिलाफ की जाएगी सख्त कार्रवाई



**कैथल।** डीसी सुजान सिंह ने कहा कि मेरी फसल-मेरा ब्योरा, हरसैक और पटवारी द्वारा की गई गिरदावरियों का मिलान शत-प्रतिशत हो। जिस भी गिरदावरी का मिलान नहीं हो रहा है, यह मिलान का कार्य जल्द पूरा करें। संबंधित अधिकारी व कर्मचारी इस कार्य में कोई भी लापरवाही न बरतें और अपना डाटा समय पर सही अपडेट करते रहें। डीसी सुजान सिंह पूंडरी में मिसमैच एंट्री वाले स्थानों की गिरदावरी की पड़ताल कर रहे थे। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कहा कि जहां भी गिरदावरियों का मिलान नहीं हो रहा, उन जगहों पर टीम बनाकर दौरा करें और जल्द ही इसको अपडेट करवाएं। इस कार्य को पूरी गंभीरता से करें, यदि पोर्टल पर अपडेट करते हुए कोई भी परेशानी आ रही है तो जिला राजस्व अधिकारी व डीआईओ से भी संपर्क करें।

### मरणोपरांत भी दर्शना देवी की आंखों देखगी इस नश्वर संसार को



**कुरुक्षेत्र।** चक्रवर्ती मोहल्ला निवासी स्व. दर्शना देवी के नेत्रदान से 2 नेत्रहीनों को रोशनी मिलेगी। सामाजिक संस्था हम फाउंडेशन एवं माधव नेत्र बैंक के प्रयास से नेत्रदान करवाया गया। स्व. दर्शना देवी के पोत्र आशीष व सोनू नरूला ने बताया कि उनकी दादी की इच्छा थी कि उनकी मृत्यु के पश्चात उनका शरीर किसी के काम आए। उनकी इच्छा के अनुसार ही आज उनका नेत्रदान करवा गया। संस्था संयोजक संतोष गुलाटी ने कहा कि हमारे देश में नेत्रों की जरूरतों के हिसाब से नेत्रदानी बहुत कम है। हमे नेत्रदान ना करने के अंधविश्वास से बाहर निकलना चाहिए। हमारे इस दान से अगर नेत्रहीन को रोशनी मिल जाती है, तो इससे बड़ा कोई दान नहीं है।

### सरकारी अस्पताल में नशा मुक्ति केंद्र खोलने की मांग

**सोनीपत।** नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो हरियाणा के चीफ एडीजीपी श्रीकांत जाधव के नेतृत्व में बनी जिला सोनीपत की टीम के कार्यकारी जिलाध्यक्ष संजय सिंगला ने जिला स्तर पर सरकारी अस्पताल में नशा मुक्ति केंद्र खोलने की मांग की है। उन्होंने बताया कि निजी नशा मुक्ति केंद्र नशे के मरीजों से मोटी रकम वसूलते है और उनका पूरा इलाज नहीं हो पाता। संजय सिंगला ने बताया कि आज उन्होंने सरकारी अस्पताल सोनीपत के पीएमओ डॉ. आदर्श शर्मा से जानकारी ली। पीएमओ ने उन्हें बताया कि सरकारी अस्पताल में नशे के मरीजों को केवल दवाई दी जाती न कि उनको दाखिल कर पूरा इलाज किया जाता है। इससे गरीब व जरूरतमंद मरीज तो इलाज कराने की सोच ही नहीं सकता।

# कर्मियों को मूल विभाग में भेजने की मांग



**सोनीपत।** आल हरियाणा पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल कर्मचारी यूनियन संबंधित हरियाणा कर्मचारी महासंघ जनस्वास्थय अभियंत्रिकी शाखा सोनीपत की उच्च शक्ति प्राप्त कमेटी की बैठक विश्राम गृह प्रांगण में हुई। बैठक की अध्यक्षता शाखा के प्रधान रणवीर दलाल ने की।

बैठक में मुख्य रूप से नगर निगम द्वारा फील्ड कर्मचारियों के साथ भेदभाव बरतने की निंदा की गई। संगठन के पदाधिकारियों ने निगम प्रशासन पर आरोप लगाया कि कर्मचारी जब से निगम में आए लगातार तब से अपने मूल विभाग में वापस जाने की मांग कर रहे हैं। मगर नगर निगम ने भेदभाव रखते हुए कर्मचारियों के साथ जो उपमंडल अभियंता और कनिष्ठ अभियंता आए थे, उन्हें कार्यमुक्त करके वापस मूल विभाग में भेजा गया, मगर जो कर्मचारी फील्ड में कार्य कर रहे हैं उनका प्रतिनियुक्ति का समय 15 सितंबर 2020 को पूरा हो गया है। निगम प्रशासन उन्हें कार्यमुक्त करके वापस उनको उनके मूल विभाग में नहीं भेज रहा है। जिसके कारण कर्मचारियों में भारी रोष एवं असंतोष है। संगठन ने निर्णय लिया है कि सोमवार को कर्मचारी एकत्रित होकर निगम आयुक्त के कार्यालय के समक्ष रोष प्रदर्शन करेंगे।

# महिलाओं के साथ पुरुषों के लिए कार्य करेगा संगठन

सरबजोत सिंह दुग्गल। कुरुक्षेत्र


कार्यक्रम में मंचासीन डॉ.संतोष दहिया और अन्य।

**सर्व** खाप महापंचायत की महिला विग की राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. संतोष दहिया ने बताया कि उन्होंने लॉकडाउन के दौरान घरों में कैद महिलाओं को डिप्रेशन से बाहर निकालने के लिए जो ग्रुप शुरू किया है, वह विशालकाय संगठन बन चुका है। देखते ही देखते हजारों महिलाएं उस संगठन में शामिल हो गई हैं। महिला खाप महापंचायत के एक ग्रुप से महिलाओं को जोड़ना शुरू किया था, लेकिन आज महिला खाप महापंचायत के 29 ग्रुप बन चुके हैं और लगातार महिलाएं इस संगठन से जुड़ रही हैं।

वे पत्रकारों से बातचीत कर रही थीं। इससे पहले उन्होंने कार्यक्रम में ग्रामीण महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति भी जागरूक किया। उन्होंने बताया कि हम हर रोज इसी ना किसी विषय पर चर्चा करते हैं, जिसमें महिलाएं खुलकर अपने मन की बात रखती हैं। अब तक 50 से ज्यादा विषयों पर महिलाएं चर्चा कर चुकी हैं। इन विषयों में जीवन के सबसे दुखद पल, जल ही जीवन है, किशोावस्था में बेटी के साथ मां को किन-किन बातों पर चर्चा करनी चाहिए, समृद्ध भारत में महिलाओं का योगदान, महिलाओं के लिए सही मायने में आजादी क्या है, सोशल मीडिया के प्रभाव, पति-पत्नी को एक-दूसरे की जिंदगी में कितना इंटरफेयर करना चाहिए, शिक्षा के व्सवसायीकरण के कारण एवं उपाय, कैंसर जैसी बीमारी से बचने के लिए किन-किन चीजों का ध्यान रखना चाहिए आदि शामिल हैं।

उन्होंने बताया कि संगठन की खास बात यह है कि यह संगठन केवल महिलाओं के लिए ही काम नहीं करेगा, बल्कि उन पुरुषों को भी न्याय दिलाने में मदद करेगा, जो किसी नाजायज तरीके से झूठे आरोप में उलझाए जाते है।

डॉ. सन्तोष दहिया ने बताया कि यह संगठन जेंडर इक्वेलिटी पर काम करेगा। संगठन में लगभग हर क्षेत्र से महिलाएं जुड़ी है। महिला खाप महापंचायत महिलाओं के हुनर को तराश कर लघु कुटीर उद्योग की तरफ ले जाकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में अहम भूमिका अदा करेगी। इस अवसर पर ममता बूढ़ा, प्रिंसीपल दलजीत कौर संधू, पूनम कुमारी, इंजीनियर मुकेश मान, अध्यापिका अनुराधा शर्मा, अध्यापिका गुलाब कौर, सीमा रानी, प्रिंसीपल बबली देवी, विजय भारती, जसविंदर कौर, एसोसिएट प्रोफेसर सजनी देवी, एडवोकेट सुनीता यादव, इंस्पेक्टर दया कौर सहित अन्य मौजूद रहे।

# 100 स्ट्रीट लाइटों से जगमगाएगा ज्ञान नगर : राजीव जैन

### भाजपा नेता ने ज्ञान नगर में स्ट्रीट लाइट लगाने के कार्य का किया शुभारंभ

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत


ज्ञान नगर में नारियल तोड़कर स्ट्रीट लाइट लगाने का शुभारंभ करते राजीव जैन।

**भाजपा** नेता राजीव जैन ने शनिवार को ज्ञान नगर में स्ट्रीट लाइट लगाने के कार्य का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि ज्ञान नगर में 100 स्ट्रीट लाइटें लगाई जाएंगी, जिससे पूरा नगर जगमगा उठेगा। इससे लोगों को रात्रि के समय बेहतरीन प्रकाश सुविधा मिलेगी, जिससे चोरी की घटनाओं पर भी अंकुश लगेगा।

भाजपा नेता ने ज्ञान नगर को विकास की नई सौगात प्रदान की है। उन्होंने अंधेरे की समस्या को दूर करने के लिए स्ट्रीट लाइट लगवाने का कार्य प्रारंभ करवा दिया है, जिस पर 10 लाख रुपये का व्यय होगा। जल्द ही यह कार्य संपन्न हो जाएगा। साथ ही उन्होंने ज्ञान नगर में दो गलियों के निर्माण कार्य की भी शुरुआत की।

उन्होंने कहा कि 20 लाख रुपये की लागत से दोनों गलियों का निर्माण कार्य पूरा किया जाएगा। इससे नगरवासियों को आवाजाही की विशेष सुविधा मिलेगी। इन विकास कार्यों को तीस लाख रुपये की लागत से अति शीघ्र पूरा करवाया जाएगा। इस दौरान ज्ञान नगर की एक गली के निवासियों ने जैन के समक्ष पेयजल की आपूर्ति सुदृढ़ करने की मांग की, जिसे उन्होंने तुरंत स्वीकारते हुए मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ज्ञान नगर विकास पथ पर तीव्रता से अग्रसर है। यहां किसी भी प्रकार की समस्या शेष नहीं रहने दी जाएगी। लोगों को बेहतरीन मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इसके लिए मजबूत कदम बढ़ाये गये हैं, जिसका लाभ क्षेत्रवासियों को मिलेगा। उन्होंने कहा कि इसके पहले भी ज्ञान नगर में विकास कार्यों की झड़ी लगाई गई है। ज्ञान नगर में नई चौपाल के साथ सड़कों का निर्माण और पेयजल की आपूर्ति के लिए ट्यूबवेल स्थापित कराया जा चुका है। साथ ही पार्क की सौगात भी दी गई है। जैन ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद सोनीपत विकास पथ पर आगे बढ़ा है। उन्होंने कहा कि विकास की इस धारा को अब थमने नहीं दिया जाएगा। सोनीपत में विकास के नये आयाम स्थापित किये जायेंगे। इस अवसर पर सुरेंद्र, ओमप्रकाश, अजय, धर्मपाल, राजवीर, दिलबाग भाटिया, गोविंद कटारिया, संजीव वलेचा, सतीश और बंसी पंडित आदि गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

# किसान यूनियन के धरने को इनेलो कार्यकर्ताओं ने दिया समर्थन


कैथल में लघु सचिवालय पर चल रहे धरने पर बैठे इनेलो पदाधिकारी व कार्यकर्ता।

पायनियर समाचार सेवा। कैथल


**भारतीय** किसान यूनियन द्वारा तीन अध्यादेशों को लेकर चल रहे धरने व प्रदर्शन को सैकड़ों की संख्या में जिला इनेलो पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने समर्थन दिया।

प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए इनेलो जिलाध्यक्ष राजा राम माजरा व युवा इनेलो जिलाध्यक्ष अनिल तंवर ने भाजपा गठबंधन सरकार पर गंभीर आरोप जड़ते हुए कहा कि सरकार किसानों के साथ दोहरा रवैया अपना रही है। प्रदर्शकारियों में व्यापारी नेता अशोक जैन, हलका अध्यक्ष संजीव छौत, राममेहर खुराना, महाबीर पट्टीअफगान, रोशन पाडला, दर्शन दिवाल, ऋषि राज राणा, भूपेंद्र जैलदार, सतपाल क्योड़क, फतेह सिंह नंबरदार मानस, रामकुमार वाल्मीकि, शमशेर कुराड़, अमित ढांडा, राजपाल क्योड़क, सुरेंद्र चंदाना और महिपाल नैन आदि उपस्थित थे।

### पायनियर पाठकों के लिए

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- तरुण सतीजा दुकान नंबर 3689 निकट काबली गुरुद्वारा एसजीएम नगर 7701965422
- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- कामरेड,बल्लभगढ़ रेड लाइट
- मदनलाल, अंबेडकर चौक बल्लभगढ़ 9811477204
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट
- त्रिलोक,फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103




**भरोसा अब सियासत के बयानों का नहीं कोई**
**यहाँ शैदाई ग़म के अब तरानों का नहीं कोई**
**पसीना खेत में बोते, करोड़ों रात-दिन रोते**
**सचाई तो सचाई है किसानों का नहीं कोई**

# एसडीएम ने नशा जागरुकता रैली को दिखाई झंडी

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र


हरी झंडी दिखा कर रैली को रवाना करते एसडीएम अखिल पिलानी व अन्य।

**उपमंडल** अधिकारी नागरिक अखिल पिलानी ने कहा कि आजकल की युवा पीढ़ी को नशे बचाने और जागरूक करना बहुत जरुरी है। केन्द्र सरकार द्वारा देश को नशा मुक्त करने के लिए नशा मुक्ति भारत अभियान को चलाने का निर्णय लिया है और इसके तहत देश के 272 जिलों का चयन किया गया है। इस अभियान के तहत हरियाणा के 10 जिलों को चिह्नित किया है, इन जिलों में कुरुक्षेत्र जिला को भी केंद्र सरकार द्वारा चयनित किया गया है।

एसडीएम अखिल पिलानी शनिवार को लघु सचिवालय परिसर में जिला समाज कल्याण विभाग की तरफ से आयोजित नशा मुक्त कुरुक्षेत्र साईकिल जागरुकता रैली को हरी झंडी देने के उपरांत पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इससे पहले एसडीएम अखिल पिलानी ने साइकिल रैली को हरी झंडी देकर रवाना किया। इस रैली में एसडीएम अखिल पिलानी, एसडीएम अनियल यादव, नगराधीश विरेन्द्र ढुल, पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी भी साइकिल रैली में साइकिल चलाकर आमजन को नशे बचने व दूर रहने का संदेश दिया। यह साईकिल रैली लघु सचिवालय परिसर से चलकर केडीबी रोड से होती हुई, देवीदास पुरा, जीटी रोड, पिपली, मथाना, सौंटी से होते हुए लाडवा अनाज मंडी में सम्पन्न हुई है।

एसडीएम अखिल पिलानी ने कहा कि योजनाबद्ध तरीके से थानेसर ही नहीं सभी नगर पालिकाओं के प्रत्येक वार्ड और गांव में इस प्रकार की साईकिल और जागरुकता रैलियों का आयोजन किया जाएगा। इन रैलियों में आमजन को नशे ना करने के बारे में जागरूक करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि देश से नशे को खत्म करने और युवा पीढ़ी को नशे के दुष्प्रभाव से बचाने के लिए केन्द्र सरकार ने एक विशेष नशा मुक्त भारत अभियान की शुरुआत की गई है। इस अभियान के तहत 15 अगस्त 2020 से इस अभियान की शुरू कर दिया है और 31 मार्च 2021 तक नशा मुक्ति भारत अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर आमजन को जागरूक किया जाएगा।

पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी ने कहा कि अभियान के लिए भारत सरकार द्वारा दिशा-निर्देश जारी किए हैं। अभियान को लेकर जारी दिशा-निर्देशानुसार एक जिला स्तरीय समिति का भी गठन किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि इस अभियान सफल बनाने के लिए 50 मास्टर वालेंटियर की भी पहचान की जाएगी। यह मास्टर वालेंटियर जिला रेडक्रॉस सोसाइटी व नेहरू युवा केन्द्र के माध्यम से लिए जाएंगे। मास्टर वालेंटियर को भारत सरकार से एनआईसीडी विभाग द्वारा आनलाइन प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। मौके पर जिला समाज कल्याण अधिकारी सुरजीत कौर, डीआईपीआरओ डॉ. नरेंद्र सिंह, यशवीर सिंह, संदेश कुमार, कर्नल राम कुमार सिंह, कोच पंजाब सिंह, सोहन लाल, सेना से सेवानिवृत्त अधिकारीगण व प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

## पायनियर क्लासीफाइड

◆ नाम परिवर्तन ◆

I, Avnish Kumar Arora S/o Vijay Kumar Arora R/o 3268 Jawahar Colony NIT Faridabad have changed my name to Avnish Arora.

I, Sitara W/o Yasin Khan R/o G-146 A C Nagar, NIT Faridabad HR have changed my name to Sitara Jahan.


सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद (हरियाणा) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा -201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। सम्पादक : चंदन मित्रा, स्थानीय सम्पादक : प्रवीण मोहंती । दूरभाष नंबर : (0129) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किये गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

# धरती के पर्यावरण की ढाल है ओजोन पर्त

जलवायु परिवर्तन के विनाशकारी प्रभावों का अनुभव करने के बाद, अब समय आ गया है कि सभी देश ओजोन पर्त की क्षमता बहाल करने के लिए निम्न कार्बन उत्सर्जन का मार्ग अपनाने हेतु साथ मिलकर काम करें।




षणमुगनाथम के.
आशीष सारस्वत



हमारी धरती के वातावरण की रक्षक ओजोन पर्त हमारे लौकिक एवं समुद्री जीवन के संरक्षण का काम करती है। वह पर्त जो अत्यधिक प्रतिक्रियाशील तथा ट्रेस गैसों से निर्मित होती है वायु के प्रत्येक 10 मिलियन अणुओं के लिए लगभग तीन अणु निर्मित करती है तथा सूर्य की पराबैंगनी किरणों को अवशोषित करती है जो धरती की ओर आती हैं। हालांकि, 1970 के पूर्वार्द्ध में निर्णयात्मक शोध के द्वारा इस अहम आवरण में समस्या के संकेतों को रेखांकित किया गया था। 1974 में, कैलीफोर्निया विश्वविद्यालय के स्वर्गीय प्रोफेसर शेरवुड रोलैंड एवं प्रोफेसर मारियो मोलिना एक लेख प्रकाशित किया था जिसमें क्लोरोफ्लोरोकार्बन (सीएफसी) गैसों से ओजोन पर्त को खतरों का उल्लेख किया गया था।

यह पाया गया कि, जो प्रशीतन के लिए आमतौर पर रेफ्रिजरेटरों आदि में इस्तेमाल किया जाता है वह धरती के वातावरण में प्रवाहित होने के बाद ओजोन लेयर को खा रहा है। स्थिति और भी बुरी हो जाती है क्योंकि सीएफसी का उपभोग इसकी कम कीमत तथा अज्वलनशील एवं गैरविषकारी गुणों के कारण विविध बिजनेसों व उद्योगों में चरघातांकीय रूप से बढ़ रहा है।

दुनिया के सर्वाधिक सफल समझौते की शुरुआत : प्रोफेसर रोलैंड एवं प्रोफेसर मोलिना के निष्कर्षों के 11 वर्ष बाद, वैज्ञानिकों की एक टीम ने भी ओजोन लेयर के सिकुड़ने के बारे में जाना, जिसे ओजोन छिद्र की संज्ञा दी जाती है। उन्हें महसूस हुआ कि सीएफसी ने ओजोन पर्त को भेदना प्रारम्भ कर दिया है जिससे अत्यंत हानिकारक पराबैंगनी किरणों का प्रवेश धरती की सतह तक होना संभव है। इसके परिणामस्वरूप मनुष्यों में त्वचा कैंसर के मामले बढ़ने लगे तथा भौतिक तथा समुद्री पारिस्थितिकीय तंत्र को नुकसान पहुंचने लगा। मानव स्वास्थ्य की रक्षा एवं पर्यावरण को सिकुड़ती ओजोन पर्त के हानकारक प्रभावों से बचाने का ध्येय लेकर, ओजोन पर्त के संरक्षण हेतु विएना कन्वेंशन 22 मार्च 1985 को अस्तित्व में आई।

कन्वेंशन ने मांट्रियल प्रोटोकाल (एमपी) के लिए व्यवस्था मुहैया कराई जो सार्वभौमिक मंजूरी प्राप्त करने के मामले में सर्वाधिक सफल पर्यावरण समझौता है। 16 सितम्बर 1987 को, संयुक्त राष्ट्र संघ व 45 अन्य देशों ने उन पदार्थों को लेकर मांट्रियल प्रोटोकाल पर हस्ताक्षर किए जो ओजोन पर्त का क्षरण करते हैं। इसका उद्देश्य ओजोन पर्त को पतला करने वाले पदार्थों पर विश्वव्यापी नियंत्रण, कटौती एवं चरणबद्ध रूप से उनका उपयोग बंद करके संरक्षाणात्मक ढाल का संरक्षण करना था। तीन दशक पूर्व, वैंकूवर की 12 वर्षीय लड़की, सेवर्न कुलिस सुजूकी, ने 1992 के पृथ्वी सम्मेलन के अवसर पर ओजोन का क्षरण करने वाले पदार्थों को चरणबद्ध रूप से हटाने के उपायों संबंधी रणनीति को लेकर विविध पक्षकारों का ध्यान खींचा था। कुलिस ने अपने ऐतिहासिक भाषण में कहा था, ''ओजोन पर्त में छिद्र के कारण मुझे सूर्य की रोशनी में बाहर जाने से डर लगता है। मुझे हवा में सांस लेने से भय लगता है क्योंकि मुझे नहीं पता उसमें कौन से रसायन मिले हुए हैं। यदि आपको नहीं पता कि समस्या से कैसे निबटा जाए, तो कृपया उसे तोड़ना बंद कर दीजिए।'

1994 में, संयुक्त राष्ट्र महासभा ने हस्ताक्षर वाले दिन की याद में 16 सितम्बर को ओजोन पर्त संरक्षण हेतु अंतरराष्ट्रीय दिवस घोषित किया था। आज, मांट्रियल प्रोटोकाल के सभी पक्षों ने अपने 98 प्रतिशत ओजोन क्षरण कारक पदार्थों का प्रयोग बंद कर दिया है जिससे प्रतिवर्ष दो मिलियन लोगों की त्वचा कैंसर से रक्षा होती है।

प्रमुख निर्धारक हैं प्रशीतक तत्व। प्रशीतकों की व्यवस्था की स्थापना ने 18वीं सदी के दौरान आकार लेना प्रारम्भ कर दिया था जब विश्व ने वाष्प संपीडन प्रशीतन प्रणाली नामक तकनीकी उच्चीकरण की पद्धति को अपनाया था जो बाद में सर्वाधिक सफल वाणिज्यिक तकनीक साबित हुई।

प्रशीतन की अप्रत्याशित आवश्यकता का परिणाम शुरुआत में अपनाए गए प्राकृतिक प्रशीतकों (कार्बनडाइ आक्साइड, अमोनिया, सल्फर डाइ आक्साइड, जल और वायु) के अनुप्रयोग के रूप में सामने आया। पहली पीढ़ी के प्रशीतकों का स्थान धीरे-धीरे फ्लोरोकेमिकल्स ने लिया, जिन्हें उनके विविध गुणों यथा स्थिरता, अज्वलनशीलता आदि के कारण आमतौर से क्लोरोफ्लोरोकार्बन- सीएफसी तथा

**प्रोफेसर रोलैंड एवं प्रोफेसर मोलिना के निष्कर्षों के 11 वर्ष बाद वैज्ञानिकों की एक टीम ने भी ओजोन लेयर के सिकुड़ने के बारे में जाना, जिसे ओजोन छिद्र की संज्ञा दी जाती है। उन्हें महसूस हुआ कि सीएफसी ने ओजोन पर्त को भेदना प्रारम्भ कर दिया है जिससे अत्यंत हानिकारक पराबैंगनी किरणों का प्रवेश धरती की सतह तक होना संभव है।**

हाइड्रोक्लोरोफ्लोरोकार्बन (एचएफसी) कहा जाता है, जैसे आर-123, आर13, आर22। शुरुआत में, प्रशीतकों की व्यवस्था को शोधकर्ताओं ने पर्यावरण के परिप्रेक्ष्य में नहीं देखा। बाद में, ओजोन पर्त पर उनके नकारात्मक प्रभावों ने एचएफसी तथा पेट्रोक्लोरोफ्लोरोकार्बन (पीएफसी) के इस्तेमाल को बढ़ावा दिया, जो ओजोन क्षरणकारी नहीं होते, लेकिन उनमें वैश्विक तापन की क्षमता होती हे जो जलवायु परिवर्तन में योगदान के मामले में कार्बन डाइआक्साइड से ज्यादा प्रभावी होते हैं। 2,000 के शुरुआती वर्षों के दौरान, एचएपुसी प्रशीतकों को अप्रत्याशित रूप से अपनाए जाने के चलते ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन को बढ़ावा मिला जिससे वैश्विक तापन प्रभाव सामने आने लगे।

एचएफसी प्रशीतकों के कारण पैदा कार्बन पादचिन्हों के घातक प्रभाव को महसूस करते हुए, वैश्विक नेताओं एवं संयुक्त राष्ट्र ने रवांडा की राजधानी में अक्टूबर 2016 में मांट्रियल प्रोटोकाल के सभी पक्षों की 28वीं बैठक आयोजित की। कन्वेंशन की परिणिति किगाली संशोधन के रूप में हुई, जिसका उद्देश्य जीएचजी उत्सर्जनों में कटौती करना था जिसके द्वारा इस सदी के अंत तक 0.5 डिग्री सेल्सियस वैश्विक तापन को कम किया जा सकता है, साथ में ओजोन पर्त का संरक्षण भी जरी रहेगा। टिकाऊ जलवायु का उद्देश्य लेकर किगाली संशोधन के अंतर्गत, विश्व की अर्थव्यवस्थाएं अब वैश्विक तापन निरोधक उपायों के तहत 2040 तक चरणबद्ध तरीके से वर्तमान में प्रयुक्त होने वाले एचसीएफसी का उपयोग घटाने के प्रयास कर रही हैं। निम्न जीडब्लूपी प्रशीतकों को अपनाने की प्रवृत्ति पर्यावरणीय लाभों की खोजकर के साथ ही साथ बाजार की तैयारी के साथ संबोधित किया जा सकता है। हालांकि, आगे बढ़ाते समय, बिजनेस के पूर्व परिदृश्य को बनए रखते हुए, प्रशीतक संक्रमण को बाजार की स्वीकार्यता के परिप्रेक्ष्य में देखना आवश्यक होता है। प्रशीतक का कुल पर्यावरणीय प्रभाव केवल कम अग्रिम लागत वाले प्रशीतकों, सभी प्रशीतन प्रणालियों की कुल ऊर्जा दक्षता एवं सुरक्षा पहलुओं को जोड़कर ही कम किया जा सकता है।

उदाहरण के लिए, बगैर संशोधन किए वर्तमान प्रशीतन प्रणाली के किसी प्रशीतक को बदल देने से वांछित आर्थिक एवं पर्यावरणीय लाभ उलट सकते हैं। ऐसे परिदृश्य से बचने के लिए, प्रशीतन उद्योग अगली पीढ़ी के निम्न जीडब्लूपी प्रशीतकों की वाणिज्यिक व्यावहार्यता सुनिश्चित करने के लिए प्रणालियां निर्मित करने के प्रयासों में लगा हुआ है। हालांकि, ऐसी नई प्रणालियों का इस्तेमाल बहुत सीमित है और प्रारम्भिक रूप से इस्तेमाल करने वाले पर निर्भर करता है जो आम तौर से प्रयुक्त होने वाले प्रशीतकों की वर्तमान प्रणालियों को पसंद करते हैं जिनकी कीमत कम है और परिणाम सिद्ध हो चुके हैं।

इस वर्ष ओजोन दिवस की थीम है, ''ओजोन फार लाइफ : ओजोन पर्त संरक्षण प्रयासों के 35 साल'' ओजोन पर्त के संरक्षण हेतु 1985 के विएना कन्वेंशन की सफलता को याद करते हुए। साथ ही साथ, वातावरण में जीएचजी उर्त्सजनों के निरंतर प्रवाहित होने का परिणाम यह हुआ है कि 2010-19 का दशक सर्वाधिक गर्म रहा है। जलवायु परिवर्तन के विनाशकारी प्रभावों का अनुभव करने के बाद, अब समय आ गया है कि सभी देश भावी पीढ़ियों के लिए ओजोन पर्त की क्षमता बहाल करने के लिए निम्न कार्बन उत्सर्जन का मार्ग अपनाने हेतु साथ मिलकर काम करें। प्रशीतन क्षेत्र में टिकाऊ ऊर्जा विकल्पों एवं वातावरण-हितैषी प्रशीतकों को अपनाकर 2100 तक वैश्विक तापन 0.5 डिग्री सेल्सियस तक घटाने की उम्मीद की जा सकती है।

भारत में विश्व की 16 प्रतिशत जनसंख्या निवास करती है लेकिन वर्तमान में केवल 7 से 9 प्रतिशत लोगों की पहुंच वातानुकूलन उपकरणों तक हो पाई है। प्रशीतन संकर-क्षेत्रीय है जो व्यापक रूप से विविध क्षेत्रों में होता है जैसे कि अंतरिक्ष प्रशीतन, उद्योग, परिवहन, खाद्य सुरक्षा आदि। अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी की रिपोर्ट 2018 के अनुसार, भारत का प्रशीतन उद्योग 2050 तक तेजी से बढ़ने की संभावना है। भविष्य में प्रशीतन की आवश्यकताओं को महसूस करते हुए, भारत ने सक्रिय रूप से मार्च 2019 में इंडियसा कूलिंग एक्शन प्लान के रूप में अपना सामरिक दस्तावेज प्रस्तुत किया है, जिसका उद्देश्य कम पर्यावरणीय प्रभावों के साथ अधिक टिकाऊ प्रशीतन हेतु समाधानों का अपनाना है।

इस अप्रत्याशित वृद्धि से निबटने के लिए, भारतीय प्रशीतन उद्योग के लिए देशीय शोध एवं विकासीय गतिविधियों को बढ़ावा देकर श्रेष्ठ ऊर्जा-दक्ष तकनीकी विकल्पों का उपयोग करने के लिए त्वरित पद्धतियों को रणनीतिक रूप देना अनिवार्य हो गया है तथा पूर्व बिजनेस परिदृश्य में पर्यावरण हितैषी प्रशीतकों के इस्तेमाल को प्रोत्साहन देने की आवश्यकता है। इसमें सहयोग देने के लिए अंतर मंत्रालयी कार्रवाइयों में समकालिकता, नवीन प्रशीतन तकनीकों के प्रमाणीकरण एवं वित्तपोषण, नई प्रशीतन तकनीकों के लिए कार्य प्रणालियों का पेटेंट कराना तथा वर्तमान प्रशीतन नीतियों का प्रभावी क्रियान्वयन आदि सुनिश्चित कराने की आवश्यकता है।

# सुशांत मामले में मीडिया कवरेज की प्रकृति

पब्लिक स्फेयर में चर्चा के लिए सूचना उपलब्ध कराने में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका है, पर उसकी यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी भी है कि जांच सही दिशा में चले। जांच और अभियोजन एजेंसियां कभी-कभी आपराधिक घटना के खुलासे के दबाव में निरपराध लोगों को फंसा देती हैं।



हिरण्यमय कार्लेकर
(लेखक, द पायनियर के सलाहकार संपादक हैं)



**मीडिया ने सुशांत** सिंह राजपूत की मौत मामले में नैतिक न्यायिक कवरेज सिद्धान्त की अनदेखी की है जिसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं। सुशांत सिंह राजपूत मामले में खासकर टेलीविजन कवरेज पर अनेक सवाल उठे हैं। जब तक प्रमाणों के आधार पर स्थापित न हो जाए, तब तक इसे आत्महत्या कहा जा सकता है। मामले में परस्पर आरोप-प्रत्यारोप वाले बयानों का दौर जारी है। में केवल इससे जुड़े गहरे मुद्दों पर गौर करना चाहता हूं। पहला यह है कि क्या इसकी विस्तारित कवरेज उचित है। निसंदेह यह घटना बहुत त्रासद है। भारतीय सिनेमा में उल्लेखनीय योगदान करने वाला एक युवा असमय विदा हो गया। उसकी मौत की असामान्य प्रकृति, इससे जुड़े आरोप-प्रत्यारोप, केन्द्र द्वारा सीबीआई जांच का फैसला, मामला हस्तांतरित करने का सर्वोच्च न्यायालय का निर्णय तथा बाद का घटनाक्रम निश्चित रूप से मीडिया कवरेज की जरूरत उजागर करता है। लेकिन क्या 14 जून को हुई कथित आत्महत्या के बाद से अधिकांश चैनलों के प्राइम टाइम कवरेज में इसे बड़ा स्थान मिलना ठीक है? देश वर्तमान समय में चीनी आक्रामकता के गंभीर खतरे, कोविड-19 महामारी के विस्तार तथा अर्थव्यवस्था पर संकट जैसी महत्वपूर्ण चुनौतियों का सामना कर रहा है। ऐसे में क्या इस मुद्दे को मिलने वाले समय की गुणवत्ता व विस्तार उचित है? इस सवाल के नकारात्मक या सकारात्मक जवाब में अनेक व्यक्तिनिष्ठ निर्णय हो सकते हैं, इसलिए इसे अंतिम नहीं कहा जा सकता है। दूसरे, कहा जाता है कि दर्शक इसी तरह की कवरेज चाहते हैं। वैसे सभी मुद्दों पर निर्णय व्यक्तिनिष्ठ होते हैं क्योंकि प्रमाणों की गुणवत्ता के आधार पर कोई व्यक्ति या समूह इनका आंकलन करता और नतीजे पर पहुंचता है। इसमें पूर्वाग्रहों व उन्मुखीकरण का भी अपना स्थान है। लेकिन समाज को उचित निर्णय करने के पहले अंतर्निहित सामाजिक संबंधों का ध्यान रखते हुए तार्किकता व नैतिकता को महत्व देना चाहिए।

सवाल है कि क्या सुशांत की मौत व उसके परिणामों की देश के लिए प्रासांगिकता चीनी आक्रामकता, कोविड-19 महामारी और आर्थिक संकट से अधिक है? केन्द्रीय राज्य मंत्री जी. किशन रेड्डी ने कांग्रेस सांसद के. सुधाकरन के सवाल का लिखित जवाब 15 सितंबर को लोकसभा में दिया, 'नारकोटिक्स कंटोल ब्यूरो-एनसीबी अपनी या अन्य स्त्रोतों से मिली जानकारियों के आधार पर पूरे साल तलाशी, जब्ती, गिरफ्तारी व जांच का काम लगातार करता है। कोविड-19 लाकडाउन के कारण एनसीबी को फिल्म उद्योग और नशा व्यापारियों के बीच गठजोड़ के खुलासे वाली कोई कारगर सूचना नहीं मिली थी। लेकिन इस संबंध में एनसीबी मुंबई जोनल कार्यालय ने 28 अगस्त, 2020 को एक मामला दर्ज कर अब तक 10 लोगों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से गांजा, हशीश, टेटां हाइडो कैनाबिनाल व लिसर्जिक एसिड डी इथिलमाइड जैसे नशे जब्त हुए हैं।' एनसीबी द्वारा निकाले नतीजे की प्रतीक्षा करनी होगी। लेकिन ऐसा नहीं लगता कि सुशांत की मौत के बाद उसकी कार्रवाई किसी देशव्यापी नशा व्यापारी गठजोड़ का खुलासा करने वाली है।


**देश वर्तमान समय में चीनी आक्रामकता के गंभीर खतरे, कोविड-19 महामारी के विस्तार तथा अर्थव्यवस्था पर संकट जैसी महत्वपूर्ण चुनौतियों का सामना कर रहा है। ऐसे में क्या इस मुद्दे को मिलने वाले समय की गुणवत्ता व विस्तार उचित है? इस सवाल के नकारात्मक या सकारात्मक जवाब में अनेक व्यक्तिनिष्ठ निर्णय हो सकते हैं, इसलिए इसे अंतिम नहीं कहा जा सकता है। दूसरे, कहा जाता है कि दर्शक इसी तरह की कवरेज चाहते हैं। वैसे सभी मुद्दों पर निर्णय व्यक्तिनिष्ठ होते हैं क्योंकि प्रमाणों की गुणवत्ता के आधार पर कोई व्यक्ति या समूह इनका आकलन करता और नतीजे पर पहुंचता है।**

यह तर्क कुछ सीमा तक उचित हो सकता है कि दर्शकों को सेलेब्रिटीज़ से जुड़ी इस प्रकार की कवरेज में दिलचस्पी होती है जो खासकर किसी आश्चर्यजनक त्रासद घटना के बाद बढ़ जाती है। लेकिन यह तर्क ठीक नहीं कहा जा सकता है। एक समय रोम के कोलेजियम में एकत्र जनता द्वारा ग्लेडियेटर की दूसरे ग्लेडियेटर या शेर से मारे जाने पर खुशी सामान्य बात मानी जाती थी। आज भी स्पेन में बहुत से लोग सांडों की लड़ाई में किसी मैटाडोर की मौत से खुश होते हैं और हजारों लोग दक्षिण भारत में बैलों की भयंकर लड़ाई जलीकट्टू से खुश होते हैं। लेकिन केवल जनता के देखने से इन घटनाओं या उनकी व्यापक कवरेज को ऐसे समय उचित नहीं कहा जा सकता है, जब इससे देश के सामने मौजूद महत्वपूर्ण समस्याओं से ध्यान हटता हो। जर्मन सामाजिक दार्शनिक जर्गन हेबरमास ने इसे 'पब्लिक स्फेयर' कहा है। उसने 'स्टंक्ररल टॉसफारमेशन आफ द पब्लिक स्फेयर' में यह भी कहा है कि 'यह सार्वजनिक स्थल पर एकत्र लोगों द्वारा बनता तथा समाज व राज्य की आवश्यकताओं को जोड़ता है।' इस स्पेस में लोग समाज व राज्य से जुड़े सार्वजनिक मुद्दों की चर्चा करते हैं तथा एक सार्वजनिक राय बनाते हैं जो राज्य को नागरिकों के प्रति जवाबदेह बनाती है।

पब्लिक स्फेयर में चर्चा के लिए सूचना उपलब्ध कराने में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका है, पर उसकी यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी भी है कि जांच सही दिशा में चले। जांच और अभियोजन एजेंसियां कभी-कभी आपराधिक घटना के खुलासे के दबाव में निरपराध लोगों को फंसा देती हैं। इस लेखक ने पत्रकार बनने का निर्णय हेनरी हैथवे की सच्ची घटना पर आधारित फिल्म 'काल नार्थसाइड 777' से प्रभावित होकर लिया था। इसमें शकागो डेली टाइम्स का रिपोर्टर जेम्स मैक्यूर जोसेफ मैजजेक को रिहा करवा देता है जिसे एक पुलिस अधिकारी की हत्या में गलत तरीके से फंसा दिया गया था और उसे 99 साल की सजा मिली थी। सुशांत सिंह राजपूत का मामला मुझे मैल्काम फीले की बहुचर्चित पुस्तक 'प्रोसेस इज़ द पनिशमेंट: हैंडलिंग केसेज़ इन ए लोअर क्रिमिनल कोर्ट' की याद दिला देता है। हालांकि, इसका संबंध भारत के बजाय अमेरिकी अदालतों से है, पर भारत की अदालतों में भी लगभग ऐसी ही समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। क्या अंततः निर्दोष सिद्ध होने वाले व्यक्ति के लिए यह त्रासदी उचित होगी कि मीडिया पर उसे दोषी ठहराने का दबाव था? इसका अर्थ यह नहीं है कि खोजी पत्रकारिता को ऐसे मामलों में हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए जिनकी जांच चल रही हो। लेकिन इसका अर्थ निश्चित रूप से लोकतांत्रिक व उदारवादी न्याय प्रणाली के दो मुख्य सिद्धान्तों पर काम करना और उनकी निष्ठा का सम्मान करना जरूर है जो मानवाधिकारों से जुड़े हैं। इनमें से पहला संयुक्त राष्टंसंघ द्वारा 1948 में घोषित मानवाधिकारों की सार्विक घोषणा का अनुच्छेद 11-1 में निहित है। इसके अनुसार, 'आपराधिक मामले के किसी आरोपी को उस समय तक निरपराध समझे जाने का अधिकार है, जब तक उसे कानून के अनुसार ऐसी सार्वजनिक सुनवाई में दोषी न सिद्ध किया जाए जिसमें उसे अपने बचाव के लिए आवश्यक सभी गारंटियां मिली हों।' इसे मानवाधिकार संरक्षण के यूरोपीय प्रस्ताव में भी शामिल किया गया है जो मूल रूप से मानवाधिकार तथा मूल स्वतंत्रताओं के संरक्षण का प्रस्ताव था। 3 सितंबर, 1953 को लागू हुए इस प्रस्ताव के अनुच्छेद 6-2 में कहा गया था, 'आपराधिक कृत्य के आरोपी सभी लोगों को उस समय तक निरपराध माना जाएगा जब तक उनको कानून के अनुसार दोषी न मान लिया जाए।' प्रख्यात ब्रिटिश न्यायविद विलियम ब्लैकस्टोन ने दूसरे सिद्धान्त को ब्रिटेन में कानूनों पर टिप्पणियां करते हुए स्पष्ट किया है। उनके अनुसार, 'अपराध के सभी प्रमाणों को सावधानी से स्वीकार किया जाना चाहिए। कानून के अनुसार एक निरपराध को सजा मिलने से बेहतर दस दोषियों का छूट जाना है।' संयुक्त राज्य अमेरिका के एक संस्थापक बेंजामिन फ्रेंकलिन ने और आगे बढ़ते हुए मार्च, 1785 को एक पत्र में लिखा था, 'एक निरपराध व्यक्ति को सजा मिलने से बेहतर 100 दोषी व्यक्तियों का बरी हो जाना है। इस सिद्धान्त को लंबे समय से स्वीकार किया गया है।' पत्रकारों को दोनों बातें हमेशा याद रखनी चाहिए।

# फरीदाबाद में डिस्पेंसरी बनेगी मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल

## सीएम मनोहर लाल ने करोड़ों की विकास परियोजनाओं को दी मंजूरी



**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने विभिन्न विकास कार्यों के लिए नगर निगम, फरीदाबाद को 5.66 करोड़ रुपये की धनराशि के आवंटन को मंजूरी दे दी है, जिसमें सिविल डिस्पेंसरी, ओल्ड फरीदाबाद को अपग्रेड करके मल्टी-स्पेशलिटी अस्पताल बनाना और ओल्ड फरीदाबाद के प्राथमिक बॉयज स्कूल को माध्यमिक विद्यालय के स्तर पर अपग्रेड करना शामिल है।

सरकारी प्रवक्ता ने शनिवार को इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि बल्लभगढ़ क्षेत्र में सीवर लाइनों को बिछाने के लिए 2.72 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि आवंटित की गई है, जिसमें वार्ड संख्या 37, बल्लभगढ़ में बनियावाड़ा और कुमारवाड़ा की सीवर लाइन के कार्य पर 86.43 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। जबकि वार्ड संख्या 36, बल्लभगढ़ में सीही गेट रोड से डिस्पोजल सेक्टर-3, तिगांव रोड की सीवर लाइन के कार्य पर 86.06 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। इसी प्रकार, मिल्क प्लांट रोड से अहीरवाड़ा, राजवाड़ा, बाल्मीकि बस्ती, बनियावाड़ा, कुमारवाड़ा और तिगांव रोड, बल्लभगढ़ की सीवर लाइन पर 99.59 लाख रुपये खर्च होंगे। उन्होंने बताया कि सिविल डिस्पेंसरी, ओल्ड फरीदाबाद को अपग्रेड करके मल्टी-स्पेशलिटी अस्पताल बनाने और प्राथमिक बॉयज स्कूल को माध्यमिक विद्यालय के स्तर पर अपग्रेड करने के लिए 99.76 लाख रुपये आवंटित किए गए हैं। प्रवक्ता ने बताया कि नगर निगम, फरीदाबाद के वार्ड नंबर-33 में सेक्टर-11 मार्केट की पार्किंग को चौड़ा करने के लिए 80 मिमी मोटाई की इंटरलॉकिंग पैवर्स टाइलें लगाने के लिए 98.84 लाख रुपये तथा वार्ड संख्या-37 में विभिन्न सड़कों पर एम-20 ग्रेड का रेडी मिक्स कंक्रीट (आरएमसी) के कार्य के लिए 95.65 लाख रुपये आवंटित किए गए हैं।

## हरियाणा के प्राइवेट स्कूलों में भी बनेंगे परिवार पहचान पत्र

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने सोमवार से प्रदेश में परिवार पहचान पत्र का दूसरा चरण शुरू करने का फैसला किया है। जिसके तहत राज्य के बीस हजार निजी स्कूलों में भी परिवार पहचान पत्र बनाए जाएंगे।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने 4 जुलाई 2020 को पंचकूला में 20 परिवारों को परिवार पहचान पत्र देकर यह योजना शुरू की थी। सरकार द्वारा प्रदेश में 56 लाख परिवारों का डाटा जुटाया गया है जिनमें 18 लाख 28 हजार परिवारों के परिवार पहचान पत्र बनाने का काम शुरू हो चुका है। सरकार ने तीन माह के भीतर पूरे हरियाणा को इस योजना के तहत कवर करने का फैसला किया है।

पहले चरण में प्रदेश सरकार द्वारा सभी सरकारी स्कूलों में परिवार पहचान पत्र बनाए, जाने के बाद अब सोमवार से निजी स्कूलों को भी इस प्रक्रिया में शामिल किया जा रहा है। शिक्षा निदेशालय द्वारा प्रदेश के सभी जिला शिक्षा अधिकारियों, जिला मौलिक शिक्षा अधिकाररियों को निर्देश जारी कर दिए हैं। निजी स्कूल प्रबंधक परिवार पहचान पत्र बनाने वाले कर्मचारियों को बैठने के लिए स्थान उपलब्ध करवाएंगे।

## अमरेंद्र सिंह अरोड़ा को मिली फिर से प्रदेश युवा इकाई की कमान



हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष को सिरोपा भेंट करते युवा अध्यक्ष अमरेंद्र सिंह अरोड़ा व अन्य।

**करनाल।** हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष बलजीत सिंह दादूवाल ने शनिवार को पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल पर श्री अकाल तख्त की मान मर्यादा को धूमिल करने का आरोप लगाया लगाते हुए कहा कि बादल परिवार ने पंजाब और हरियाणा में गुरुद्वारों के लिए अलग-अलग राजनीति की और हरियाणा में सिख पंथ को बेच डाला।

उन्होंने कहा कि बादल परिवार ने हरियाणा के गुरुद्वारों में मौजूद केवल गुल्लकों पर कब्जा जमाने का काम किया और हरियाणा सिख समुदाय की बाजुओं को परे झटक दिया। वह शनिवार को सीएम सिटी करनाल में अपने सम्मान में आयोजित समागम को संबोधित कर रहे थे। समागम का आयोजन हरियाणा युवा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष अमरेंद्र सिंह अरोड़ा ने किया। इससे पहले दादूवाल ने हरियाणा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की युवा इकाई की कमान अमरेंद्र सिंह अरोड़ा को सोपने का एलान करते हुए कहा कि अमरेन्द्र सिंह अरोड़ा ही युवाओं को संगठित करने में सक्षम हैं। वहां मौजूद सिख संगत ने अमरेन्द्र सिंह के एलान का तालियां बजा कर स्वागत किया। नप के पूर्व प्रधान बलविंदर सिंह कालड़ा, बलविंदर सिंह डाचर, ध्यान सिंह पेहवा, गुरमेल सिंह, गुरविंदर सिंह, जरनैल सिंह, अमृतपाल सिंह, जसप्रीत सिंह, हरविंदर सिंह अरोड़ा, जगजीत सिंह, यादविंदर सिंह, पलविंदर सिंह बेदी, पलविंदर सिंह, गुरुदेव सिंह पीपली, सुरजीत सिंह दरड़, भाकियू के प्रदेश अध्यक्ष सेवा सिंह आर्य, संजय बत्रा, परमजीत सिंह अरोड़ा मौजूद थे।

## संक्षिप्त समाचार

### शनिवार को गुरुग्राम में कोरोना के 360 नए केस, 3 मौत

**गुरुग्राम।** शनिवार को जिले में कोरोना के 360 नए केस आए और 3 लोगों की मौत हो गई। अब तक 159 की मौत कोरोना से हो चुकी है। अब तक जिले में कोरोना के 17423 पॉजिटिव केस आ चुके हैं। जिला स्वास्थ्य विभाग की ओर से शनिवार को जारी बुलेटिन के मुताबिक अब तक 228468 लोगों को सर्विलांस पर लिया गया है। 183927 ने अपना सर्विलांस पीरियड पूरा कर लिया है। वहीं 44541 लोग अभी भी सर्विलांस पर हैं। अब तक 225152 लोगों के सैम्पल लेकर जांच को भेजे गए हैं, जिनमें से 204211 की रिपोर्ट नेगेटिव आई है और 17423 की रिपोर्ट पॉजिटिव। इनमें से 14483 लोग ठीक हो चुके हैं। जिले में एक्टिव केस 2781 रह गए हैं। शनिवार को 360 नए केस आए और 331 ठीक भी हुए। जोन-1 में 63, जोन-2 में 84, जोन-3 में 83, जोन-4 में 80, पटौदी खंड में 20, फरुखनगर में एक, सोहना खंड में 20 केस आए हैं।

### इनेलो ने दिया किसानों व आढ़तियों के धरने को समर्थन

**इंद्री।** अनाज मंडी में आढ़तियों, किसानों व मंडी से जुड़े सभी लोगों ने दूसरे दिन भी अपना रोष प्रदर्शन जारी रखते हुए सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। मौके पर काफी संख्या में आढ़ती व किसान मौजूद रहे। शनिवार को धरने को उस समय और बल मिल गया जब इनेलो नेता प्रदीप कांबोज ने अपने समर्थकों से धरने को अपना समर्थन दिया। इनेलो नेता प्रदीप काबोज ने कहा कि सरकार तीनों अध्यादेश लागू करके आढ़ती और किसान के बीच का संबध तोड़ने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि इन अध्यादेशों की वजह से किसान, आढ़ती और मजदूर वर्ग परेशान है। मौके पर मंडी प्रधान सतपाल बैरागी, पृथ्वीराज कांबोज, पवन सिंगला, बलवान, मुकेश मंगला, जय प्रकाश बंसल, कृष्ण पसरीचा, बाल कृष्ण लांबा, सुभाष बंसल, बलराम सहित काफी संख्या में आढ़ती व मजदूर मौजूद रहे।

### वैल्डिंग करते समय तेल टैंकर में लगी आग, ड्राइवर झुलसा

**इंद्री।** अनाज मंडी के पास एक तेल टैंकर में वैल्डिंग करते समय आग लग गई है जिससे एक धमाका हआ। हादसे में गंभीर रूप से झुलसे टैंकर ड्राइवर इंद्री के सरकारी हस्पताल ले जाया गया। प्रत्यक्षदर्शी बबली दीवान व राजेश चहल ने बताया कि वैल्डिंग करते समय टैंकर में गैस बनने के कारण आग लगी है जिससे टैंकर के उपर बैठा ड्राइवर की चपेट में आ गया। उन्होंने बताया कि उसपर कंबल डालकर इंद्री के सरकारी अस्पताल में पहुंचाया। उन्होंने बताया कि टैंकर में गैस बनने के कारण यह हादसा हुआ है। हादसे में कोई जानमाल का नुकसान नहीं हुआ। पुलिस अधिकारी गुरजीत सिंह ने बताया कि टैंकर में आग लगने की सूचना मिली थी। उन्होंने बताया कि राजू मेहता के पेट्रोल पंप से यह टैंकर वैल्डिंग कराने आया था जहां यह हादसा हो गया। इस में ड्राइवर को चोट लगी है जिसे सरकारी हस्पताल में दाखिल कराया है। बाकि पुलिस आग लगने के कारणों की जांच कर रही है।

### एक हजार पौधे लगा कर गांव लुखी में पौधारोपण शुरू

**कुरुक्षेत्र।** जननायक जनता पार्टी के युवा जिलाध्यक्ष जसविंद्र सिंह खैहरा ने कहा है कि पर्यावरण को शुद्ध रखना हमारा परम कर्तव्य बनता है। पर्यावरण को शुद्ध रखने के लिए आवश्यक है कि हमें समय-समय पर पौधारोपण करना चाहिए। जसविंद्र सिंह खैहरा शनिवार को गांव लुखी में पौधारोपण अभियान की शुरुआत कर रहे थे। खैहरा ने बताया कि उन्होंने टीम के साथ मिलकर गांव लुखी में लगभग एक हजार पौधे लगाकर पौधारोपण अभियान की शुरुआत की है। इसके बाद वे हर गांव में 500-500 पौधे लगाएंगें, ताकि पर्यावरण शुद्ध हो सके। जसविंद्र सिंह खैहरा ने कहा कि वे गांवों में सार्वजनिक भूमि पर पौधे लगाएंगें। कई स्थानों पर तो देखा जाता है कि शमशान घाट जैसे स्थानों पर कोई पौधा नहीं लगा होता, जबकि वहां जगह भी खाली होती है और छाया की भी आवश्यकता होता है। वे प्रयास करेंगें कि हर गांव में जाएं व इस प्रकार के स्थानों पर पौधे रोपित करें जहां जगह खाली है व छाया की आवश्यकता है। खैहरा ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि वे जन्मदिन, सालगिरह या शादी जैसे विशेष अवसरों पर पौधे लगाएं। इस अवसर पर बल्ली राणा, नीरज भारद्वाज, प्रमोद राणा, सुखदेव राणा, चीलू राम, पपिंद्र राणा, जतिन राणा, राहुल राणा, अनूप राणा, सोनू राणा, अजय राणा सहित अन्य ने सहयोग किया।

### किसानों को दिग्भ्रमित कर रहा विपक्ष : योगेश शर्मा

**कुरुक्षेत्र।** जन नायक जनता पार्टी के पूर्व प्रत्याशी एंव कार्यालय सचिव योगेश शर्मा ने कहा कि हरियाणा में जजपा-भाजपा सरकार किसानों, जीमीदारों और आम आदमी के हित में कार्य कर रही है। अपने कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान शर्मा ने कहा कि विपक्ष के पास सरकार के खिलाफ कोई मुद्धा नहीं है, इसलिए कांग्रेस और इनेलो किसानों को दिग्भ्रमित कर अपनी राजनीति चमका रहे हैं। जजपा नेता ने कहा कि जजपा सुप्रीमो दुष्यंत चौटाला की बढ़ती लोकप्रियता और नितियों से घबराए पूर्व सीएम भूपेन्द्र हुड्डा बोखला गए हैं। उन्होंने कहा कि सुरजेवाला और हुड्डा पहले आपस में लडतें थे अब किसानों को बेसाखियां बनाकर सरकार से लड़ रहे हैं। शर्मा ने कहा कि दुष्यंत चौटाला किसानों के सच्चे हमदर्द है।

### भाजपा सरकार किसानों व व्यापारियों को बर्बाद करने पर तुली



**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस महिला विंग की प्रदेश उपाध्यक्षा सुनीता नेहरा ने कहा कि सरकार किसानों और व्यापारियों को बर्बाद करने पर तुली है। इसलिए केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा 3 अध्यादेशों को लागू किया गया है। वे गांव सूढ़पुर में लोगों से जनसंपर्क कर रही थी। उन्होंने कहा कि किसानों व व्यापारियों के खिलाफ लाए गए तीनों अध्यादेशों का कांग्रेस विरोध कर रही है, क्योंकि कांग्रेस ही एक मात्र ऐसी पार्टी है, जो हर वर्ग के कल्याण के लिए सोचती है। उन्होंने कहा कि पार्टी द्वारा इन अध्यादेशों को रद्द करने की मांग की जा रही है। नेहरा ने कहा कि 21 सितम्बर को कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा के नेतृत्व में उपायुक्त कार्यालय पर प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा जाएगा। मनीष शर्मा, चरणजीत, विकास, पवन सैनी सहित अन्य मौजदू रहे।

## प्रतियोगिता में कक्षा नौवीं के उदय शर्मा रहे प्रथम

**शाहाबाद मारकंडा।** सिटी हर्ट स्कूल में कोविड-19 पर ऑनलाईन क्विज प्रतियोगिता आयोजित करवाई गई, जिसमें लगभग 78 विद्यार्थियों ने भाग लिया। स्कूल के प्रबंधक सतीष अहूजा ने विडियो कॉल के माध्यम से बच्चों को कोरोना के बारे में विस्तार से बताया। स्कूल की मुख्याध्यापिका चंचल आहुजा ने भी बच्चों को कोरोना से बचाव के बारे में बताया। रोटरी क्लब शाहाबाद के सचिव रो. आरएस घुम्मन ने बताया कि प्रतियोगिता में कक्षा नौवीं से उदय शर्मा प्रथम, कक्षा सातवीं से विषाखा शर्मा द्वितीय तथा कक्षा दसवीं से लिशिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# जजपा ने रेवाड़ी में दिया अनुसूचित जाति को प्रतिनिधित्व

## सभ्रवाल को बनाया जजपा का जिला प्रधान

**पायनियर समाचार सेवा।** रेवाड़ी

**जननायक** जनता पार्टी द्वारा गठित की गई नई कार्यकारिणी में पार्टी ने जिले में अनुसूचित जाति को प्रतिनिधित्व देते हुए जिले की बावल विधानसभा सुरक्षित सीट से चुनाव लड़ चुके श्याम सुंदर सभ्रवाल को जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है। इधर पार्टी कार्यकर्ताओं ने नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए नवनियुक्त जिला अध्यक्ष को बधाई दी है।



जजपा का जिला अध्यक्ष बनने पर श्यामसुंदर सभ्रवाल को बधाई देते पार्टी कार्यकर्ता।

सभ्रवाल की जिला अध्यक्ष के पद पर नियुक्ति होने के बाद पार्टी के दर्जनों कार्यकर्ताओं ने निवास पर पहुंचकर फूल मालाएं पहनाकर उनका स्वागत किया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि नेतृत्व ने श्याम सुंदर सभ्रवाल को जिला अध्यक्ष का पद देकर जमीन से जुड़े कार्यकर्ता को स6मान देने की अपनी परंपरा को निभाया है। उन्होंने कहा कि पार्टी के गठन के समय दक्षिणी हरियाणा में सबसे पहले सभ्रवाल ने दुष्यंत चौटाला की आवाज को बुलंद कर कार्यकर्ताओं में जोश भरने का काम किया था। कार्यकर्ताओं के बीच उनकी बेहद साफ व स्वच्छ छवि है। सभी ने उन्हें बधाई दी। इधर सभ्रवाल ने कहा कि वह पार्टी द्वारा दी गई जिम्मेदारी को और भी मजबूती व कर्तव्यनिष्ठा के साथ निभाएंगे। उन्होंने हमेशा अजय सिंह चौटाला व दुष्यंत चौटाला की नीतियों पर चलकर पार्टी के लिए काम किया है, उनकी मेहनत का पहिया कभी नहीं थमेगा। पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाकर संगठन को और मजबूत करने की दिशा में काम करेंगे। सभ्रवाल को बधाई देने वालों में प्रमुख रूप से टेकचंद सैनी, चौधरी देवीराम, बिमला चौधरी, मलखानसिंह, शीशराम चौंकन, बच्चू सिंह, मास्टर रणवीर, अमन जून, राजबीर तिहाड़ा, विपिन माजरा, झम्मन बीदावास, सत्येंद्र झाबुआ और अन्य शामिल थे।

## पेड़ से लटका मिला युवक का शव हत्या या आत्महत्या

**रेवाड़ी।** रेवाड़ी-महेंद्रगढ़ रोड पर गांव बालावास में रेलवे फाटक के निकट पेड़ पर लटके मिले एक युवक के शव के बाद सनसनी फैल गई है। मृतक की पहचान अभी नहीं हो पाई है।

मृतक के चेहरे पर चोट के निशान हैं। हालांकि आशंका हत्या की जताई जा रही है, लेकिन पुलिस इसे आत्महत्या का केस मानकर जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार बीती रात पुलिस को कंट्रोल रूम से सूचना मिली कि रेवाड़ी-महेंद्रगढ़ रोड पर गांव बालावास अहीर में रेलवे फाटक के निकट एक युवक का शव पेड़ से लटका हुआ है।

# एक साल की मौन साधना पर किताब लिखेंगी साध्वी डॉ. मैत्रेयी आनंद

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र

**जगद** गुरु ब्रह्मानंद वैदिक शोध संग्रहालय की संचालिका देवी डॉ. मैत्रेयी आनंद अपनी एक साल की मौन साधना पर जल्द ही किताब लिखेंगी। डॉ. मैत्रेयी आनंद ने 17 सितंबर 2019 को हरिद्वार में गंगाजल हाथों में लेकर एक साल का मौन धारण करने का संकल्प लिया था। अब यह संकल्प पूरा हुआ है।

संग्रहालय में पत्रकारों से बातचीत में डॉ. मैत्रेयी आनंद ने बताया कि यह पहली बार था कि जब उन्होंने एक साल लंबी मौन साधना की। इससे पहले उन्होंने 3-3 महीने की मौन साधना एकांत में रहकर की है। मगर इस बार लोगों के बीच में रहकर एक साल की साधना को पूरा किया। इस दौरान वे दो महीने तक ऑस्ट्रेलिया में रहकर हवन-यज्ञ करके आई। उन्होंने बताया कि इस एक साल की मौन साधना पर दीवाली तक मौन साधना का संगीत नाम से किताब लिखेंगी।

डॉ. मैत्रेयी आनंद ने बताया कि छह साल की आयु से ही वे भजन करने लग गई थी। इसके बाद उनकी रुचि पढ़ाई और अध्यात्म में अधिक हुई। उन्होंने 1979 में पहली बार 21 दिन की मौन साधना की थी। इस बार परीक्षा एक साल की थी, लेकिन गुरु ब्रह्मानंद के आशीर्वाद से यह साधना भी पूरी हुई। उन्होंने बताया कि 4 सितंबर 2019 को सुबह के समय हरिद्वार में गंगा किनारे उन्हें आभास हुआ कि एक साल का मौन व्रत रखने के लिए उन्हें कोई दैवीय शक्ति इशारा कर रही है। इसके बाद उन्होंने मन में संकल्प धारण किया और एक साल के लिए मौन व्रत का संकल्प ले लिया।



पत्रकारों से बातचीत करती देवी डॉ. मैत्रेयी आनंद।

डॉ. मैत्रेयी ने कहा कि मौन साधना के दौरान ध्यान और एकाग्रता बहुत अधिक बढ़ी। उनके मुताबिक एक साल के दौरान उन्होंने 3 समय हवन यज्ञ रोजाना किया। सुबह लोंग, दोपहर को इलायची और शाम को काली मिर्च से हवन किया गया। हवन यज्ञ के दौरान गाय का घी और गाय के गोबर से बनी समीधा यानि लकड़ी का प्रयोग किया। अब 1008 लोगों को तुलसी के पौधे संग्रहालय की ओर से वितरित किए जाएंगे। इस अवसर पर प्रवेश राणा, जसमेर खनोदा, सुरजीत सुनहेड़ी, रामपाल आलमपुर, सुलतान और अजमेर आलमपुर मौजूद रहे।

## किसान विरोधी अध्यादेश वापस ले सरकार : मदान

**सोनीपत।** समाजसेवी एवं कांग्रेस नेता निखिल मदान ने केंद्र सरकार द्वारा पेश किए गए कृषि अध्यादेशों को किसानों के लिए नुकसानदायक बताते हुए सरकार से अपील की कि वो इन अध्यादेशों को वापस ले और फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य की बात करें। निखिल मदान ने जारी एक बयान में कहा कि सरकार वर्तमान अध्यादेश में फसलों को देश में किसी भी राज्य में बेचने की बात कर रही है, लेकिन न्यूनतम समर्थन मूल्य का वादा करने से बच रही है, जो किसानों के साथ सरासर धोखा है।

ये अध्यादेश मुख्य तौर पर मंडियों को खत्म करने और कृषि का निजीकरण करने का प्रयास है। कोरोना महामारी के चलते किसान पहले ही नुकसान में है और अब इस तरह के काले अध्यादेश से किसानों को और ज्यादा नुकसान होगा। निखिल मदान ने बताया कि इस अध्यादेश और किसानों पर कुरुक्षेत्र में हुए लाठीचार्ज के विरोध में प्रदेश कांग्रेस कमेटी सोमवार सुबह पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन कर उपायुक्त को ज्ञापन देगी और अध्यादेश को रद्द करने की मांग करेगी।

# पीएम मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में 47 यूनिट रक्तदान एकत्रित किया

**पायनियर समाचार सेवा।** पटौदी

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में पटौदी खंड के गांव बोहड़ाकलां स्थित एसएससी अकादमी में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। ग्राम पंचायत बोहड़ाकलां की ओर से आयोजित शिविर में नवकल्प फाउंडेशन गुरुग्राम व रोटरी क्लब ऑफ गुड़गांव साउथ सिटी का विशेष योगदान रहा। शिविर में 47 यूनिट रक्तदान हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस की यहां सभी को बधाई देने के साथ रक्तदान जैसे नेक कार्य में भाग लेने पर रक्तदाताओं को सम्मानित भी किया। शिविर का शुभारंभ पटौदी के विधायक सत्यप्रकाश जरावता ने किया।

अपने संबोधन में विधायक सत्यप्रकाश जरावता ने कहा कि रक्तदान करके हम दूसरों का सीधे तौर पर जीवन बचा सकते हैं। इंसान का रक्त इंसान को ही लगाया जा सकता है। इसलिए अधिक से अधिक संख्या में लोग रक्तदान करें। ग्राम पंचायत बोहड़ाकलां के सरपंच यजविंद्र शर्मा के सहयोग की भी सराहना विधायक सत्यप्रकाश जरावता ने की। उन्होंने रक्तदान करने वाले 46 लोगों के हौसले को भी सराहा। बता दें कि कोरोना महामारी काल में टीम नवकल्प की ओर से अब तक छह रक्तदान शिविर लगा दिए है। ग्राम सरपंच यजवेंद्र शर्मा, रोटरी क्लब ऑफ गुड़गांव साउथ सिटी के अध्यक्ष एडवोकेट नवीन गुप्ता, रोटरी क्लब के एसोसिएट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रविन्द्र जैन, रोटेरियन गौरव मंगला, नवकल्प फाउंडेशन के उपाध्यक्ष व सिग्नेचर सत्वा के चेयरमैन प्रवीण अग्रवाल, गजेंद्र, प्रवीण शर्मा, राजबाला, विनोद गुप्ता, जिला पार्षद भूपेन्द्र पलासोली, पटौदी मंडल अध्यक्ष कृष्ण यादव, परिवर्तन एक प्रयास संस्था के धर्मबीर हिंदुस्तानी, मिसेज हरियाणा एवं समाजसेवी रितु कटारिया, विनोद गुप्ता, धर्मवीर, प्रवीण शर्मा, रविंद्र, मेहर सिंह गांधी, पूर्व मंडल अध्यक्ष नरेश शीलू, दयाराम मिल्कपुर,धर्मेन्द्र कुम्भावास, सतबीर चौहान, अभय चौहान, नंदलाल आदि मौजूद थे।



गुरुग्राम के गांव बोहड़ाकलां में लगाए गए रक्तदान शिविर में रक्तदाता व आयोजकों के साथ विधायक सत्यप्रकाश जरावता।




## पूंजीपतियों के हाथ गिरवी रखने का षडयंत्र कर रही खट्टर-दुष्यंत सरकार

**कैथल।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के महासचिव रणदीप सुरजेवाला ने शनिवार को कैथल में अपने निवास किसान भवन पर पत्रकार वार्ता को सम्बोधित किया और भाजपा सरकार द्वारा किसानों पर जबरदस्ती तीन अध्यादेश काला कानून के तौर पर काला कानून थोपने पर केंद्र की मोदी सरकार व हरियाणा की भाजपा-जजपा सरकार पर हमला बोला।

सुरजेवाला ने कहा कि देश के किसान, आढती, मंडी मुनीम, ट्रांस्पोर्टर, मजदूर पर मोदी सरकार व हरियाणा की भाजपा-जजपा ने हमला बोला है। केंद्र व हरियाणा की भाजपा सरकार किसान को अपने ही खेत में मजदूर बनाकर गुलाम बनाना चाहते हैं। देश के खेत व खलिहान पर भारतीय जनता पार्टी ने अतिक्रमण व आक्रमण किया है। भाजपा गरीव, पिछड़े व अनुसूचित जाति के इस देश के 30 से 40 करोड़ खेत मजदूरों की रोजी-रोटी छीन रही है। देश के 30 करोड़ किसानों की रोजी-रोटी व आजीविका छीन रही है। देश के



लाखों करोड़ों आढ़ती, मुनीम, मजदूरों की रोजी-रोटी छीनना चाह्ती है मोदी सरकार। देश के इतिहास में पहला ऐसा आक्रमण भाजपा सरकार द्वारा किया गया है। उन्होंने कहा कि भारत के भाग्यविधाता व अन्नदाता किसानों को बहुमत वाली बेरहम भाजपा सरकार ने बर्बाद किया और मुट्ठीभर पूंजीपति दोस्तों का सपना साकार किया। देशभर में 62 करोड़ किसान-मजदूर व 250 से अधिक किसान संगठन इन कानूनों के खिलाफ आवाज उठा रहे हैं, पर प्रधानमंत्री मोदी सब ऐतराज दरकिनार कर देश को बरगला रहे हैं। अन्नदाता किसान की बात सुनना तो दूर, संसद में उनके नुमाइंदों की आवाज को दबाया जा रहा है और सड़कों पर किसान-मजदूरों को लाठियों से पिटवाया जा रहा है।

## हरियाणा में अब एक अक्टूबर से शुरू होगा खरीफ का सीजन

**चंडीगढ़।** केंद्र सरकार ने हरियाणा को अभी तक 25 सितंबर से खरीफ खरीद का सीजन शुरू करने की मंजूरी नहीं मिली है। जिसके चलते अब विभागीय अधिकारियों ने एक अक्टूबर से धान व अन्य फसलों की खरीद शुरू करने की तैयारी कर ली है। हरियाणा के खाद्य आपूर्ति विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव पीके दास की अध्यक्षता में शनिवार को हुई समीक्षा बैठक में इस मुद्दे पर चर्चा की गई। बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में पीके दास ने बताया कि खरीफ के सीजन में धान, बाजरा, मूंग और मक्के की खरीद की जाएगी और शनिवार को हुई बैठक में इनको अंतिम रूप दिए जाने पर चर्चा हुई है। उन्होंने बताया कि इस बार प्रदेश में धान के लिए 200 खरीद केंद्र, बाजरे के लिए 100 खरीद केंद्र, मूंग के लिए 25 खरीद केंद्र और मक्के के लिए 20 खरीद केंद्र बनाए जाएंगे। धान खरीद के केंद्रों में भी बढ़ोतरी भी हो सकती है।

# मेलिया फर्स्ट सिटिजन - बुजुर्गों के लिए खास तौर पर डिजाइन किए स्मार्ट और इंटेलिजेंट घर

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**कोरोना** वायरस महामारी के कारण सुरक्षा की जरूरत और चिंता बढ़ने के कारण बुजुर्गों के रहने के लिए जगह की मांग तेजी से बढ़ने की संभावना है। इसीलिए देश भर में रियल एस्टेट डेवलपरों ने बुजुर्गों की खास जरूरत पूरी करने के लिए सीनियर लिविंग परियोजनाएं शुरू कर दी हैं। सिल्वरग्लेड्स ग्रुप की मेलिया फर्स्ट सिटिजन इसी तरह की परियोजना है, जो वरिष्ठ नागरिकों को रहने का उत्कृष्ट अनुभव प्रदान करने का वायदा करती है।

फर्स्ट सिटिजन दूसरी सीनियर लिविंग परियोजनाओं से अलग इसीलिए है क्योंकि इसमें एलेक्सा के साथ स्मार्ट और इंटेलिजेंट फीचर दिए गए हैं। मेलिया फर्स्ट सिटिजन में घरों के भीतर अनूठा 'वर्चुअल साथी' है, जो बुजुर्गों को सक्षम बनाता है और उन्हें अपने आराम के वर्षों में काफी कुछ करने का मौका देता है। इन फीचरों के कारण बुजुर्ग आत्मविश्वास के साथ जीवन बिताते हैं और फर्स्ट सिटिजन का बुजुर्गों के अनुकूल डिजाइन और चौबीस घंटे चिकित्सा उपचार एवं अन्य सुविधाओं वाला व्यापक सुविधा प्रबंधन इसे बुजुर्गों के रहने के लिए एकदम आदर्श जगह बनाता है।

**परियोजना** : 17 एकड़ में फैली फर्स्ट सिटिजन बुजुर्गों के लिए खासतौर पर तैयार की गई दिल्ली-एनसीआर की प्रीमियम टाउनशिप है, जिसमें 13 रिहायशी टावर हैं। दक्षिण गुरुग्राम में सोहना रोड पर अरावली की पहाड़ियों से घिरी फर्स्ट सिटिजन में प्रदूषण से पूरी तरह मुक्त वातावरण भी है और प्राकृतिक सुंदरता भी। टाउनशिप से अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे, अस्पताल, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स और शिक्षण संस्थानों तक पहुंचना भी बहुत आसान है।

इस परियोजना को दिल्ली-एनसीआर के प्रतिष्ठित डेवलपर सिल्वरग्लेड्स ग्रुप ने तैयार किया है। समूह उत्तर भारत में कई जानी-मानी परियोजनाएं तैयार कर चुका है। फर्स्ट सिटिजन की परिकल्पना बुजुर्गों की देखभाल का अनुभव रखने वाले संगठन एज वेंचर्स ने की है। एज वेंचर्स ही अनुभवी तथा कुशल टीम सदस्यों की मदद से परियोजना में सुविधाओं एवं सेवाओं को संभालेगा। भारत में बुजुर्गों के लिए पहली स्मार्ट तथा इंटेलिजेंट टाउनशिप कही जा रही मेलिया फर्स्ट सिटजन रहने वालों को न केवल अनूठी सुविधाएं देती है बल्कि रोजमर्रा की जिंदगी को आसान बनाने के लिए तकनीक का प्रयोग भी करती है।

**प्रमुख सुविधाएं** : बुजुर्गों की रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करने के लिए खास तौर पर तैयार की गई विभिन्न सुविधाओं वाली पयोजना में कई प्रीमियम सुविधाएं हैं। संपूर्ण एवं संतोषजनक जीवनशैली प्रदान करने के लिए इसमें स्वास्थ्य की देखभाल, डाइनिंग, हाउसकीपिंग और मनोरंजन की विभिन्न सुविधाएं हैं।

## भारत की ईंधन मांग 2020 में 11.5 प्रतिशत घटेगी : फिच सॉल्यूशंस

**नई दिल्ली।** फिच सॉल्यूशंस का अनुमान है कि 2020 में भारत की ईंधन की मांग 11.5 प्रतिशत घटेगी। देश का आर्थिक परिदृश्य और कमजोर होने के बीच फिच सॉल्यूशंस ने ईंधन की मांग में गिरावट के अपने अनुमान को बढ़ा दिया है।

फिच सॉल्यूशंस के अर्थशास्त्रियों का अनुमान है कि 2020-21 में भारत के वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 8.6 प्रतिशत की गिरावट आएगी। पहले उसने अर्थव्यवस्था में 4.5 प्रतिशत की गिरावट का अनुमान लगाया था। फिच सॉल्यूशंस की ओर से शनिवार को जारी नोट में कहा गया, ईंधन की मांग व्यापक रूप से प्रभावित हुई है। उपभोक्ता के साथ औद्योगिक ईंधन दोनों की मांग में बड़ी गिरावट आई है। पहले फिच सॉल्यूशंस ने 2020 में ईंधन की मांग में 9.4 प्रतिशत की गिरावट का अनुमान लगाया था। फिच सॉल्यूशंस का अनुमान है कि 2021 और 2022 में भारतीय अर्थव्यवस्था पांच प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करेगी। उसने कहा कि उस समय महामारी नियंत्रण में होगी और आर्थिक गतिविधियां सामान्य होने से अर्थव्यवस्था वृद्धि दर्ज करेगी। चालू वित्त वर्ष की पहली अप्रैल-जून की तिमाही में भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 23.9 प्रतिशत की गिरावट आई है। नोट में कहा गया कि कोविड-19 का प्रसार थमता नहीं दिख रहा। प्रतिदिन संक्रमण के मामले बढ़ रहे हैं।

## चीन ने ताइवान की तरफ और लड़ाकू विमान भेजे

### चीन, ताइवान को अलग हुआ प्रांत मानता है और जरूरत पड़ने पर ताकत के बल पर हासिल करने की बात करता है



**ताइपे।** चीन ने शनिवार को लगातार दूसरे दिन ताइवान की तरफ और भी लड़ाकू विमान भेजे। चीन ने यह कदम ऐसे समय उठाया है जब ताइवान के वरिष्ठ नेता, वरिष्ठ सरकारी अधिकारी और एक उच्च स्तरीय अमेरिकी दूत ताइवान को लोकतांत्रिक व्यवस्था में तब्दील करने वाले पूर्व राष्ट्रपति ली तेंग हुई को श्रद्धांजलि दे रहे हैं।

अमेरिका की विदेश उप मंत्री किथ क्राच कार्यक्रम में मौजूद रहे, लेकिन कार्यक्रम में उनकी उपस्थिति पर चीन ने कड़ी आपत्ति दर्ज कराई और शुक्रवार को ताइवान जलडमरूमध्य के ऊपर 18 लड़ाकू विमानों को भेजा, असमान्य तरीके से इतने बड़े पैमाने पर शक्ति प्रदर्शन किया गया है। ताइवान के रक्षा मंत्रालय के मुताबिक शनिवार को चीन ने दो बमवर्षक विमान सहित 19 लड़ाकू विमानों को भेजा। मंत्रालय ने कहा कि ताइवान की वायुसेना ने इसका मुकाबला किया और चीन की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए वायु रक्षा मिसाइल प्रणाली की तैनाती की गई है।

उल्लेखनीय है कि ली को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए शनिवार को ताइपे स्थित एलेथिया विश्वविद्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया गया और इसमें राष्ट्रपति त्साई इंग वेन भी शामिल हुईं। गौरतलब है कि ली ने ताइवान में शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से सत्ता परिवर्तन सुनिश्चित किया और चीनी मुख्यभूमि से अलग ताइवान की राजनीतिक पहचान स्थापित की।

चीन, ताइवान को अलग हुआ प्रांत मानता है और जरूरत पड़ने पर ताकत के बल पर हासिल करने की बात करता है। ली का 30 जुलाई को 97 साल की उम्र में निधन हो गया था। चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के मुखपत्र ग्लोबल टाइम्स ने शुक्रवार को संपादकीय में लिखा, जितनी बार उच्च पदस्थ अमेरिकी अधिकारी ताइवान जाएंगे, उतनी बार जनमुक्ति सेना के लड़ाकू विमान द्वीप के और करीब जाएंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### बीएमडब्ल्यू मोटोराड क्रूजर खंड में उतरी, नया आर18 मॉडल उतारा

**नई दिल्ली।** जर्मनी की लक्जरी कार कंपनी बीएमडब्ल्यू की दोपहिया इकाई बीएमडब्ल्यू मोटोराड भारत के क्रूजर बाइक बाजार में उतर गई है। कंपनी ने अपना पूरी तरह नया आर18 मोटरसाइकिल मॉडल भारतीय बाजार में पेश किया है। बीएमडब्ल्यू आर18 दो संस्करणों में पेश की गई है। इनकी शोरूम कीमत क्रमश: 18.9 लाख रुपये और 21.9 लाख रुपये है। कंपनी ने शनिवार को एक बयान में कहा कि इस मॉडल का ऑर्डर शनिवार से ही बीएमडब्ल्यू मोटोराड डीलर को दिया जा सकता है। बीएमडब्ल्यू ग्रुप के अध्यक्ष विक्रम पावह ने कहा, बीएमडब्ल्यू आर18 के जरिए बीएमडब्ल्यू मोटोराड क्रूजर खंड में उतर गई है। इसकी काफी समय से प्रतीक्षा थी। भारत में बाइक प्रेमी लंबे समय से इसका इंतजार कर रहे थे।

### उत्तर बंगाल चाय बागान के कामगारों को मिलेगा 20 फीसद बोनस

**कोलकाता।** भारतीय चाय संघ (आईटीए) के एक अधिकारी ने कहा कि उत्तर बंगाल के 168 चाय बागानों के कामगारों को पिछले वित्त वर्ष के लिए 20 प्रतिशत बोनस मिलेगा। इससे पहले उन्हें 2018-19 में 18.5 प्रतिशत की दर से बोनस दिया गया था। भारतीय चाय संघ के महासचिव अरिजीत राहा ने कहा कि उत्तर बंगाल के चाय बागान के कामगारों को 20 प्रतिशत बोनस देने का निर्णय शुक्रवार की रात लिया गया। हालांकि, दार्जिलिंग चाय उद्योग के कामगारों का बोनस भुगतान अभी तय नहीं हुआ है। राहा ने कहा कि चाय बागान के प्रतिनिधियों ने चाय उद्योग की ट्रेड यूनियनों के साथ एक आभासी बैठक की, जिसके बाद यह निर्णय लिया गया। उन्होंने कहा कि सात अक्टूबर 2020 तक बोनस भुगतान करना होगा और ट्रेड यूनियनें अब किसी अन्य लंबित मुद्दे पर आंदोलन नहीं करने पर सहमत हुए हैं। चालू कैलेंडर वर्ष में फसल कम होने के कारण नीलामी में उत्तरी बंगाल और दार्जिलिंग दोनों के चाय की कीमतें चढ़ गई हैं।

### जापान के पूर्व प्रधानमंत्री आबे गए तोक्यो के विवादित स्मारक

**तोक्यो।** जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे ने कहा कि वह शनिवार को यासूकूनी स्मारक गए। यह ऐसा स्थान है जिसे पड़ोसी मुल्क चीन और दक्षिण तथा उत्तर कोरिया युद्धकाल की आक्रामकता का प्रतीक मानते हैं। आबे ने ट्वीट करके यह जानकारी दी। हाल ही में प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देने वाले आबे की सात वर्ष में यहां कि यह पहली यात्रा है। उन्होंने कहा कि वह शनिवार को स्मारक गए और युद्ध में मारे गए लोगों को याद किया। जापान के पड़ोसी इसे विवादित मानते हैं क्योंकि यहां द्वितीय विश्वयुद्ध में मारे गए लाखों जापानियों के साथ ही युद्धअपराध के दोषी ठहराए गए लोग भी दफन हैं। माना जा रहा है कि चीन और दक्षिण तथा उत्तर कोरिया इस यात्रा पर कड़ी आपत्ति जताएंगे।

### न्यूयॉर्क के रोचेस्टर में भीषण गोलीबारी की जांच शुरू

**रोचेस्टर।** न्यूयॉर्क के रोचेस्टर में बड़े पैमाने पर हुई भीषण गोलीबारी में कई लोग हताहत हुए हैं। अधिकारियों ने शनिवार तड़के यह जानकारी दी। शहर की मुख्य अपराध इकाई द्वारा शनिवार सुबह पत्रकारों को संबोधित कर घटना का विवरण देने की उम्मीद है। स्थानीय मीडिया ने भारी संख्या में पुलिस की उपस्थिति की जानकारी दी है।

### मोगादिशु हवाई अड्डे पर मालवाहक विमान दुर्घटनाग्रस्त

**मोगादिशु।** सोमालिया की राजधानी मोगादिशु स्थित अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर मालवाहक विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। चश्मदीदों ने यह जानकारी दी। हालांकि, तत्काल हादसे में किसी के हताहत होने की पुष्टि नहीं हो सकी। दुघर्टनास्थल की तस्वीरों में दिखाई दे रहा है कि विमान का कॉकपिट हवाई अड्डे पर बनी कंक्रीट की दीवार से टकरा गया है। यह समुद्र से महज कुछ कदम की दूरी पर है। सोमालिया के नागरिक उड्डयन प्राधिकरण ने शनिवार को मोगादिशु के अदन अड्डे अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर विमान हादसे की पुष्टि की है। दुर्घटनागस्त विमान का परिचालन पड़ोसी देश केन्या की कंपनी सिल्वरस्टोन एयर करती है।

### कैलिफोर्निया में आया 4.6 तीव्रता का भूकंप

**साउथ एल मोंटे (कैलिफोर्निया)।** अमेरिका के दक्षिण कैलिफोर्निया में शुक्रवार देर रात 4.6 तीव्रता के भूकंप का झटका महसूस किया गया। अमेरिकी जियोलॉजिकल सर्वे के मुताबिक भूकंप स्थानीय समयानुसार रात 11 बजकर 40 मिनट पर आया और इसका केंद्र लॉस एंजिलिस के नजदीक साउथ एल मोंटे से करीब तीन किलोमीटर दूर था। भूकंप की वजह से नुकसान या किसी के घायल होने की तुरंत कोई जानकारी नहीं मिली है।

### ताइवान और अमेरिका ने ली तेंग हुई को श्रद्धांजलि दी

**ताइपे।** ताइवान में लोकतंत्र लाने वाले पूर्व राष्ट्रपति ली तेंग हुइ को ताइवान के नेताओं, वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों और एक उच्च स्तरीय अमेरिकी राजदूत ने शनिवार को श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम के दौरान अमेरिकी विदेश उपमंत्री कीथ क्रेच भी मौजूद थे। ताइवान में और इस कार्यक्रम में अमेरिका के क्रेच की मौजूदगी की चीन ने कड़ी आलोचना की है। उसने शुक्रवार को ताइवान जलडमरूमध्य में कुछ दूरी तक 18 जंगी विमान भेजकर शक्ति प्रदर्शन किया था। श्रद्धांजलि कार्यक्रम शनिवार को ताइपे में एलेथिया विश्वविद्यालय में हुआ। राष्ट्रपति साइ इंग वेन ने ली के सम्मान में कहा कि उन्होंने यहां लोकतंत्र लाने के लिए शांतिपूर्ण राजनीतिक समाधान खोजा। ली का 97 वर्ष की आयु में 30 जुलाई को निधन हो गया था।

# संरा में प्रधानमंत्री मोदी के काफी महत्वपूर्ण होंगे संबोधन : तिरुमूर्ति

### संरा की 75वीं वर्षगांठ के मौके पर उच्चस्तरीय सम्मेलन और महासभा को संबोधित करेंगे मोदी

**योशिता सिंह। न्यूयॉर्क**




**संयुक्त** राष्ट्र में भारत के राजदूत टी एस तिरुमूर्ति ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी संयुक्त राष्ट्र की 75वीं वर्षगांठ के मौके पर उच्चस्तरीय सम्मेलन और महासभा को संबोधित करेंगे। सुरक्षा परिषद में भारत के प्रवेश के बाद मोदी के ए संबोधन विशेष रूप से महत्वपूर्ण होने वाले हैं।

संयुक्त राष्ट्र महासभा का वार्षिक सत्र 21 सितंबर को शुरू होने जा रहा है। इस ऐतिहासिक अवसर पर संयुक्त राष्ट्र के 193 सदस्य देश कई अहम मुद्दों पर चर्चा करेंगे। तिरुमूर्ति ने कहा, प्रधानमंत्री संयुक्त राष्ट्र को संबोधित करेंगे और वह विशेषकर भारत के संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में प्रवेश के बाद जिस दृष्टिकोण को रेखांकित करेंगे, वह काफी महत्वपूर्ण होगा। मोदी पहले से रिकॉर्ड किए गए वीडियो बयान के जरिए विशेष कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। महासभा में परिचर्चा 22 सितंबर से शुरू होगी और 29 सितंबर तक चलेगी।

मोदी 26 सितंबर को सभा को संबोधित करेंगे। गौरतलब है कि भारत को दो साल के लिए संयुक्त राष्ट्र की शक्तिशाली सुरक्षा परिषद का अस्थाई सदस्य चुना गया है। इसके बाद इन दो उच्चस्तरीय सभाओं में मोदी जिस दृष्टिकोण को रेखांकित करेंगे, उसपर सभी की करीबी निगाह होगी।

सुरक्षा परिषद में अस्थाई सदस्य के तौर पर भारत का कार्यकाल। जनवरी 2021 से शुरू होगा। संयुक्त राष्ट्र के 75 वर्ष के इतिहास में पहली बार ऐसे होगा जब सदस्य देशों के शासनाध्यक्ष और राष्ट्राध्यक्ष महासभा के लिए न्यूयॉर्क नहीं आ पाएंगे। कोविड-19 महामारी के चलते सभी शासनाध्यक्षों और राष्ट्राध्यक्षों ने विभिन्न सम्मेलनों और सत्रों के लिए पहले से रिकॉर्ड वीडियो बयान जमा करा दिए हैं, जिन्हें ऐतिहासिक महासभा कक्ष में चलाया जाएगा।

## हिंद-प्रशांत की अवधारणा ने भारत को वृहद समाधान में समाहित किया : अमेरिका

**वाशिंगटन।** अमेरिका के एक शीर्ष राजनयिक ने कहा है कि हिंद-प्रशांत की अवधारणा ने भारत को वृहद समाधान में समाहित किया है और ट्रंप प्रशासन समान विचारों वाले क्वैड देशों जैसे साझेदारों के साथ तालमेल बनाने के लिए कुछ नई व्यवस्थाएं विकसित कर रहा है।

भारत, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जापान ने नवंबर 2017 में काफी समय से लंबित क्वैड गठबंधन को आकार दिया था। इसका मकसद नई रणनीति बनाकर प्रशांत क्षेत्र में चीन के बढ़ते प्रभाव पर लगाम लगाना और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों को किसी भी प्रभाव से मुक्त रखना है। हिंद-प्रशांत एक जैव भौगोलिक क्षेत्र है। हिंद महासागर, दक्षिण चीन सागर समेत पश्चिमी-मध्य प्रशांत महासागर इसी क्षेत्र में आते हैं। चीन लगभग पूरे दक्षिण चीन सागर पर दावा जताता रहा है। ताइवान, फिलिपीन, ब्रुनेई, मलेशिया और वियतनाम भी इसके हिस्सों पर दावे जताते रहे हैं।

हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन का प्रभाव विषय पर बृहस्पतिवार को हुई चर्चा के दौरान पूर्वी एशिया एवं प्रशांत मामलों के ब्यूरो के सहायक विदेश सचिव डेविड स्टिलवेल ने सीनेट की विदेश संबंधों से संबंधित समिति को बताया, भारत ने इस संबंध में काफी कड़ा रुख अपना रखा है। हिंद-प्रशांत क्षेत्र की अवधारणा ने भारत को वृहद समाधान में शामिल कर लिया है। उन्होंने कहा कि अमेरिका अपनी सुरक्षा प्रतिबद्धताओं को पूरा जुटा है। स्टिलवेल ने कहा कि सुरक्षा सहायता से साझेदारों को अपनी संप्रभुता और समुद्री संसाधनों की रक्षा में मदद मिलती है।

## थाईलैंड में लोकतंत्र की मांग को लेकर होने जा रही एक बड़ी रैली

**बैकॉक।** लोकतंत्र समर्थक अभियान के तहत अब तक की सर्वाधिक महत्वाकांक्षी रैली के लिए शनिवार को प्रदर्शनकारी बैंकॉक में एकत्रित हो रहे हैं। इस अभियान ने सरकार और थाईलैंड की रूढ़ीवादी सत्ता को हिलाकर रख दिया है।

आयोजकों का अनुमान है कि रैली के लिए 50,000 लोग जुट सकते हैं, जो राजनीतिक प्रदर्शनों से ऐतिहासिक रूप से जुड़े राजधानी के इलाके में दो दिन तक चलने वाले मार्च में शामिल होंगे। इससे पहले, 16 अगस्त को एक बड़ी रैली हुई थी जिसमें अनुमानित 10,000 लोग शामिल हुए थे। इस बार विपक्षी दलों द्वारा रैली का समर्थन करने की उम्मीद है। वे अन्य प्रांतों से भी समर्थकों को जुटा सकते हैं। प्रधानमंत्री प्रयुत चान-ओ-चा ने बृहस्पतिवार रात प्रदर्शनकारियों से अनुरोध किया था वे यह कार्यक्रम रद्द कर दें क्योंकि इससे कोरोना वायरस फैलने का खतरा बढ़ेगा और संकट से जूझ रही अर्थव्यवस्था में सुधार के लिहाज से यह नुकसानदेह होगा।

जुलाई में प्रदर्शनकारियों ने अपनी मांगे बताई थीं जिनमें संसद भंग करना, नए चुनाव कराना, नया संविधान बनाना और राजनीतिक कार्यकर्ताओं को परेशान करना बंद करना शामिल है।

## अमेरिका ने सीरिया में रूस का मुकाबला करने के लिए और सैनिक व बख्तरबंद वाहन भेजे

### रूसी बलों के साथ हुई झड़पों के बाद उठाया अमेरिका ने कदम



**वाशिंगटन।** रूसी बलों के साथ हुई कई झड़पों के बाद अमेरिका ने पूर्वी सीरिया में अतिरिक्त सैनिकों और बख्तरबंद वाहनों की तैनाती की है। अमेरिकी नौसेना में कैप्टन और मध्य कमान के प्रवक्ता बिल अर्बन ने बताया कि अमेरिका ने रडार प्रणाली भी भेजी है और अमेरिकी एंव गठबंधन बलों की बेहतर सुरक्षा के लिए इलाके में लड़ाकू विमानों की गश्त बढ़ा दी गई है।

अर्बन ने कहा, अमेरिका सीरिया में किसी अन्य देश से विवाद नहीं चाहता लेकिन जरूरत पड़ी तो गठबंधन बलों की रक्षा करेगा। वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारी ने कहा कि करीब आधा दर्जन ब्राडले लड़ाकू वाहन और 100 से कुछ कम अतिरिक्त सैनिक पूर्वी सीरिया भेजे गए हैं। अधिकारी ने पहचान गोपनीय रखते हुए बताया कि इलाके में सैनिकों की तैनाती रूस को साफ संकेत है कि वह अब अमेरिका और उसके मित्र देशों के खिलाफ वहां किसी असुरक्षित एवं उकसावे की कार्रवाई से बचे।

## महाभियोग का मतदान पेरू के राष्ट्रपति के पक्ष में रहा

**लीमा।** पेरू के राष्ट्रपति मार्टिन विजकारा के खिलाफ शुक्रवार को महाभियोग के तहत हुआ मतदान उनके पक्ष में रहा। विपक्षी सांसद विजकारा के खिलाफ पर्याप्त समर्थन जुटाने में विफल रहे।

महाभियोग पर फैसला आने से पहले, सांसदों के बीच कई घंटे तक बहस चली जिसमें उन्होंने विजकारा की बहुत आलोचना की। हालांकि उन्होंने यह सवाल भी उठाया कि जल्दबाजी में की जा रही महाभियोग की कार्यवाही से ऐसे वक्त में हालात और भी मुश्किल हो सकते हैं जब देश कोरोना वायरस महामारी के कारण स्वास्थ्य और आर्थिक संकट का सामना कर रहा है। विजकारा को पद से हटाने के लिए दो तिहाई बहुमत की आवश्यकता थी लेकिन संख्या बल इससे बहुत कम रहा।

## प्रदर्शनकारियों ने महात्मा गांधी की प्रतिमा को भी नहीं छोड़ा : ट्रंप

### ट्रंप ने प्रदर्शनकारियों को ठगों की टोली करार दिया

**ललित के झा। वाशिंगटन**



**अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अफ्रीकी अमेरिकी जॉर्ज फ्लॉयड की मौत के बाद हिंसक हुए प्रदर्शनकारियों को ठगों की टोली करार देते हुए कहा कि उन्होंने वाशिंगटन डीसी में मौजूद महात्मा गांधी की प्रतिमा को भी नहीं छोड़ा।

गौरतलब है कि 25 मई को मिनियापोलिस में श्वेत पुलिकर्मी डेरेक चाउविन ने 46 वर्षीय फ्लॉयड को हथकड़ी लगा कर जमीन पर गिरा दिया था और उसकी गर्दन को घुटने से करीब आठ मिनट तक दबाए रखा जिससे उसकी मौत हो गई थी। इस घटना का वीडियो वायरल होने के बाद पूरे देश में हिंसक प्रदर्शन शुरू हो गए। इस क्रम में पूरे देश में तोड़फोड़, लूटपाट और आगजनी की भी कुछ घटनाएं हुईं। मिनीसोटा में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए ट्रम्प ने कहा, आप जानते हैं, उन्होंने अब्राहम लिंकन की प्रतिमा को निशाना बनाया। जब उन्होंने लिंकन की प्रतिमा को निशाना बनाया तो मैंने कहा, एक मिनट रुको, यह वह व्यक्ति है और आप ऐसा कर रहे हैं, तब उन्होंने जॉर्ज वाशिंगटन, थॉमस जेफरसन और सभी को निशाना बनाना शुरू किया।

उल्लेखनीय है कि ट्रम्प 2016 में मिनिसोटा में 44 हजार मतों से हार गए थे। राष्ट्रपति ने वाशिंगटन में लगी महात्मा गांधी की प्रतिमा का जिक्र किया जिसे अज्ञात शरारती तत्वों ने राष्ट्रव्यापी प्रदर्शन के दौरान निशाना बनाया था। उन्होंने कहा, उनके पास गांधी भी थे। गांधी बस एक ही चीज चाहते हैं,वह है शांति। सही? हमारे पास शांति हैं, और उनकी प्रतिमा गिरा दी गई। हम उन्हें पसंद नहीं करते हैं मुझे नहीं लगता कि उन्हें एहसास होगा कि वे क्या कर रहे हैं। उन्होंने कहा, मैं मानता हूं कि यह महज कुछ ठगों की टोली थी। आप सच जानना चाहते हैं। मैं मानता हूं यह ठगों की टोली थी।

राष्ट्रपति ने अपने श्रोताओं को बताया कि उन्होंने उस कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए हैं जिसमें ऐसे शरारती तत्वों के लिए 10 साल की कैद का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि अब कोई प्रतिमाओं को गिराने की बात तक नहीं करता है। भारतीय दूतावास ने नेशनल पार्क पुलिस और अमेरिकी विदेश मंत्रालय की मदद से प्रतिमा पुन: स्थापित कर दी है।

### डाटा सुरक्षा पर प्रतिबद्धता दोहराई, कहा टिकटॉक पर फैसला जल्द

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दोहराया कि अमेरिकियों के डाटा की सुरक्षा उनकी उच्च प्राथमिकता है और वीडियो साझा करने वाली चीनी ऐप के भविष्य पर जल्द फैसला लिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि पिछले महीने ट्रंप ने 15 सितंबर तक टिकटॉक और वीचैट को प्रतिबंधित करने के शासकीय आदेश पर दस्तखत किए थे। अमेरिका 20 सितंबर से वीचैट और टिकटॉक मोबाइल ऐप को जारी रखने अथवा इसके वितरण के किसी भी प्रावधान को देश की संप्रभुता, अखंडता और सुरक्षा के प्रति खतरा मान कर प्रतिबंधित करेगा। व्हाइट हाउस में ट्रंप ने शुक्रवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा, हम इसे देख रहे हैं, सबसे महत्वपूर्ण सुरक्षा है और हम यथाशीघ्र निष्पक्ष फैसला करने जा रहे हैं। मेरा मानना है कि हमें इसमें ज्यादा देर नहीं करनी चाहिए, लेकिन हमारे पर कुछ अच्छी कंपनियां हैं और कुछ बड़े हित हैं। वे बहुत ही अतुलनीय संपत्ति है।

## टिकटॉक, वीचैट पर अमेरिकी प्रतिबंध के खिलाफ चीन की जवाबी कार्रवाई की चेतावनी






**बीजिंग।** चीन ने वीचैट और टिकटॉक ऐप की डाउनलोडिंग को रोकने के अमेरिका के कदम का पुरजोर विरोध किया है। उसने चीन की कंपनियों के हितों की रक्षा के लिए जवाबी कदम उठाने की चेतावनी भी दी।

अमेरिका ने लोकप्रिय चीनी सोशल मीडिया ऐप टिकटॉक और वीचैट को राष्ट्रीय सुरक्षा के मद्देनजर प्रतिबंधित करने का शुक्रवार को आदेश जारी किया। इसके कुछ हफ्ते पहले भारत ने भी देश की संप्रभुता, अखंडता और सुरक्षा के लिए चीन के कई ऐप पर रोक लगा दी थी। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 15 सितंबर तक टिकटॉक और वीचैट का मालिकाना हक किसी अमेरिकी कंपनी के पास नहीं आ जाने की स्थिति में इन्हें प्रतिबंधित करने के आदेश पर पिछले महीने हस्ताक्षर किया था।

चीन से वाणिज्य मंत्रालय ने टिकटॉक और वीचैट पर प्रतिबंध लगाने के ट्रंप सरकार के आदेश पर प्रतिक्रिया देते हुए शनिवार को कहा कि चीन अमेरिका के इस कदम का पुरजोर विरोध करता है। अमेरिका ने किसी भी साक्ष्य के अभाव में बार-बार गैर-कानूनी कारणों से दो उद्यमों को दबाने के लिए सरकार की शक्ति का उपयोग किया है, जिसने उनकी सामान्य व्यावसायिक गतिविधियों को गंभीर रूप से बाधित किया है। इस कदम ने अमेरिकी निवेश के माहौल में अंतरराष्ट्रीय निवेशकों के विश्वास को कम कर दिया है और सामान्य वैश्विक आर्थिक व व्यापार गतिविधियों को नुकसान पहुंचाया है।

मंत्रालय ने कहा कि चीन अपनी कंपनियों के हितों की रक्षा के लिए जवाबी कदम उठाने की तैयारी में है। हालांकि मंत्रालय ने इस बारे में विस्तार से कुछ भी नहीं बताया कि चीन किस तरह के कदम उठाने की तैयारी में है। भारत ने 29 जून को टिकटॉक और वीचैट के साथ चीन के 59 ऐप पर रोक लगाने की घोषणा की थी। बाद में भारत ने ऐसे ऐप का दायरा बढ़ा दिया और अभी चीन के 224 ऐप पर भारत में रोक है।

## हिंद महासागर के गर्म होने की दर का पता लगाने को भूकंप के आंकड़ों का किया गया इस्तेमाल




**लॉस एंजिलिस।** वैज्ञानिकों ने समुद्र की सहत पर भूकंप से होने वाली आवाज का विश्लेषण कर यह पता करने का अनूठा तरीका विकसित किया कि हिंद महासागर कितनी तेजी से गर्म हो रहा है। वैज्ञानिकों को उम्मीद है कि इस तरीके को और अधिक परिष्कृत करने से अपेक्षाकृत कम लागत पर सभी महासागरों के तापमान की निगरानी करने में मदद मिलेगी।

अमेरिका स्थित कैलिफोर्निया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (कालटेक) सहित विभिन्न संस्थानों के अनुसंधानकर्ताओं के मुताबिक पृथ्वी पर मौजूद अतिरिक्त ऊष्मा का 95 प्रतिशत हिस्सा कार्बन-डाई-ऑक्साइड जैसी हरित गैसों के रूप में समुद्रों में मौजूद है। इसलिए समुद्र के पानी के तापमान की निगरानी करना महत्वपूर्ण है। साइंस नामक जर्नल में प्रकाशित इस अध्ययन में वैज्ञानिकों ने मौजूदा भूकंप निगरानी उपकरणों के साथ-साथ भूकंप के ऐतिहासिक आंकड़ों का इस्तेमाल यह पता लगाने में किया कि महासागर के तापमान में कितना बदलाव आया है और यह कैसे बदल रहा है। यहां तक गहराई में मौजूद स्थानों के तापमान की जानकारी प्राप्त की गई जो पारंपरिक उपकरणों से संभव नहीं थी।

वैज्ञानिकों ने विषुवतीय पूर्व हिंद महासागर के 3000 किलामीटर लंबे हिस्से का विश्लेषण किया और पाया कि वर्ष 2005 से लेकर वर्ष 2016 के बीच तापमान में उतार-चढ़ाव आया है। साथ ही दशकीय गर्म होने की परिपाटी पूर्व के अनुमानों से काफी हद तक अधिक है। वैज्ञानिकों ने कहा कि एक अनुमान के मुताबिक अबतक की धारणा के विपरीत समुद्र 70 प्रतिशत अधिक तेजी से गर्म हो रहा है। हालांकि, वे तत्काल किसी नतीजे पर पहुंचने से बचते नजर आए क्योंकि उनके मुताबिक अभी और आंकड़ों को एकत्र करने और विश्लेषण करने की जरूरत है।


अध्ययन पत्र के सह लेखक और कॉलटेक से संबद्ध जॉर्न कैलिस ने रेखांकित किया कि पानी के भीतर भूंकप से उत्पन्न आवाज की मदद से जिस पद्धति का इस्तेमाल किया गया है वह शक्तिशाली है और समुद्र में कमजोर हुए बिना लंबी दूरी तय कर सकती है। अनुसंधानकर्ताओं ने बताया कि जब समुद्र के नीचे भूकंप आता है तो अधिकतर ऊर्जा जमीन के जरिए यात्रा करती है लेकिन ऊर्जा का कुछ हिस्सा पानी में ध्वनि के रूप में संचारित होता है।

उन्होंने बताया कि ध्वनि तरंगे भूकंप के केंद्र से बाहर की ओर निकलती हैं, ठीक वैसे ही भूंकपीय तरंगें जमीन के जरिए यात्रा करती हैं, लेकिन ध्वनि तरंगे कम गति से आगे बढ़ती हैं। अध्ययन में रेखांकित किया गया है कि भूकंपीय तरंगें भूकंप निगरानी केंद्र तक पहले पहुंचती हैं और इसके बाद ध्वनि तरंगे पहुंचती हैं, जो एक ही घटना की द्वितीयक संकेत है। उन्होंने कहा कि चूंकी समुद्र का पानी गर्म होने से ध्वनि की गति बढ़ जाती है। ऐसे में उन्होंने एक निश्चित दूरी को तय करने में ध्वनि तरंगों को लगे समय का इस्तेमाल समुद्र के पानी के तापमान का पता लगाने में किया। वैज्ञानिकों ने कहा कि एक ही स्थान पर आने वाले भूकंप के झटकों के आंकड़ों का विश्लेषण कर समुद्र जल के गर्म होने की दर का भी पता लगाया जा सकता है। कालटेक से संबद्ध और अध्ययन पत्र के प्रमुख लेखक वेंबू वू ने कहा, हमने उदाहरण के लिए इंडोनेशिया के सुमात्रा तट के पास समुद्र में आने वाली भूकंपों को लिया और उनसे उठी ध्वनि तरंगों के मध्य हिंद महासागर में पहुंचने में लगे समय का आकलन किया।

# राष्ट्रीय सार्वजनिक स्वास्थ्य कानून बना रही सरकार : डॉ. हर्षवर्धन

## राज्यसभा में महामारी (संशोधन) विधेयक 2020 पर हुई चर्चा के जवाब में कहीं ये बातें

## कानून के बारे में मध्यप्रदेश, त्रिपुरा, गोवा और हिमाचल प्रदेश 14 राज्यों से सुझाव मिले




**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने शनिवार को कहा कि सरकार महामारी सहित अन्य जैविक आपात स्थिति एवं स्वास्थ्य संबंधी विषय को लेकर एक समग्र एवं समावेशी राष्ट्रीय सार्वजनिक स्वास्थ्य अधिनियम बनाने की तैयारी कर रही है। राज्यसभा में महामारी (संशोधन) विधेयक 2020 पर हुई चर्चा के जवाब में यह बात कही। उच्च सदन ने मंत्री के जवाब के बाद महामारी (संशोधन) विधेयक 2020 को ध्वनिमत से मंजूरी दे दी। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री ने कहा कि महामारी तथा स्वास्थ्य संबंधी अन्य आपात परिस्थितियों से जुड़ी काफी चीजें राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन अधिनियम एवं कानून के तहत कवर होती हैं।

उन्होंने बताया पिछले 3-4 वर्षों से हमारी सरकार लगातार जैविक आपात स्थिति, महामारी जैसे विषयों से निपटने के बारे में समग्र एवं समावेशी पहल अपना रही है।

डॉ. हर्षवर्द्धन ने कहा, इस दिशा में सरकार राष्ट्रीय सार्वजनिक स्वास्थ्य अधिनियम बनाने पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि इस बारे में विधि विभाग ने राज्यों के विचार जानने का सुझाव दिया था। प्रारंभ में हमें सिर्फ चार राज्यों मध्यप्रदेश, त्रिपुरा, गोवा और हिमाचल प्रदेश से सुझाव मिले। हाल ही में इस बारे में 10 अन्य राज्यों से सुझाव प्राप्त हुए हैं। इस प्रकार 14 राज्यों से हमें सुझाव मिल चुके हैं।

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन अधिनियम एवं अन्य कानून में जो चीजें कवर नहीं होती हैं, वे सभी इस प्रस्तावित राष्ट्रीय सार्वजनिक स्वास्थ्य अधिनियम में कवर होंगी। उच्च सदन ने मंत्री के जवाब के बाद महामारी (संशोधन) विधेयक को ध्वनिमत से मंजूरी दे दी। यह विधेयक संबंधित अध्यादेश के स्थान पर लाया गया। इस संबंध में अध्यादेश अप्रैल में लागू किया गया था। सदन ने भाकपा सदस्य विनय विश्वम द्वारा पेश उस संकल्प को खारिज कर दिया। जिसमें महामारी (संशोधन) अध्यादेश 2020 को नामंजूर करने का प्रस्ताव किया गया था। इससे पहले, कांग्रेस के आनंद शर्मा ने कहा कि कोविड-19 महामारी ने जितना अधिक प्रभावित किया है, उतना किसी अन्य बीमारी ने नहीं किया है।

उन्होंने कहा कि यह काफी छोटा संशोधन है। कोरोना संक्रमण काल में स्वास्थ्य कर्मियों ने जो कार्य किए हैं, वह सराहनीय हैं। लेकिन पुलिस कर्मी, रक्षा कर्मी एवं कुछ अन्य सेवाओं से जुड़े लोगों ने भी काफी अच्छा काम किया है और उन्हें भी समर्थन दिए जाने की जरूरत है।

वित्त मंत्री सीतारमण ने राज्य सभा में चर्चा के दौरान कहा, आईबीसी का मकसद

# कंपनियों का परिसमापन करना नहीं, उनको चलताहाल बनाना

## आईबीसी अच्छा काम कर रही है और अपने मकसद को पूरा करने में सफल रही है

**एजेंसी।** नई दिल्ली



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि दिवाला एवं ऋणशोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी) का मकसद कंपनियों को चलताहाल बनाए रखना है, उनका परिसमापन करना नहीं है। उन्होंने कहा कि आईबीसी अच्छा काम कर रही है और अपने मकसद को पूरा करने में सफल रही है।

सीतारमण ने शनिवार को राज्यसभा में दिवाला एवं ऋणशोधन अक्षमता संहिता (दूसरा संशोधन) विधेयक, 2020 पर चर्चा का जवाब देते हुए यह बात कही। राज्यसभा में यह विधेयक ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। यह विधेयक इस बारे में जून में लाए गए अध्यादेश का स्थान लेगा। इस विधेयक के तहत प्रावधान है कि कोरोना वायरस की वजह से 25 मार्च से छह महीने तक कोई नई दिवाला एवं ऋणशोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी) कार्रवाई शुरू नहीं की जाएगी।

वित्त मंत्री ने कहा कि कोविड-19 महामारी के कारण पैदा हुई अभूतपूर्व स्थिति के कारण इस बारे में अध्यादेश लाया गया था। देश में कोरोना वायरस के प्रसार को रोकने के लिए 25 मार्च को ही लॉकडाउन लगाया गया था। विधेयक पर चर्चा का जवाब देते हुए सीतारमण ने कहा कि आईबीसी की मंशा कंपनियों को चलताहाल बनाए रखना है, उनका परिसमापन करना कतई नहीं है। वित्त मंत्री ने कहा कि महामारी के कारण बनी स्थिति की वजह से समय की मांग थी कि तत्काल कदम उठाए जाएं और उसके लिए अध्यादेश का तरीका चुना गया।

वित्त मंत्री ने कहा कि अध्यादेश को कानून बनाने के लिए सरकार अगले ही सत्र में विधेयक लेकर आ गई। उनके जवाब के बाद सदन ने विधेयक को ध्वनिमत से पारित कर दिया। इसके साथ ही सदन ने माकपा सदस्य के के रागेश द्वारा पेश उस संकल्प को नामंजूर कर दिया जिसमें दिवाला और ऋणशोधन अक्षमता संहिता (संशोधन) अध्यादेश, 2020 को अस्वीकार करने का प्रस्ताव किया गया था।

कोविड-19 महामारी के कारण लागू किए गए लॉकडाउन के संदर्भ में सीतारमण ने कहा कि उस समय आजीविका से ज्यादा जरूरी जान की हिफाजत करना था। उन्होंने कहा कि इसका असर लोगों के साथ ही अर्थव्यवस्था पर भी पड़ा। लेकिन आम लोगों की जान बचाना ज्यादा महत्वपूर्ण था। उन्होंने हालांकि कहा कि लोगों को हुई परेशानी का संज्ञान लिया गया और सरकार ने कई कदम उठाए।

इससे पहले राज्यसभा में कांग्रेस ने सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि कोविड-19 के मद्देनजर उठाए गए कदमों से सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) की स्थिति खराब हो जाएगी और छोटे कारोबारियों पर भार बढ़ जाएगा। कांग्रेस सदस्य विवेक तन्खा ने उच्च सदन में कहा कि कोविड-19 को लेकर सरकार ने कई फैसले किए लेकिन उनमें से कुछ पर पुनर्विचार करने की जरूरत है। तन्खा ने दिवाला और ऋणशोधन अक्षमता संहिता (दूसरा संशोधन) विधेयक, 2020 पर चर्चा की शुरूआत की। उन्होंने एमएसएमई क्षेत्र को राहत प्रदान करने की जरूरत पर जोर देते हुए कहा कि यह क्षेत्र 12 करोड़ लोगों को रोजगार देता है और सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में इस क्षेत्र की हिस्सेदारी करीब 25 प्रतिशत है। इसके अलावा देश के निर्यात में भी इसका अहम योगदान रहा है।

# कोविड-19 के मरीजों के स्वस्थ होने के मामले में भारत ने अमेरिका को पछाड़ा

**नई दिल्ली।** स्वास्थ्य मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि भारत ने कोविड-19 रोगियों के स्वस्थ होने के मामले में ऐतिहासिक वैश्विक उपलब्धि हासिल करते हुए अमेरिका को पीछे छोड़ दिया है और इस मामले में शीर्ष स्थान पर पहुंच गया है।

मंत्रालय ने कहा कि देश में अब तक 42,08,431 कोविड-19 रोगी स्वस्थ हो चुके हैं जो दुनिया के सभी देशों में संक्रमणमुक्त हुए रोगियों की सर्वाधिक संख्या है। देश में संक्रमण से स्वस्थ होने की दर करीब 80 प्रतिशत हो गई है, वहीं संक्रमण से मृत्यु दर घटकर 1.61 प्रतिशत रह गई है। मंत्रालय ने कहा, अब भारत में दुनिया भर में संक्रमण से स्वस्थ हुए लोगों की करीब 19 प्रतिशत संख्या है। इसके कारण संक्रमणमुक्त होने की राष्ट्रीय दर मजबूती से सुधरकर 79.28 प्रतिशत हो गई है। उसने कहा कि केंद्र सरकार के नेतृत्व में आक्रामक तरीके से जांच करके रोगियों की जल्दी पहचान करने के केंद्रित, क्रमबद्ध और प्रभावी उपायों, त्वरित निगरानी और मानकीकृत उच्च गुणवत्ता पूर्ण क्लीनिकल देखभाल के कारण इस वैश्विक उपलब्धि को हासिल किया जा सका है।

मंत्रालय के शनिवार सुबह आठ बजे जारी आंकड़ों के अनुसार 24 घंटे की अवधि में देश में 95,880 लोग कोविड-19 से उबर चुके हैं और स्वस्थ हुए 90 प्रतिशत मामले 15 राज्यों तथा एक केंद्रशासित प्रदेश से आए हैं। मंत्रालय ने कहा कि स्वस्थ हुए रोगियों के नए मामलों में करीब 60 फीसद मामले पांच राज्यों- महाराष्ट्र, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक तथा उत्तर प्रदेश से आए हैं। इन्हीं पांच राज्यों में संक्रमण के सर्वाधिक मामले भी आए हैं। महाराष्ट्र में एक दिन में 22 हजार से अधिक लोग (23 प्रतिशत) स्वस्थ हुए हैं, वहीं संक्रमणमुक्त होने के नए मामलों में आंध्र प्रदेश में 11,000 (12.3 प्रतिशत) लोग हैं।

मंत्रालय ने कहा, भारत बहुत अधिक संख्या में रोगियों के ठीक की दिशा में लगातार बढ़ रहा है। यह राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में विशेष केंद्रित रणनीतियों के साथ समन्वित प्रभावी कार्वाई का परिणाम है। मंत्रालय के अनुसार देश में रेमडेसिविर, प्लाज्मा थैरेपी और टोसिलीजुमैब जैसी अनुसंधान आधारित पद्धतियों के तर्कसंगत इस्तेमाल की अनुमति दी गई और अन्य तरीकों को भी अपनाया गया।

केंद्र सरकार राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को दी जा रही सहायता की नियमित समीक्षा कर रहा है। वह अस्पतालों तथा अन्य स्वास्थ्य केंद्रों में ऑक्सीजन की उपलब्धता पर भी लगातार नजर रख रहा है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा शनिवार सुबह आठ बजे अद्यतन किए गए आंकड़ों के मुताबिक बीते 24 घंटे में 95,880 लोग संक्रमणमुक्त हो गए हैं। इसी अवधि में कोरोना वायरस संक्रमण के 93,337 नए मामले सामने आए जिसके साथ देश में कोविड-19 के कुल 53,08,014 मामले हो गए हैं।


# जिला पंचायत अध्यक्ष की करोड़ों की संपत्ति कुर्क

**देवरिया (उप्र)।** देवरिया जिला प्रशसन ने जिला पंचायत अध्यक्ष राम प्रवेश यादव की 16 करोड़ रूपये की संपत्ति शुक्रवार को कुर्क कर ली। इसमें करीब एक दर्जन प्लाट, मकान, ईंट भट्ठा, अंडा फार्म के अलावा दो एवं चार पहिया गाड़ियां शामिल हैं।

बृहस्पतिवार को जिला अधिकारी अमित किशोर ने जिला पंचायत अध्यक्ष की संपत्ति कुर्क करने का आदेश दिया था। पुलिस अधीक्षक डा श्रीपति मिश्र ने बताया कि मोहल्ला देवरिया खास निवासी दीपक मणि का 20 मार्च 2018 को सलेमपुर रेलवे स्टेशन से अपहरण हो गया था। इसके बाद प्रवेश यादव ने 17 अप्रैल 2018 को उसकी दस करोड़ रूपए की जमीन जबरदस्ती अपने नाम करा ली थी।

उन्होंने बताया कि यादव के खिलाफ जमीन जबरदस्ती अपने नाम कराने का मुकदमा दर्ज हुआ था और गैंगस्टर अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई थी। पुलिस अधीक्षक के अनुसार जिला पंचायत अध्यक्ष के एक दर्जन से अधिक प्लाट, ईंट भट्ठा, मकान, अंडा फार्म के साथ ही उसकी करीब आधा दर्जन गाडियां कुर्क की गई हैं।

# विपक्ष ने सरकार से एमएसएमई क्षेत्र को राहत देने की मांग की



**नई दिल्ली।** राज्यसभा में शनिवार को कांग्रेस ने सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि कोविड-19 के मद्देनजर उठाए गए कदमों से सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) की स्थिति खराब हो जाएगी। छोटे कारोबारियों पर भार बढ़ जाएगा।

कांग्रेस सदस्य विवेक तन्खा ने उच्च सदन में कहा कि कोविड-19 को लेकर सरकार ने कई फैसले किए लेकिन उनमें से कुछ पर पुनर्विचार करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि सरकार के विभिन्न कदमों से एमएसएमई क्षेत्र काफी प्रभावित होगा और छोटे कारोबारियों की परेशानी बढ़ जाएगी। कांग्रेस सदस्य ने एमएसएमई क्षेत्र को राहत प्रदान करने की जरूरत पर जोर देते हुए कहा कि यह क्षेत्र 12 करोड़ लोगों को रोजगार देता है और जीडीपी में इस क्षेत्र की हिस्सेदारी करीब 25 प्रतिशत है। इसके अलावा देश के निर्यात में भी इसका अहम योगदान रहा है। तन्खा दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता (दूसरा संशोधन) विधेयक, 2020 पर चर्चा की शुरूआत कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि सरकार ने चार घंटे के नोटिस पर मार्च में 21 दिनों का लॉकडाउन लागू कर दिया और अपने विभिन्न कदमों के संबंध में 25 मार्च को अध्यादेश जारी किया। उन्होंने कहा कि उस समय कोविड को लेकर स्थिति बहुत स्पष्ट भी नहीं हुई थी। तन्खा ने कहा कि अगर मौजूदा महामारी जल्दी खत्म नहीं होती है तो सरकार को एक और संशोधन लाना होगा।

# सरकार ने बिना किसी तैयारी व परामर्श के लॉकडाउन लागू किया : कांग्रेस



**नई दिल्ली।** राज्यसभा में शनिवार को कांग्रेस ने सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि उसने कोरोना वायरस महामारी से निपटने के लिए पर्याप्त तैयारी नहीं की। कांग्रेस के नीरज डांगी ने उच्च सदन में कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने फरवरी में ही सरकार को कोविड-19 के खतरे को लेकर आगाह कर दिया था। लेकिन सरकार ने उस ओर कोई ध्यान नहीं दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इस संबंध में सुझाव दे रही थी लेकिन सरकार सुनने को तैयार नहीं थी।

डांगी ने कहा कि कोरोना वायरस के कारण देश में हालत गंभीर हो गए हैं। उन्होंने कहा कि फरवरी में दिल्ली विधानसभा चुनाव हो रहे थे और सरकार राजनीति में लगी हुई थी। उन्होंने कहा कि सरकार महामारी से निपटने की तैयारियों के बदले अमेरिकी राष्ट्रपति की अगवानी में लगी हुई थी। वह महामारी (संशोधन) विधेयक, 2020 पर सदन में हुई चर्चा की शुरूआत कर रहे थे।

उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार तैयारियों के बदले राज्यों में सरकारों को गिराने में लगी थी। मध्य प्रदेश में उन्हें सफलता भी मिल गई लेकिन राजस्थान में उनके प्रयास नाकाम हो गए। उन्होंने कहा कि सरकार ने बिना किसी तैयारी के और बिना किसी सलाह-मशविरा के पूरे देश में लॉकडाउन लागू कर दिया। इस तुगलकी फरमान ने देश को चौपट कर दिया। डांगी ने कहा कि इस फैसले के कारण इतने बड़े स्तर पर मानवीय पलायन की त्रासदी सामने आई और करोड़ों लोगों की आजीविका छिन गई। शर्मा ने कहा कि सरकार को महामारी से जुड़े विषय पर एक कार्य बल का गठन करना चाहिए जिसमें अन्य लोगों के अलावा स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञ, वैज्ञानिक समुदाय से जुड़े लोगों को शामिल किया जाना चाहिए। इसमें राज्यों से भी सुझाव लिया जाए और भविष्य में महामारी को लेकर एक ठोस प्रबंधन का ढांचा तैयार किया जाए।

कांग्रेस नेता ने कहा कि सरकार को महामारी को लेकर एक स्पष्ट परिभाषित प्रोटोकॉल तैयार करना चाहिए और इसे राज्य, जिला और ब्लाक स्तर पर उपलब्ध कराना चाहिए। वहीं, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. हर्षवर्द्धन ने कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र में देश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में काम चल रहा है।

# हर पार्टी तय करे कि वह किसानों के साथ है या भाजपा के साथ : चिदंबरम

## कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने कृषि संबंधी विधेयकों के खिलाफ विपक्षी दलों से एकजुट होने की अपील की



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम ने कृषि संबंधी विधेयकों के खिलाफ सभी विपक्षी दलों से एकजुट होने की अपील करते हुए शनिवार को कहा कि हर पार्टी को स्पष्ट करना चाहिए कि वह किसानों के साथ है या फिर कृषकों की जीविका को खतरे में डाल रही भारतीय जनता पार्टी के साथ है।

उन्होंने यह दावा भी किया कि 2019 के लोकसभा चुनाव से जुड़े कांग्रेस के घोषणापत्र में किसानों के साथ किए गए वादों को भाजपा तोड़-मरोड़ कर पेश कर रही है, जबकि इस सरकार ने कॉरपोरेट जगत के समक्ष समर्पण कर दिया है। पूर्व वित्त मंत्री ने एक बयान में कहा, भाजपा अपने खुद के बनाए हुए जाल में फंस गई है। दशकों से यह व्यापारियों के वर्चस्व वाली पार्टी रही है। इसने वस्तुओं और सेवाओं के अभाव वाली अर्थव्यवस्था का दोहन किया गया। इंदिरा गांधी द्वारा हरित क्रांति लाने और पीवी नरसिंह राव एवं मनमोहन सिंह द्वारा शुरू किए गए उदारीकरण के बाद हालात बदलने लगे।

चिदंबरम के मुताबिक, आज हमारे यहां गेहूं और चावल जैसी उपज अधिक मात्रा में पैदा हो रही हैं। उन्होंने कहा किसानों की ताकत की बुनियाद पर कांग्रेस की सरकारों ने खाद्य सुरक्षा प्रणाली बनाई जिसके बाद 2013 में खाद्य सुरक्षा कानून बना। हमारी खाद्य सुरक्षा प्रणाली के तीन स्तंभ- न्यूनतम समर्थन मूल्य, सरकारी खरीद और सार्वजनिक वितरण व्यवस्था हैं।

उन्होंने कहा, कांग्रेस ने 2019 में इन्हीं सिद्धांत के आधार पर घोषणापत्र तैयार किया था। प्रधानमंत्री और भाजपा के प्रवक्ता ने कांग्रेस के घोषणापत्र को जानबूझकर तोड़-मरोड़कर पेश किया है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने कहा, हमने वादा किया था कि कृषि उत्पादक कंपनियोंसंगठनों को प्रोत्साहित करेंगे ताकि किसानों की पहुंच लागत, प्रौद्योगिकी और बाजार तक हो सके। हमने यह भी कहा था कि उचित बुनियादी ढांचे तथा बड़े गांवों एवं छोटे कस्बों में सहयोग से कृषि बाजार स्थापित किए जाएंगे ताकि किसान अपनी उपज वहां ला कर बेच सकें।

उन्होंने आरोप लगाया, लेकिन दूसरी ओर मोदी सरकार ने कारपोरेट और व्यापारियों के समक्ष समर्पण कर दिया है। चिदंबरम ने कहा, कांग्रेस और दूसरे विपक्षी दलों को हर मंच पर इन विधेयकों का विरोध करने के लिए हाथ मिलाना चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि मौजूदा स्वरूप में ए विधेयक कानून नहीं बनें। हर पार्टी को यह तय करना होगा कि वह किसानों के साथ है या फिर किसानों की जीविका को खतरे में डाल रही भाजपा के साथ है। गौरतलब है कि लोकसभा ने कृषि उपज व्यापार और वाणिज्य (संवर्धन और सुविधा) विधेयक-2020 और कृषक (सशक्तिकरण एवं संरक्षण) कीमत आश्वासन समझौता और कृषि सेवा पर करार विधेयक-2020 को मंजूरी दे दी है।

## संक्षिप्त समाचार

### ऑनलाइन कक्षाओं के लिए गरीब विद्यार्थियों को दें मदद

**नई दिल्ली।** राज्यसभा में शनिवार को कांग्रेस के सदस्य अहमद पटेल ने मांग की कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के छात्रों को वित्तीय मदद दी जाए ताकि वे कोविड-19 महामारी के कारण स्कूल बंद होने की वजह से चल रहीं ऑनलाइन कक्षाओं का लाभ ले सकें। उच्च सदन में शून्यकाल के दौरान अहमद पटेल ने यह मुद्दा उठाते हुए कहा कि कोविड-19 महामारी के कारण स्कूल बंद होने की वजह से ऑनलाइन कक्षाएं चल रही हैं। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन कक्षाओं के पीछे स्कूलों का मकसद फीस वसूलना है। उन्होंने यह भी कहा कि एक कार्यबल बनाया जाना चाहिए जो पूरी स्थिति को देखे। इसके अलावा राज्य सरकारों से परामर्श कर ऑनलाइन कक्षाओं के लिए दिशानिर्देश बनाए जाएं।

### प्रसिद्ध रवींद्र संगीत गायिका पूर्वा दाम का निधन

**कोलकाता।** प्रसिद्ध रवींद्र संगीत गायिका पूर्वा दाम का शनिवार को यहां उनके आवास पर निधन हो गया। वह 85 वर्ष की थीं। उनके परिवार के सूत्रों ने बताया कि दाम का शनिवार सुबह दक्षिण कोलकाता के ढाकुरिया में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। उनके परिवार में पति और एक बेटी है। प्रसिद्ध रवींद्र संगीत गायिका सुचित्रा मित्रा की शिष्या दाम ने अपने गीतों से वर्षों तक श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। पूर्वा दाम के निधन पर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने उनके साथ अपने संबंधों को याद किया। दाम को 2013 में राज्य सरकार द्वारा संगीत सम्मान से नवाजा गया था। बनर्जी ने कहा, दाम को 80 के दशक में मशहूर रवींद्र संगीत गायिका के रूप में पहचान मिली। उनके निधन से संगीत जगत में शून्य पैदा हो गया है। मुख्यमंत्री ने शोक-संतप्त परिजन के प्रति संवेदनाएं प्रकट कीं।

### मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री केबीच समझ राम-लक्षमण जैसी

**चेन्नई।** तमिलनाडु के राजस्व मंत्री आरबी उदयकुमार ने शनिवार को यहां कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री के पलानीस्वामी और उप मुख्यमंत्री ओ. पनीरसेलवम के बीच समझ ठीक वैसी ही है जैसी भगवान राम और उनके भाई लक्षमण के बीच थी। पार्टी की शुक्रवार को हुई बैठक में दोनों नेताओं के बीच मतभेद के दावों के बारे में किए गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि दोनों नेता सेना जैसे अनुशासन के साथ पार्टी का नेतृत्व कर रहे हैं। उदयकुमार ने कहा कि दोनों नेताओं से करीब डेढ़ करोड़ कार्यकर्ता जुड़े हैं और वे सभी को ममता भरे स्नेह के साथ लेकर चल रहे हैं।

### प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर उनका पुतला जलाने पर मुकदमा

**मुजफ्फरनगर।** शामली जिले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन को बेरोजगारी दिवस के तौर पर मनाने और उनका पुतला जलाने पर एक संगठन के अध्यक्ष सहित 15 लोगों पर दंगे के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि शामली जिले के भाजपा अध्यक्ष सतेंद्र तोमर की शिकायत के आधार पर 11 अज्ञात लोगों और चार नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने कहा कि भारतीय समाज रक्षक युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रिंस कोरी और 14 अन्य लोगों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 147 (दंगा) और 188 के तहत मामला दर्ज किया गया है। झिंझाना थाना क्षेत्र के अंतर्गत दरगाहपुर गांव की इस घटना का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था।

### वायु सेना में 1875 महिला अफसरों में से 10 विमान चालक

**नई दिल्ली।** भारतीय वायुसेना (आईएएफ) में सेवारत महिला अधिकारियों की कुल संख्या 1875 है। इनमें से 10 लड़ाकू विमान चालक हैं। जबकि 18 महिला अधिकारी दिशा-संचालक (नैवीगेटर) हैं। रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी। राज्यसभा में एक प्रश्न के लिखित जवाब में रक्षा राज्य मंत्री श्रीपाद नाईक ने बताया, एक सितंबर, 2020 की स्थिति के अनुसार भारतीय वायुसेना में सेवारत महिला अधिकारियों की संख्या 1875 है। इनमें से 10 महिला अधिकारी लड़ाकू पायलट हैं और 18 महिला अधिकारी नैवीगेटर हैं। उन्होंने बताया कि रक्षा मंत्रालय के अनुमोदन के बाद भारतीय वायुसेना ने वर्ष 2016 में फ्लाइंग ब्रांच की लड़ाकू स्ट्रीम में महिला एसएससी अधिकारियों के प्रवेश के लिए एक योजना आरंभ की थी। इसके अंतर्गत अब तक 10 महिला लड़ाकू पायलटों को कमीशन किया गया है। यह पूछे जाने पर कि महिला लड़ाकू विमान चालकों द्वारा सीमा पार या शत्रु देशों की सीमा रेखा के आस-पास लड़ाकू विमान उड़ाते समय किस तरह की सुरक्षा संबंधी सावधानियां बरतने के दिशा निर्देश है। नाईक ने बताया, भारतीय वायुसेना में महिला लड़ाकू पायलटों को निर्धारित की गई नीति के अंतर्गत सामरिक जरूरतों और संक्रियात्मक आवश्यकताओं के अनुसार नियुक्त और तैनात किया जाता है, जिसकी समय-समय पर समीक्षा की जाती है। उल्लेखनीय है कि जून 2016 में पहली बार तीन महिला लड़ाकू विमान चालकों भावना कंठ, अवनी चतुर्वेदी और मोहना सिंह को भारतीय वायु सेना के लड़ाकू बेड़े में शामिल किया गया था।

### कृषि विधेयकों के खिलाफ प्रदर्शन में किसान ने खुदकुशी की

**चंडीगढ़।** पंजाब के मुक्तसर जिले में कृषि संबंधी नए विधेयकों के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान 70 साल के एक किसान की किसी जहरीले पदार्थ खाने के बाद मौत हो गई। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। मनसा जिले के अक्कनवाली गांव निवासी प्रीतम सिंह ने शुक्रवार सुबह कोई जहरीला पदार्थ खा लिया। बाद में एक अस्पताल में उनकी मृत्यु हो गई। सिंह भारतीय किसान यूनियन (एकता उग्रहण) द्वारा 15 सितंबर से बादल गांव में आयोजित प्रदर्शन में भाग ले रहे थे। यह पूर्व मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल का पैतृक गांव है। पुलिस ने कहा कि अभी पता नहीं चला है कि किसान के यह कदम क्यों उठाया। किसान संगठन का कहना है कि प्रीतम सिंह पर कर्ज था। भारतीय किसान यूनियन (एकता उग्रहण) के महासचिव सुखदेव सिंह ने मांग की कि मृतक के परिवार को प्रशासन की ओर से मुआवजा दिया जाना चाहिए।

### मुंबई में पूर्व भाजपा विधायक सरदार तारा सिंह नहीं रहे

**मुंबई।** महाराष्ट्र के पूर्व भाजपा विधायक सरदार तारा सिंह का लंबी बीमारी के कारण शनिवार सुबह निधन हो गया। वह 81 वर्ष के थे। भाजपा के पूर्व सांसद किरीट सोमैया ने पीटीआई-भाषा को बताया, सरदार तारा सिंह ने मुंबई के एक निजी अस्पताल में अंतिम सांस ली। सोमैया ने कहा, वह पिछले कई दिनों से अस्पताल में थे और उनका कई बीमारियों का इलाज चल रहा था। सिंह ने मुंबई में मुलुंड विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया था।

### जम्मू कश्मीर में ओबीसी, अजा केलिए बढाएं आरक्षण : बसपा

**नई दिल्ली।** राज्यसभा में शनिवार को बहुजन समाज पार्टी के एक सदस्य ने सरकार से मांग की कि जम्मू कश्मीर में अन्य पिछडा वर्ग और अनुसूचित जाति के लिए आरक्षण बढा कर अन्य राज्यों के समान किया जाए। शून्यकाल में यह मुद्दा उठाते हुए बसपा के राजा राम ने कहा कि जम्मू में अन्य पिछडा वर्ग की आबादी 35 फीसदी है और उन्हें केवल दो फीसदी ही आरक्षण प्राप्त है जबकि अन्य राज्यों में ओबीसी के लिए आरक्षण 14 फीसदी और कहीं 27 फीसदी है। राजा राम ने कहा कि इसी तरह जम्मू कश्मीर में अनुसूचित जाति के लोगों की आबादी 17 फीसदी है और उन्हें आठ फीसदी आरक्षण मिला है जबकि अन्य राज्यों में उन्हें 15 फीसदी आरक्षण प्राप्त है। बसपा सदस्य ने मांग की कि जम्मू कश्मीर में अन्य पिछडा वर्ग और अनुसूचित जाति के लोगों के लिए आरक्षण बढा कर उतना किया जाए जितना अन्य राज्यों में है।

### बीजद ने की पाक पर अंतरराष्ट्रीय दबाव बनाने की मांग

**नई दिल्ली।** राज्यसभा में शनिवार को बीजू जनता दल के एक सदस्य ने मांग की कि सीमा पार से जारी आतंकवाद को रोकने के लिए सरकार को पाकिस्तान पर अंतरराष्ट्रीय दबाव बनाना चाहिए। शून्यकाल में यह मुद्दा बीजद के सस्मित पात्रा ने कहा कि सीमा पार से जारी आतंकवाद को रोकने के लिए सरकार की ओर से समुचित प्रयास जैसे गश्त बढाना, सीमा संबंधी अवसंरचना का विकास, अत्याधुनिक उपकरण, खुफिया तंत्र को मजबूत बनाना तथा उपग्रह की मदद लेने जैसे प्रयास किए गए हैं। उन्होंने कहा इसके बावजूद सीमा पर से जारी आतंकवाद पर रोक नहीं लग पा रही है। पात्रा ने सुझाव दिया कि सरकार को आतंकवाद रोकने के लिए पाकिस्तान पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दबाव बनाना चाहिए।

होम थियेटर

# बंधक समस्या पर रोचक सीरीज़



**होस्टेजेस 2**
**डिज्नी, हॉटस्टार**
**कलाकार: रोनित रॉय, दिव्या दत्ता तथा अन्य**
**रेटिंग: 6/10**

होस्टेजेस 2 वहीं से प्रारंभ होता है जहां से होस्टेजेस समाप्त हुआ था। लेकिन कहा जा सकता है कि दोनों ही सीज़न अच्छे गए हैं और जनता के बीच लोकप्रिय भी। यदि पहले में राजनीतिक एवं कॉरपोरेट षडयंत्र के चलते मुख्यमंत्री की हत्या को लेकर एक चिकित्सक का अंतर्द्वंद दिखाया गया था तो इस बार भी इसे उतने ही रोचक कथानक के साथ प्रस्तुत किया गया है।

इस बार मुख्यमंत्री ही बंधक बन गए हैं लेकिन एक चिकित्सकीय कारण से। रोनित रॉय पृथ्वी के रूप में लीड भूमिका में हैं वो इस सीरीज़ में अवकाश प्राप्त सुपर कॉप अपने चरित्र को सही ढंग से प्रस्तुत करने में सफल रहे हैं लेकिन चरित्र की गंभीरता के चलते आप उनके चेहरे पर एक मुस्कान के लिए भी तरस जाएंगे। वो अपने टीवी चरित्र मिस्टर बजाज से अब तक बाहर नहीं आ सके हैं। लेकिन एप्लॉज़ हाउस की ये प्रस्तुति रोचक, थ्रिलिंग बन पड़ी है। किसी भी बंधक संमस्या की तरह ही इस सीरीज़ में उतार-चढ़ाव आते रहते हैं जो स्वाभाविक लगते हैं। आपको इसमें एटीएस टीम के ऐक्शन, नाइट स्नाइपर्स, योजना तथा बंधक स्थल की सर्वेलांस जैसी सनसनीखेज गतिविधियां देखने को मिलेंगी। बंधक स्थल एक औपनिवेशिक कालीन खंडहर रखा गया है जो आकर्षक बन पड़ा है। घूमती सर्चलाइट तथा स्थिति से मेल खाता संगीत वरिष्ठ निर्देशक सुधीर मिश्रा के कौशल को दर्शाता है। ये सभी कारक पूरी सीरीज़ के रोचक प्रस्तुतीकरण में सहायक हुए हैं। अभिनेता दिलीप ताहिल ने भ्रष्ट मुख्यमंत्री का चरित्र मंझे अभिनेता की तरह जिया है। दिव्या दत्ता ने बंधक समस्या के समाधान में एक कुशल मध्यस्थ की भूमिका में चार चांद लगा दिये हैं। उनका अभिनय प्रशंसनीय है।

मुख्य कहानी के पार्श्व में चल रही दूसरी कहानियां अधिकांशतया निरर्थक हैं लेकिन कुछ मुख्य कहानी से लय स्थापित करने में सफल रही हैं सभी चरित्रों ने पूरी सीरीज़ को प्रामाणिक बनाने में सहयोग दिया है। 12वें एपिसोड के आने तक कहानी में रोचकता बनाए रखी गई है लेकिन इसके बाद कहानी को ढीला छोड़ दिया गया लगता है।

सभी चरित्रों को सामान्यत: उनकी परदे पर दिखने वाली आदतों को ध्यान में रखते हुए चुना जाता है लेकिन यहां दीनो मोरिया एक ऐसे हत्यारे दिखाए गए हैं जो हत्या करते हुए मुस्कुराते दिखते हैं। वो बिना किसी कारण लोगों को मारते दिखते हैं। वो सीरीज़ में क्यों हैं और क्यों लोगों की हत्या करते हैं, इसका कारण अंत तक पता नहीं चलता। लेकिन होस्टेजेस2 एक सीरीज़ के रूप में अपनी रोचकता के चलते आपको बांधे रखने में अवश्य सफल है, इतना तो कहा ही जा सकता है।

# अच्छा कथानक, खराब प्रस्तुतीकरण

**कार्गो**
**प्लेटफॉर्म : नेटलिक्स**
**कलाकार: विक्रांत मैसी, श्वेता त्रिपाठी, नंदू माधव, कोंकणा सेन**
**रेटिंग: 5/10**

कुछ ऐसे कथानक हैं जिन्हें समझने में बॉलिवुड को सालों लग सकते हैं। एक ऐसा ही विषय है विज्ञान आधारित कहानियों का, और इसका भी एक कारण है। हम सेट पर अधिक ध्यान नहीं देते। ये सही है कि इसकी लेखिका और निर्देशिका के रूप में आरती यादव की प्रशंसा की जानी चाहिये कि उन्होंने यमराज और मृत्यु जैसे विषय को कथानक के रूप में चुना। इसे उन्होंने अलग ढंग से बुना है लेकिन फिर भी आपको कहानी को परदे पर सही ढंग से उतारना भी तो आना चाहिये।



अब स्पेस शिप की बात की जाए तो इसमें भी कल्पना के लिए कोई स्थान नहीं है। लेकिन इस शिप के बाहर के दृश्य वास्तविक दिखे हैं। लेकिन इसकी अंदरूनी सज्जा किसी नौसिखिया द्वारा की गई लगती है। जबकि इसके लिए अनेक हॉलिवुड फिल्में उपलब्ध हैं और उनसे सीखकर काफी सुधार किया जा सकता था।

लेकिन ऐसा प्रतीत होता है जैसे निर्माताओं को अपनी कहानी पर अतिविश्वास था कि रोचक कहानी के चलते दर्शक अन्य बातों पर ध्यान नहीं देगा। दुर्भाग्य से एक बार यदि किसी को पता चल जाता है कि हो क्या रहा है तो फिर आपको उसे दुबारा दिखाने से पहले उसमें रोचकता बनाए रखने के लिए कुछ विशेष योजना बनानी होती है, आप टीन के बक्से और यहां वहां कुछ करके उसे स्पेस शिप नहीं बना सकते। ऐसा कैसे हो सकता है कि किसी स्पेस शिप में अंतरिक्ष यात्री (कहानी में आधुनिक यमराज) के लिए बैठने के लिए उचित स्थान भी उपलब्ध न हो। इसके अलावा इस विमान पुष्पक 634ए में मुख्य यात्री के लिए स्थान भले ही न दिया गया हो लेकिन उसके सहायक के लिए एक उचित स्थान या कहें कक्ष उपलब्ध है। एक प्लेटफॉर्म पर उसके लिए बक्से लगे हैं और यहीं उसका स्थान है। अब आप सोच रहे होंगे कि कार्डबोर्ड के बक्से स्पेसशिप पर क्या कर रहे हैं? तो जान लीजिये कि विज्ञान आधारित फिल्मों के लिए इससे गई बीती बात कुछ और नहीं हो सकती।

यदि इस श्रेणी की हॉलिवुड की हिट फिल्म 'द एबिस और स्टारट्रेक' के निर्माता इसे देख लें तो अपना सिर अवश्य धुन लेंगे।सभी कलाकारों को देखकर ऐसा लगता है जैसे वे एक दूसरे के सामने असहज हैं लेकिन उनका व्यक्तिगत अभिनय चलताऊ कहा जा सकता है। यदि देखना ही है तो केवल इसकी अवधारणा के लिए ही देखें।

-**शालिनी सक्सेना**

# हिंसा ही हिंसा



**द बेबी सिटर: किलर क्वीन**
**प्लेटफॉर्म : नेटलिक्स**
**कलाकार: जुडा, लूइस, एमिली एलिन लिंड, बेला थॉर्न, जेना ऑरटेगा**
**रेटिंग: 5/10**

हॉलिवुड फिल्मों में हिंसा का दौर इस बेबी सिटर के सीक्वेल में भी जारी रहता है। कहानी को कुछ साल आगे ले जाया गया है। अब इसका लीड अभिनेता कोल हाई स्कूल में है और अब उसे किसी बेबी सिटर की आवश्यकता नहीं है। उसकी कहानी पर किसी को विश्वास नहीं होता। बाद में पुलिस के आने पर ये सिलसिला रुक जाता है और कहीं कोई लाश नहीं दिखाई देती।

कोल की कहानी को उसके माता-पिता एक थेरेपी करार देते हैं। लेकिन वे मृत लोग फिर अचानक तब कैसे प्रकट हो जाते हैं जब उनकी आवश्यकता ही नहीं होती, और अब इसका सीक्वेल भी देखना होगा। इसमें भी आपको सिर कटने, लोगों को आग में जलते और खून चारों दिशा में फैलता दिखाया गया है लेकिन संदर्भ गायब है। फिर वे मृत लोग अचानक तब कैसे प्रकट हो जाते हैं और उनके ऐसा करने का कारण भी स्पष्ट न हो। यदि विशुद्ध मानव के रक्त को पीने से ही आप सर्वशक्तिमान बन सकते तो फिर और कुछ करने की आवश्यकता क्या है। लेकिन कहानी का अंत आते आते आपको पता चलता है कि ऐसा कुछ भी नहीं होता। यदि आपको पग पग पर हिंसा प्रिय है तो आप इसे भी देख सकते हैं।

# रोचक और अत्यंत हास्यपूर्ण

**वकालत फ्रॉम होम**
**अमेजॉन प्राइम**
**एपिसोड 10**
**कलाकार: सुमित व्यास, गोपाल दत्त, निधि सिंह, आकर्ष खुराना, कुब्रा सैत**



निर्माता रोहन सिप्पी और अनुवब पाल की ये 10 एपिसोड वाली सीरीज़ अच्छी बन पड़ी है। इसका कहानी सामान्य सी है- वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से तलाक। इसकी प्रेरणा कोविड 19 महामारी काल में कोर्ट्स द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से विभिन्न प्रकरणों की सुनवाई से ली गई है। लेकिन रोहन सिप्पी ने इसे अच्छे ढंग से प्रस्तुत किया है। काफी दिनों बाद आपको इतना स्वस्थ मनोरंजन प्रदान करने वाला कुछ देखने को मिला है वरना आजकल कहानियां इतनी जटिलता लिये होती हैं कि आपको कुछ समझ में ही नहीं आता। वकालत फ्रॉम होम में आपको बहुत दिनों बाद विशुद्ध हास्य और मनोरंजन मिला है। इसमें एक संदेश भी है कि आप तलाक के वकीलों से अधिक संपर्क न रखें।

इस प्रकार के प्रकरण में हंसना यद्यपि दुखद है लेकिन कहानी काल्पनिक है जिसमें दो लोग विवाह के 10 सालों के बाद अपने मतभेदों के चलते अलग होना चाहते हैं। वे बचपन के मित्र भी होते हैं। फिर भी कथानक हास्यपूर्ण है।

अलग अलग स्थानों पर अभिनेताओं के होने और उन्हें एक कहानी में साथ दिखाना कोई इस फिल्म से सीख सकता है। इसकी एक और सुंदरता ये है कि इसका एक एपिसोड केवल 15 मिनट का रखा गया है। ऐसे में अंत तक आपको प्रतीक्षा नहीं करनी होती कि इसका अंत कैसा होगा। ढाई घंटे में आप इसके 10 एपिसोड देख सकते हैं। सुमीत व्यास, गोपाल दत्त तथा निधि सिंह का अभिनय अच्छा है। कुब्रा सैत का अभिनय उल्लेखनीय है। तलाक की पारंपरिक अधिवक्ता से हॉट लॉयर बनना अद्भुत दिखा है। यही कारण है कि सीरीज़ अत्यंत रोचक बन सकी है।

# उर्मिला ने कंगना रनौत के बयान के बाद समर्थन के लिए लोगों को दिया धन्यवाद



**अभिनेत्री** उर्मिला मातोंडकर ने उनके खिलाफ अभिनेत्री कंगना रनौत की सॉफ्ट पोर्न स्टार संबंधी टिप्पणी के बाद मिले समर्थन के लिए भारत के असली लोगों का शुक्रवार को आभार प्रकट किया।

मातोंडकर ने फिल्म उद्योग में भाई-भतीजावाद और बॉलीवुड में नशीले पदार्थों की समस्या को लेकर रनौत के दावों पर सवाल उठाया था, जिसके जवाब में रनौत ने एक निजी समाचार चैनल को दिए साक्षात्कार में कहा था कि 90 के दशक की जानी-मानी अभिनेत्री मातोंडकर सॉफ्ट पोर्न स्टार थीं और वह अपने अभिनय के लिए नहीं जानी जाती हैं।

फिल्म निर्देशक राम गोपाल वर्मा, फिल्मकार अनुभव सिन्हा और अभिनेत्री स्वरा भास्कर समेत उद्योग के कई लोगों ने रनौत की इस टिप्पणी की निंदा की और मातोंडकर के 25 साल के करियर को सादगी और गरिमा वाला बताया। मातोंडकर ने ट्वीट किया, मेरे साथ खड़े होने के लिए भारत के असल लोगों और निष्पक्ष, प्रतिष्ठित मीडिया की दुर्लभ नस्ल का शुक्रिया। यह फर्जी आईटी ट्रोल और दुष्प्रचार के खिलाफ आपकी जीत है। मैं वास्तव में बहुत अभिभूत हूं। जय हिंद। अभिनेत्रियों पूजा भट्ट एवं सयानी गुप्ता और पटकथा लेखक कनिका ढिल्लों ने भी मातोंडकर का समर्थन किया।

# रामलीला 14 भाषाओं में डिजिटल रूप से उपलब्ध होगी

**भाषा।** नई दिल्ली

**अयोध्या** की रामलीला उर्दू और भोजपुरी समेत 14 भाषाओं में डिजिटल रूप में उपलब्ध होगी। आयोजकों ने कहा कि भाजपा सांसद मनोज तिवारी और रवि किशन भी इसमें हिस्सा लेंगे। रामलीला का मंचन अयोध्या में सरयू नदी के किनारे स्थित लक्ष्मण किला में होगा जो निर्माणाधीन राम मंदिर से कुछ किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। आयोजन समिति के मुख्य मीडिया सलाहकार नीलकांत बख्शी ने कहा कि कोविड-19 महामारी के मद्देनजर 17 से 25 अक्टूबर के बीच सीमित दर्शकों की मौजूदगी में इसका मंचन होगा लेकिन केबल टीवी, यूट्यूब और अन्य सोशल मीडिया मंचों पर इसे प्रसारित किया जाएगा।



आयोजकों ने कहा कि तिवारी और रवि किशन के अलावा कई बॉलीवुड और टीवी कलाकार भी इस रामलीला का हिस्सा होंगे। अभिनेता विंदु दारा सिंह हनुमान की भूमिका में होंगे, रितु शिवपुरी कैकई की भूमिका निभाएंगी, असरानी नारद के तौर पर नजर आएंगे और शहबाज खान रावण के किरदार में दिखेंगे। उन्होंने कहा कि राकेश बेदी विभीषण, राकेश पुरी निषादराज, रजामुराद अहिरावण और अवतार गिल जनक की भूमिका में होंगे। गोरखपुर से सांसद रवि किशन भरत के किरदार में नजर आएंगे। उत्तर पूर्वी दिल्ली लोकसभा सीट से सांसद तिवारी रामलीला में अंगद की भूमिका निभाएंगे। उन्होंने शुक्रवार को एके संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अयोध्या में राम मंदिर निर्माण को लेकर लोगों में भारी खुशी है और यह भगवान राम की जन्मस्थली पर भव्य रामलीला के आयोजन की प्रेरणा है। तिवारी ने कहा, अयोध्या की रामलीला की एक प्रमुख विशेषता यह है कि यह भोजपुरी, उर्दू, तमिल, तेलगु, बंगला और अंग्रेजी समेत 14 भाषाओं में डिजिटल रूप में उपलब्ध होगी। बख्शी ने कहा कि देश भर में व्यापक रूप से जनता तक पहुंचने के लिए 14 भाषाओं में लिखित भाषांतर का इस्तेमाल किया जाएगा।

इस रामलीला का मंचन संयुक्त रूप से दो संगठनों, मेरी मां फाउंडेशन और राम की रामलीला द्वारा किया जा रहा है। पश्चिमी दिल्ली लोकसभा सीट से भाजपा सांसद प्रवेश वर्मा समिति के मुख्य संरक्षक हैं।

# मान्यता ने संजय दत्त, बच्चों के साथ तस्वीरें साझा की



**मुंबई।** अभिनेता संजय दत्त की पत्नी मान्यता दत्त ने शुक्रवार को कहा कि वह ऐसे एकजुट परिवार को पाकर धन्य महसूस करती हैं। संजय दत्त और मान्यता ने हाल ही में अपने बच्चों शाहरान और इकरा के साथ दुबई की यात्रा की थी। मान्यता ने संजय और बच्चों के साथ अपनी एक तस्वीर साझा करते हुए इंस्टाग्राम पर लिखा, आज। मैं परिवार के रूप में मिले तोहफे के लिए ईश्वर का धन्यवाद करना चाहती हूं। कोई शिकायत नहीं.... कोई निवेदन नहीं..... बस हमेशा साथ रहें। लॉकडाउन के दौरान मान्यता बच्चों के साथ दुबई में थीं लेकिन दत्त की स्वास्थ्य परिस्थितियों के कारण अगस्त में मुबई लौट आई थीं।

# और अब फैशन टूर ने तरुण तहिलियानी से मिलाया हाथ

**ब्लेंडर्स प्राइड** फैशन टूर और असाधारण डिजाइनर तरुण तहिलियानी के बीच गुरुवार को उनके इस इंडस्ट्री में 25 साल पूरे करने के जश्न के रूप में अपनी तरह की पहली डिजिटल साझेदारी की गई। पिछले कई सालों सेए ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर ने भारतीय डिजाइन को बढ़ावा देने के लिए भारतीय डिजाइनर कम्युनिटी के साथ सहयोग करते हुए भारत में फैशन उद्योग के लिए बैंचमार्क स्थापित किया है। यह टूर वर्षों से पारंपरिक रनवे शो से लेकर फैशन फैस्टिवल तक विकसित हुआ है और आजए इन अनोखे समय मेंए तरुण तहिलियानी के साथ मिलकर डिजिटल साझेदारी करते हुए और माय आइडेंटिटीए माय प्राइड की एक कहानी का जश्न मनाया गया। इस शाम अपने शिल्प और विरासत के गौरवान्वित करने वाले तत्वों को प्रदर्शित किया गयाए यह शाम आधुनिक होने के साथ एक इकाई के रूप में स्ट्रीम ऑफ़ कॉन्शियसनेस भी थी। उनके अनुभव ने दुनिया का अनुसरण करते हुए एक व्यक्ति के जीवन में इनफाइनाइट संभावनाओं के विचार को उजागर किया। अपनी तरह के हाइब्रिड फैशन अनुभव ने सभी ग्लैमर और ग्लिट्ज़ को एक प्रभावशाली कहानी के साथ डिजिटल प्रीमियर के माध्यम से जीवंत किया। फैशन के एक नाटकीय रूपान्तरण के माध्यम से मेन्सवियर और वुमेन्सवियर में 25 मॉडल्स ने 25 खूबसूरत लुक्स प्रस्तुत किए। जो कि तरुण तहिलियानी द्वारा डिजाइन किए गए भव्य कस्टम सेट में उनकी 25 साल की यात्रा को प्रदर्शित करता है। इस अवसर पर बोलते हुए ईशविंदर सिंह जीएम मार्केटिंग पेरनोड रिकार्ड इंडिया ने कहा कि ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर पिछले 15 वर्षों से फैशन और स्टाइल के क्षेत्र में अद्वितीय अनुभव पेश कर रहा है। हमने तरुण के साथ एक लंबी और विशेष यात्रा तय की है और आज जैसा कि वह इंडस्ट्री में 25 साल मना रहे हैंए हम अपने ग्राहकों के लिए उनके घर के सुकून में इस शो का अनुभव पेश करने के लिए समान रूप से उत्साहित हैं। हमने पिछले दो वर्षों से श्प्राइडश् की यात्रा जारी रखी हैए और इस वर्ष भी श्माइ आइडेंटिटीए माइ प्राइडश् को केंद्र में रखते हुए जारी है। माय आइडेंटिटी माय प्राइडष्के इर्द.गिर्द एक सहज कहानी को बुनते हुए तरुण तहिलियानी ने कहा-किसी की पहचान से ज्यादा महत्वपूर्ण कुछ नहीं हैए यही वह अभिव्यक्ति है जो आपको दुनिया से अलग बनाती है। यह साझेदारी मेरी यात्रा और बेशुमार प्रेरणाओं का उत्सव है जिसने पिछले कई वर्षों से मुझे प्रेरित किया है।



**सुप्रसिद्ध डिज़ाइनर तरुण तहिलियानी ने ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर के पहले डिजिटल प्रीमियर की शुरुआत की जिसमें इन्फाइनाइट, माय आइडेंटिटी, माय प्राइड का प्रदर्शन किया गया**

# पंत से काफी उम्मीदें, लेकिन अपेक्षाओं का दबाव नहीं डालेंगे: पोंटिंग



एजेंसी। दुबई

**दिल्ली** कैपिटल्स के कोच रिकी पोंटिंग को अपने शीर्षक्रम खासकर स्टार बल्लेबाज ऋषभ पंत से इंडियन प्रीमियर लीग के इस सत्र में प्रभावी प्रदर्शन की उम्मीद है, लेकिन उन्होंने कहा कि वह इस युवा खिलाड़ी पर अपेक्षाओं का दबाव नहीं डालेंगे। किंग्स इलेवन पंजाब के खिलाफ रविवार को दिल्ली के अभियान के आगाज से पूर्व पोंटिंग ने वर्चुअल प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि मुझे पूरी टीम से काफी उम्मीदें हैं और मुझे यकीन है कि ऋषभ इस बार भी प्रभावी प्रदर्शन करेंगे। लेकिन एक कोच होने के नाते मैं ऐसी कोई अपेक्षाएं नहीं रखना चाहता जो खिलाड़ी को खुद से भी नहीं हो।

### दर्शकों के बीच खेलना होगा अलग

उन्होंने कहा कि मौजूदा हालात अलग है और कड़े प्रोटोकॉल लागू हैं, जो बिल्कुल नए हैं। दर्शकों के बिना खेलना अजीब होगा, लेकिन अब यहां ढाई सप्ताह हो चुके हैं। अभ्यास के दौरान कोचिंग स्टाफ ने भी इसके लिए काफी मेहनत की है और हमें पता है कि दुनिया भर में खासकर दिल्ली में हमारे प्रशंसक हमारे साथ है और हम उन्हें निराश नहीं करेंगे। गेंद पर लार के इस्तेमाल पर प्रतिबंध का कितना असर होगा, यह पूछने पर आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान ने कहा कि असल में लार का इस्तेमाल गेंदबाजों की आदत बन चुकी है और अनजाने में भी वे ऐसा कर जाते हैं। हमें बताया गया है कि ऐसा करने पर कड़े जुर्माने का प्रावधान है। इस संबंध में खिलाड़ियों को तफ्सील से बताया जाएगा। उन्होंने कहा कि वैसे भी गेंद की चमक बरकरार रखने के लिए लार के इस्तेमाल की टी-20 में उतनी जरूरत नहीं होती, जितनी टेस्ट क्रिकेट में।

उन्होंने कहा कि कोचिंग स्टाफ का काम टीम पर से दबाव कम करना है, ताकि खिलाड़ी खुलकर स्वाभाविक खेल दिखा सकें। आईपीएल के पिछले सत्र में 16 मैचों में 162 से ऊपर के स्ट्राइक रेट से 488 रन बनाने वाले पंत ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ 27 गेंद में 78 रन बनाए थे। उन्होंने यहां भी अभ्यास मैचों में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। पोंटिंग ने कहा कि अजिंक्य रहाणे के आने से टीम की बल्लेबाजी की गहराई बढ़ी है। उन्होंने कहा कि टीम में काफी लचीलापन है और रहाणे के आने से गहराई भी बढ़ी है। श्रेयस ने पिछले साल शानदार प्रदर्शन किया। पंत, शिमरोन हेटमाएर, एलेक्स कारे बल्लेबाजी को मजबूती देते हैं और निचले क्रम पर अक्षर पटेल भी हैं। यह पूछने पर कि विकेट स्पिनरों की मददगार होगी या तेज गेंदबाजों की, पोंटिंग ने कहा कि टूर्नामेंट आगे बढ़ने के साथ हालात बदलते रहेंगे। पिछले दिनों विकेट पर घास थी और शुरुआत में सीम गेंदबाजों को मदद मिलेगी, लेकिन बाद में विकेट धीमा होगा और स्पिनरों की भूमिका भी अहम होगी। उन्होंने स्वीकार किया कि दर्शकों के बिना खाली स्टेडियमों में खेलना अजीब होगा, लेकिन कहा कि पहले मैच के बाद इसकी आदत पड़ जाएगी।

# स्पिनरों के कारण पंजाब के खिलाफ दिल्ली का पलड़ा भारी

एजेंसी। दुबई

**रविचंद्रन** अश्विन, अमित मिश्रा और अक्षर पटेल जैसे अनुभवी स्पिनरों की मौजूदगी के कारण दिल्ली कैपिटल्स का रविवार को खेले जाने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मुकाबले में किंग्स इलेवन पंजाब के खिलाफ पलड़ा भारी रहेगा। दोनों टीमों का यह सत्र का पहला मुकाबला होगा जहां उनके कप्तानों के बीच भी शानदार प्रतिद्वंद्विता देखने को मिल सकती है। किंग्स इलेवन के कप्तान लोकेश राहुल और दिल्ली कैपिटल्स के श्रेयस अय्यर को भविष्य के भारतीय कप्तान के तौर पर देखा जा रहा है।

यही नहीं दोनों टीमों के कोच विश्व स्तरीय खिलाड़ी रहे है और ऐसे में उनकी रणनीति को देखना दिलचस्प होगा। किंग्स इलेवन पंजाब के खिलाड़ी अनिल कुंबले से प्रेरणा लेना चाहेंगे तो वही दिल्ली कैपिटल्स के खिलाड़ी रिकी पोंटिंग की योजनाओं को मैदान पर उतारने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। दोनों टीमों में बड़े शॉट लगाने वाले खिलाड़ियों की कमी नहीं है लेकिन यूएई की धीमी पिचों पर अश्विन, मिश्रा और अक्षर की तिकड़ी पंजाब की टीम पर भारी पड़ सकती है। यह मुकाबला दुबई अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। बल्लेबाजी के मोर्चे पर दिल्ली कैपिटल्स में भारतीय और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों का अच्छा मिश्रण है। जिसमें पृथ्वी साव, अय्यर, ऋषभ पंत, शिखर धवन के अलावा वेस्टइंडीज के शिमरोन हेटमेयर शामिल हैं। इस परिदृश्य में भारतीय टेस्ट उप-कप्तान अजिंक्य रहाणे (120 से कम की स्ट्राइक रेट) को शायद मौका नहीं मिले। टीम ने उन्हें राजथान रॉयल्स से खरीदा गया था। किंग्स इलेवन के पास क्रिस गेल, ग्लेन मैक्सवेल और खुद राहुल जैसे बड़े शॉट लगाने वाले खिलाड़ी है। इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे एकदिवसीय में 108 रन की पारी खेल कर टीम को जीत दिलाने वाले मैक्सवेल का आत्मविश्वास काफी ऊंचा होगा। उन्होंने 2014 में जब इस टूर्नामेंट के कुछ मैच यूएई में खेले गए थे तब शानदार प्रदर्शन किया था। मैक्सवेल ने उस सत्र में 16 मैचों में 552 रन बनाए थे।



### किंग्स इलेवन के पास गेल और राहुल की शानदार जोड़ी

किंग्स इलेवन के पास गेल और राहुल के रूप में खतरनाक सलामी जोड़ी है, जिसके बाद मयंक अग्रवाल का नंबर आता है। दिल्ली कैपिटल्स की टीम कागिसो रबाडा के साथ बिग बैश लीग में सबसे अधिक विकेट लेने वाले डैनियल सैम्स को अंतिम 11 में शामिल कर सकती है जिससे ईशांत शर्मा को बाहर बैठना पड़ सकता है। पंजाब के लिए मोहम्मद शमी तेज गेंदबाजी आक्रमण की अगुवाई करेंगे जबकि स्पिन विभाग की जिम्मेदारी अफगानिस्तान के मुजीब जदरान पर होगी। अश्विन पिछले सत्र में हुए मांकेडिंग विवाद को पीछे छोड़कार मिश्रा के साथ शानदार जोड़ी बनाना चाहेंगे। मिश्रा के नाम आईपीएल में 157 विकेट है और वह सबसे अधिक विकेट चटकाने वालों की सूची में दूसरे स्थान पर है। पिछले पांच मुकाबलों में हालांकि पंजाब की टीम ने चार मैच जीते है, लेकिन दोनों टीमों के बीच आखिरी मैच में दिल्ली की टीम भारी पड़ी थी।

### टीमें

**दिल्ली कैपिटल्स:** श्रेयस अय्यर (कप्तान), रविचंद्रन अश्विन, शिखर धवन, पृथ्वी साव, शिमरोन हेटमायर, कगिसो रबाडा, अजिंक्य रहाणे, अमित मिश्रा, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), इशांत शर्मा, अक्षर पटेल, संदीप लामिचाने, कीमो पॉल, डैनियल सैम्स, मोहित शर्मा, एनरिच नोर्जे, एलेक्स कैरी (विकेटकीपर), अवेश खान, तुषार देशपांडे, हर्षल पटेल, मार्कस स्टोइनिस, ललित यादव।

**किंग्स इलेवन पंजाब:** लोकेश राहुल (कप्तान), मयंक अग्रवाल, शेल्डन कॉटरेल, क्रिस गेल, ग्लेन मैक्सवेल, मोहम्मद शमी, मुजीब उर रहमान, करुण नायर, जेम्स नीशम, निकोलस पानन (विकेटकीपर), इशान पोरेल, अर्शदीप सिंह, मुरुगन अश्विन, कृष्णप्पा गौतम, हरप्रीत बरार, दीपक हुड्डा, क्रिस जॉर्डन, सरफराज खान, मनदीप सिंह, दर्शन नलकंडे, रवि बिश्नोई, सिमरन सिंह (विकेटकीपर), जगदीश सुचित, तजिंदर सिंह, हार्डस विलजोन।

# मुंबई ने चेन्नई को दिया 163 रन का लक्ष्य



एजेंसी। अबुधाबी

**लुंगी** एनगिडी की अगुवाई में डेथ ओवरों की कसी हुई गेंदबाजी और फाफ डुप्लेसिस के शानदार क्षेत्ररक्षण के दम पर चेन्नई सुपरकिंग्स ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के उदघाट्न मैच में शनिवार को यहां मौजूदा चैंपियन मुंबई इंडियन्स को नौ विकेट पर 162 रन ही बनाने दिए।

मुंबई एक समय 180 से अधिक रन बनाने की स्थिति में दिख रहा था, लेकिन उसने आखिरी छह ओवरों केवल 41 रन बनाए और इस बीच छह विकेट गंवाए। उसकी तरफ से सौरभ तिवारी ने सर्वाधिक 42 रन बनाए। इसके लिए उन्होंने 31 गेंदें खेली तथा तीन चौके और एक छक्का लगाया। चेन्नई के लिए एनगिडी ने तीन जबकि दीपक चाहर और रविंद्र जडेजा ने दो-दो विकेट लिए। लंबे अर्से बाद प्रतिस्पर्धी मैच खेल रहे महेंद्र सिंह धोनी ने टॉस जीता, चेन्नई सुपरकिंग्स ने पहले क्षेत्ररक्षण किया और दीपक चाहर ने लगातार तीसरे साल सत्र की पहली गेंद करने का रिकार्ड बनाया। रोहित शर्मा (12) ने चौके इसका स्वागत किया। पिच धीमी थी और चेन्नई के गेंदबाजों ने बीच-बीच में ढीली गेंदें भी की। मुंबई के सलामी बल्लेबाज रोहित और क्विंटन डिकाक (20 गेंदों पर 33, पांच चौके) चार ओवर तक स्कोर 45 रन तक ले गए, लेकिन चार गेंद के अंदर ए दोनों पवेलियन लौट गए।

धोनी ने पांचवें ओवर में ही पीयूष चावला के रूप में स्पिन आक्रमण लगा दिया और इस लेग स्पिनर ने कप्तान को निराश नहीं किया। रोहित उनकी गेंद पर सही टाइमिंग से शॉट नहीं लगा पाए और मिडऑफ पर सैम कुंैन को आसान कैच दे बैठे। इंग्लैंड से दो दिन पहले यहां पहुंचने के बाद ही मैच खेल रहे आलराउंडर कुंैन के अगले ओवर में डिकॉक ने भी मिडविकेट पर शेन वाटसन को कैच का अभ्यास कराया। तिवारी ने जडेजा पर इस टूर्नामेंट का पहला छक्का लगाया जिससे दस ओवर के बाद स्कोर दो विकेट पर 86 रन पहुंच गया।

## संक्षिप्त समाचार

### स्मिथ, आर्चर, बटलर अनिवार्य कोरोना परीक्षण में नेगेटिव

**दुबई।** कप्तान स्टीव स्मिथ सहित स्टार खिलाड़ी जोफ्रा आर्चर और जोस बटलर यहां पहुंचने के बाद अनिवार्य कोविड-19 परीक्षण में नेगेटिव आए हैं और वे 22 सितंबर को शारजाह क्रिकेट स्टेडियम में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ राजस्थान रॉयल्स के इंडियन प्रीमियर लीग मैच में खेलने के लिए उपलब्ध होंगे। ये तीनों आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के उन 21 खिलाड़ियों में शामिल हैं, जो 17 सितंबर को ब्रिटने से विशेष चार्टर्ड विमान के जरिए संयुक्त अरब अमीरात पहुंचे। इंडियन प्रीमियर लीग के एक सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर कहा कि स्मिथ, बटलर और आर्चर का शुक्रवार को कोविड-19 परीक्षण हुआ, जिसमें नतीजा नेगेटिव आया। इसलिए वे चयन के लिए उपलब्ध हैं क्योंकि पृथकवास का समय भी घटाकर 36 घंटे कर दिया गया है। पूर्व आस्ट्रेलियाई कप्तान स्मिथ को कनकशन की समस्या हुई थी जिससे वह इंग्लैंड के खिलाफ तीनों वनडे मैच नहीं खेल पाए थे। उन्हें शुरुआती मैच में खेलने के लिए फ्रेंचाइजी और क्रिकेट आस्ट्रेलिया की चिकित्सीय टीम से मंजूरी लेनी होगी। अगर वह पहला मैच नहीं खेलते हैं तो बटलर टीम की अगुआई कर सकते हैं क्योंकि वह टीम के सीनियर खिलाड़ियों में से एक हैं।

### वुड्स, माइकलसन व गत चैंपियन वुडलैंड कट में प्रवेश से चूके

**मामारोनेक ( अमेरिका )।** टाइगर वुड्स, फिल माइकलसन और गत चैंपियन गैरी वुडलैंड जैसे दिग्गज खिलाड़ी यूएस ओपन गोल्फ में कट में जगह बनाने में नाकाम रहे। वुड्स ने पहले दौर में 73 जबकि दूसरे दौर में 77 का कार्ड खेला और कट में जगह बनाने से चूक गए। उनका कुल स्कोर 10 ओवर को रहा। इस टूर्नामेंट में छह बार उपविजेता रहे माइकलसन ने पहले दौर में 79 का स्कोर किया। पांच बार के मेजर चैम्पियन ने हालांकि दूसरे दौर में अपने खेल में सुधार कर 74 का कार्ड खेला लेकिन वह कट में जगह दिलाने के लिए काफी नहीं था। पिछले साल कुल 13 अंडर के स्कोर के साथ चैंपियन बने वुडलैंड ने दोनों दौर में 74-74 का स्कोर किया और कट में जगह पाने से चूक गए। अमेरिका के पैट्रिक रीड चार अंडर और ब्रायसन डेचैब्यू तीन अंडर के स्कोर के साथ तालिका में क्रमश: पहले और दूसरे स्थान पर है।

### बायर्न ने शाल्के को 8.0 से हराया

**बर्लिन।** गत चैंपियन बायर्न म्युनिख ने दर्शकों के बिना बहाल हुई बुंदेस्लिगा फुटबॉल के पहले मैच में शाल्के को 8.0 से हराया। शाल्के पिछले 17 मैचों से जीत नहीं सकी है जबकि बायर्न का विजय अभियान 22 मैचों का हो गया है। बायर्न के लिए सर्जी नाबरी ने हैट्रिक लगाई। पहले इस मैच के लिए 7500 दर्शकों को स्टेडियम में अनुमति देने की योजना थी लेकिन कोरोना वायरस संक्रमण के मामले बढ़ने के बाद यह फैसला वापस ले लिया गया।

### त्वेसा महिक फ्रेंच ओपन में संयुक्त दूसरे स्थान पर

**बोरदू ( फ्रांस )।** भारतीय गोल्फर त्वेसा मलिक ने तीन अंडर 68 का स्कोर करके लाकोस्टे लेडीज ओपन डे फ्रांस के दूसरे दौर के बाद संयुक्त दूसरा स्थान हासिल कर लिया। त्वेसा ने कुल चार अंडर 138 स्कोर किया। स्वीडन की जूलिया एंगस्ट्रोम 64 का स्कोर करके शीर्ष पर है। भारत की ही दीक्षा डागर खराब प्रदर्शन के बाद कट में प्रवेश से चूक गई। त्वेसा फ्रांस की सेलाइन हर्बिन के साथ दूसरे स्थान पर है और वे जूलिया से चार स्ट्रोक पीछे हैं।

### हरिकृष्णा ने कार्लसन को हराया, लेकिन फिर चार मैच हारे

**चेन्नई।** भारतीय ग्रैंडमास्टर पी हरिकृष्णा ने नॉर्वे के विश्व चैंपियन मैग्नस कार्लसन को हराया, लेकिन बाद में लगातार चार मुकाबले हारकर सेंट लुईस रैपिट और ब्लिट्ज शतरंज टूर्नामेंट में छठे स्थान पर खिसक गए। हरिकृष्णा ने दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी कार्लसन को ब्लिट्ज के तीसरे दौर में 63 चालों में हराया। उन्होंने अमेरिका के जैफरी शियोंग को भी मात दी, लेकिन इसके अलावा चार मुकाबले हारे और तीन ड्रा खेले। उन्हें अमेरिका के लेइनिएर डोमिनिगेज और वेसले, रूस के अलेक्जेंडर ग्रिसचुक और ईरान के अलीरजा फिरोजा ने हराया। वह आर्मेनिया के ग्रैंडमास्टर लेवोन आरोनियन के साथ छठे स्थान पर हैं, जिनके 3.5 अंक हैं। कार्लसन 18.5 अंक लेकर शीर्ष पर हैं।

### बोपन्ना-शापोवालोव की जोड़ी इटालियन ओपन से बाहर

**रोम।** भारत के रोहन बोपन्ना और कनाडा के डेनिस शापोवालोव की जोड़ी इटालियन ओपन टेनिस के पुरुष युगल क्वार्टर फाइनल में फ्रांस के जेरेमी चार्डी और फेब्रिस मार्टिन से हारकर बाहर हो गई। दोनों को 6.4, 5.7, 7.10 से पराजय का सामना करना पड़ा। बोपन्ना और शापोवालोव ने दूसरे दौर में शीर्ष वरीयता प्राप्त जुआन सेबेस्टियन काबाल और कोलंबिया के राबर्ट फाराह को मात दी थी। बोपन्ना और शापोवालोव अमेरिकी ओपन के क्वार्टर फाइनल में भी हार गए थे।

### हैदराबाद एफसी ने स्पेनिश डिफेंडर ओडेई से करार किया

**हैदराबाद।** हैदराबाद एफसी ने नवंबर में शुरू हो रहे इंडियन सुपर लीग सत्र से पहले शनिवार को स्पेनिश डिफेंडर ओडेई ओनाइंडिया से एक साल के करार करने की घोषणा की। हैदराबाद एफसी ने इस तरह पांचवें विदेशी खिलाड़ी से अनुबंध किया है। 30 साल का यह डिफेंडर स्पेनिश सेगुंडा (दूसरे) डिविजन टीम सीडी मिरांडेस की ओर से खेलता था। ओनाइंडिया ने औपचारिकताएं पूरी करने के बाद कहा कि यह निश्चित रूप से रोमांचक सत्र होगा। मैंने इंडियन सुपर लीग के बारे में अन्य खिलाड़ियों से काफी सकारात्मक बातें सुनी हैं। मैं इसका हिस्सा होने के लिए बेकरार हूं।

### एआईएफएफ वर्चुअल कॉन्फ्रेंस का आयोजन करेगा

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) 28 से 30 सितंबर तक कोचों के लिए अंतरराष्ट्रीय वर्चुअल कॉन्फ्रेंस का आयोजन करेगा। इस तीन दिवसीय कॉन्फ्रेंस में कई शीर्ष स्तर के स्पीकरों के सत्र होंगे, जिसमें पुरुष राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच इगोर स्टिमक, फिल ब्राउन, थॉमस डेनेरबी (भारत की अंडर-17 महिला राष्ट्रीय टीम के कोच), बाशिर मोहम्मद (फीफा कोचिंग विकास विभाग), डॉन स्कॉट (ब्रिटेन के फुटबाल संघ के हाई परफोरमेंस कोच) आदि शामिल हैं। एआईएफएफ के कोच शिक्षा के प्रमुख सावियो मेडिरा ने एआईएफएफ टीवी पर बातचीत के दौरान कहा, यह कॉन्फ्रेंस विभिन्न पहलुओं पर आधारित होगी जैसे युवा फुटबॉल, महिला फुटबॉल, मीडिया, कोच शिक्षा जिसमें फीफा कोच शिक्षा विभाग का एक प्रशिक्षक भी होगा।

# एमसीए ने शीर्ष समिति की 22 को आपात बैठक बुलाई

एजेंसी। मुंबई

**मुंबई** क्रिकेट संघ (एमसीए) ने क्रिकेट सुधार समिति (सीआईसी) से संबंधित मामलों पर चर्चा करने के लिए मंगलवार (22 सितंबर) को अपनी शीर्ष परिषद की आपात बैठक बुलाई है। सीआईसी का नेतृत्व पूर्व क्रिकेटर लालचंद राजपूत करते हैं, जिसमें उनके साथ राजू कुलकर्णी और समीर दिघे भी सदस्य हैं।

उन्होंने विभिन्न पदों के लिए 24 उम्मीदवारों की अल्पसूची (शॉर्टलिस्ट) तैयार करने के साथ सीनियर पुरुष के कोच और अन्य विभिन्न पदों के लिए साक्षात्कार भी लिए हैं। शीर्ष समिति के एक सदस्य ने शनिवार को एजेंसी से कहा कि सीआईसी ने हालांकि ने कुछ मुद्दे उठाए है और इस पर चर्चा करने के लिए संघ के कार्यालय में एक जरूरी बैठक बुलाई गई है। उन्होंने बताया, मुख्य रूप से तीन मुद्दों पर चर्चा की जानी तय है। इसमें 70 वर्ष की आयु पार कर चुके लोगों को चयनकर्ता के रूप में नियुक्त का मुद्दा मुख्य होगा। दूसरा मुद्दा यह होगा कि क्या ऐसे लोगों को किसी पद नियुक्ति दी जा सकती है जिन्होंने एमसीए के खिलाफ सार्वजनिक रूप कुछ बोला हो और तीसरा यह है कि पिछली बार वार्षिक आम बैठक (एजीएम) ने चयनकर्ताओं को हटा दिया था, क्या उन्हें फिर से नियुक्त किया जा सकता है। रणजी ट्रॉफी खिताब को सबसे अधिक बार जीतने वाली टीम मुंबई को अपने सीनियर टीम के लिए कोच और सहयोगी सदस्यों की नियुक्ति करनी है।

## महामारी के कारण बीएफआई ने चुनाव स्थगित किए

**नई दिल्ली।** कोविड-19 महामारी को देखते हुए भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) के आगामी चुनाव शनिवार को स्थगित कर दिए गए तथा अध्यक्ष अजय सिंह और कार्यकारी समिति का कार्यकाल तीन महीने बढ़ा दिया गया। बीएफआई ने विशेष आम बैठक में राष्ट्रीय खेल संहिता 2011 की आवश्यकताओं के अनुरूप अपने संविधान में सर्वसम्मति से संशोधन भी किए। महासंघ की विज्ञप्ति में कहा है कि बीएफआई की वर्तमान कार्यकारिणी का चार साल का कार्यकाल 25 सितंबर को समाप्त हो रहा है, लेकिन महामारी के कारण चुनाव कराने मुश्किल हैं और ऐसे में कार्यकाल बढ़ाना आवश्यक हो गया था। बैठक में 74 सदस्यों ने हिस्सा लिया जिन्हें सीनियर मुक्केबाजों को अभ्यास और टूर्नामेंट खेलने के लिए 45 दिन के लिए यूरोप भेजने की संभावना से भी अवगत कराया गया।

# बेहतर क्रिकेट खेलकर सत्र को शानदार बनाने की कोशिश होगी: लोकेश राहुल

एजेंसी। दुबई

**किंग्स** इलेवन पंजाब के कप्तान लोकेश राहुल ने शनिवार को कहा कि उनकी टीम इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मौजूदा सत्र में अच्छी क्रिकेट खेल कर इसे यादगार बनाने की कोशिश करेगी। राहुल की अगुवाई में टीम रविवार को यहां के दुबई अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ अपने अभियान को शुरुआत करेगी। राहुल ने कहा कि टीम शानदार है, हम अच्छे से घुल-मिल रहे है और सत्र को यादगार बनाने के लिए बेहतरीन क्रिकेट खेलना चाहते हैं।

उन्होंने कहा कि हमें आईपीएल के इस सत्र में अच्छा प्रदर्शन करने को लेकर विश्वास है। हम इसे लेकर प्रेरित और उत्साहित है। पिछले दो



सत्र में शानदार प्रदर्शन करने वाले राहुल इस बार टीम का नेतृत्व करेंगे। उन्होंने कहा कि यूएई में दर्शकों के बिना आईपीएल खेलना चुनौतीपूर्ण होगा लेकिन टीम इसके लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि इस साल एक अलग अनुभव होने जा रहा है, लेकिन हम एक टीम के रूप में चुनौती के लिए तैयार हैं और उन सभी प्रशंसकों के लिए खेल रहे हैं जो हमारा समर्थन करते हैं। किंग्स इलेवन पंजाब की टीम अब तक आईपीएल चैंपियन नहीं बनी है। राहुल को उम्मीद है कि भारतीय खिलाड़ी मयंक अग्रवाल और मोहम्मद शमी के अलावा क्रिस गेल, ग्लेन मैक्सवेल, शेल्डन कॉटरेल, जिमी नीशम, निकोलस पूरन और मुजीब जदरान जैसे विदेशी खिलाड़ियों के दम पर टीम इस कारनामे को कर पाएगी। मुख्य कोच अनिल कुंबले ने कहा कि टीम मजबूत लग रही है और हमारे पास इस सत्र में शीर्ष स्तर के खिलाड़ी है। ये खिलाड़ी वास्तव में कड़ी मेहनत कर रहे हैं और हमारे दल में युवा और अनुभव का अच्छा संतुलन है। भारतीय टेस्ट टीम के इस पूर्व कप्तान ने कहा, हमें इस सत्र से अच्छे नतीजे की उम्मीद है। मैं मानता हूं कि टीम में इस सत्र में खिताब हासिल करने का जरूरी दमखम है।

## हालेप इटालियन ओपन के सेमीफाइनल में

**रोम।** शीर्ष वरीय सिमोना हालेप ने शनिवार को इटालियन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया क्योंकि कजाखस्तान की उनकी प्रतिद्वंद्वी यूलिया पुतिनत्सेवा ने पीठ के निचले हिस्से में चोट की वजह से मैच के बीच से रिटायर होने का फैसला किया। हालेप तब 6-2, 2-0 से आगे चल रही थीं, जब पुतिनत्सेवा ने दर्द के कारण हटने का फैसला किया। इससे पहले वह सेट के बीच में भी मेडिकल टाइम आउट ले चुकी थीं। पुतिनत्सेवा यूएस ओपन के क्वार्टरफाइनल में पहुंची थी, जबकि हालेप ने कोरोना वायरस के कारण यात्रा संबंधित चिंताओं के कारण इसमें नहीं खेलने का फैसला किया था। अब हालेप का सामना दो बार की ग्रैंडस्लैम विजेता गार्बाइन मुगुरूजा और यूएस ओपन की उप विजेता विक्टोरिया अजारेंका के बीच होने वाले मुकाबले के विजेता से होगा।

# कोविड-19 से फीफा और क्लब विश्वकप का कार्यक्रम प्रभावित

एजेंसी। जेनेवा

**कोरोना** वायरस महामारी फीफा के क्लब विश्वकप के एक सत्र को स्थगित करने के बाद दूसरे सत्र को भी प्रभावित कर रहा है। इसके साथ ही कोविड-19 के कारण 2022 विश्वकप क्वालीफाइंग मुकाबलों में हो रही देरी ने टूर्नामेंट को समय पर कराने को लेकर चिंताएं बढ़ा दी है। फीफा के अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो ने शुक्रवार को महाद्वीपीय क्लब चैंपियनशिप के लिए पारंपरिक सात-टीमों की टूर्नामेंट को नए तारीखों पर करने की पुष्टि की। पहले इसका आयोजन दिसंबर में कतर में निर्धारित था।

दक्षिण अमेरिका चैंपियन के बारे में जनवरी से पहले पता चलना संभव नहीं है, क्योंकि 2020 कोपा लिबर्टाडोरेस छह महीने के स्थगन के बाद सितंबर के तीसरे सप्ताह में शुरू हुआ है। इंफेंटिनो ने कहा कि हम इस बारे में चर्चा कर रहे हैं, हम निगरानी कर रहे हैं कि क्या अगले साल (2021) की शुरुआत में कतर में इसका आयोजन हो सकता है। क्लब विश्पकप को पारंपरिक सात टीमों की जगह 2021 से 24 टीमों के बीच खेला जाना था, लेकिन फीफा ने इस योजना पर फिलहाल रोक लगा दी। यूरोपीय चैंपियनशिप और कोपा अमेरिका 2020 को एक वर्ष के लिए स्थगित होने के कारण फीफा को क्लब विश्वकप के आयोजन का समय मिल गया। विश्वकप 2022 के लिए महाद्वीपीय क्वालीफायर मुकाबलों में हो रही देरी पर भी इंफेंटिनों ने चिंता व्यक्त की।

# बायो-बबल में रहना चुनौतीपूर्ण, मैदान पर दर्शकों की कमी खलेगी: श्रेयस

एजेंसी। दुबई

**किंग्स** इलेवन पंजाब के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग में अपने अभियान के आगाज से पूर्व दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान श्रेयस अय्यर ने स्वीकार किया कि बायो-बबल में रहना चुनौतीपूर्ण है और मैदान पर टीम को दर्शकों की कमी जरूर खलेगी। कोरोना वायरस महामारी के कारण यूएई में हो रहे इस आईपीएल में स्वास्थ्य और सुरक्षा के कड़े प्रोटोकॉल का पालन किया जा रहा है। आम तौर पर खचाखच भरे स्टेडियम में होने वाले आईपीएल मैच इस बार खाली स्टेडियमों में होंगे।

श्रेयस ने वर्चुअल प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि बायो-बबल में रहना काफी चुनौतीपूर्ण है क्योंकि आखिर हम सब भी इंसान है लेकिन हम कड़ाई से स्वास्थ्य प्रोटोकॉल का पालन कर रहे हैं। कुछ टीम गतिविधियां भी करते हैं ताकि परिवार से दूर रहने की कमी महसूस नहीं हो। मैच के दौरान एक दूसरे के गले लगकर या हाथ मिलाकर तो जश्न मनाना संभव नहीं, लिहाजा कामयाबी की खुशी कैसे जाहिर करेंगे, यह पूछने पर उन्होंने कहा कि हमने दो अभ्यास मैच खेले, लेकिन उनमें जश्न नहीं मनाया। दर्शकों की कमी कितनी महसूस होगी, इस बारे में दिल्ली के कप्तान ने कहा कि आईसीसी से स्वीकृत प्रोटोकॉल का पालन तो करना है, लेकिन दर्शक हमें ऊर्जा देते हैं। मैदान पर शोर, तालियों की कमी जरूर खलेगी लेकिन मुझे यकीन है कि इसके लिए कोई वैकल्पिक इंतजाम किया गया होगा। कई सत्रों की नाकामी के बाद दिल्ली की टीम नए मालिक, नए कोचिंग स्टाफ और बदलाव के साथ पिछले सत्र में अच्छा प्रदर्शन करते हुए तीसरे स्थान पर रही थी।



### एक परिवार की तरह सुख-दुख में एकजुट रहे हम

श्रेयस ने इस बारे में कहा कि पिछले सत्र में किसी खिलाड़ी ने किसी बात की शिकायत नहीं की। थकान या आत्ममुग्धता नहीं थी। सभी ने अपनी जिम्मेदारी निभाई और हम अच्छा प्रदर्शन कर सके। एक परिवार की तरह हम सुख दुख में एकजुट रहे और यही कामयाबी की वजह भी रही। इस बार दिल्ली टीम में अनुभवी स्पिनर आर अश्विन जुड़े हैं, जो किंग्स इलेवन पंजाब से आए हैं और श्रेयस का मानना है कि उनके अनुभव का इन पिचों पर टीम को काफी फायदा मिलेगा। उन्होंने कहा कि अश्विन और अजिंक्य रहाणे टीम में अपार अनुभव लेकर आए हैं। अभ्यास के दौरान उन्होंने महसूस नहीं होने दिया कि वे सीनियर हैं बल्कि वे टीम का हिस्सा बन गए और जूनियर खिलाड़ियों को उनसे काफी सीखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि यहां विकेट धीमी है और अश्विन को हर तरह की विकेट पर गेंदबाजी करने का अनुभव है लिहाजा वह काफी उपयोगी साबित होंगे।

**किंग्स इलेवन ने आईपीएल के लिए कई प्रायोजकों से किया करार :** किंग्स इलेवन पंजाब ने इंडियन प्रीमियर लीग के 13वें सत्र के लिए ईबिक्सकैश और फैंटसी खेल मंच ड्रीम11 के अलावा कई अन्य प्रायोजकों से करार किया है। इन दोनों के साथ एवन साइकिल, जियो, फेना, रॉयल स्टैग और बोट के अलावा दर्जन भर और प्रायोजक टीम से जुड़े है। फ्रेंचाइजी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सतीश मेनन ने कहा कि हम उत्साह और उम्मीद के साथ आईपीएल के एक और शानदार सत्र की ओर बढ़ रहे हैं और हमें इस तरह के शानदार सहयोगी और प्रायोजक मिलने की खुशी है, जो हमारा समर्थन करेंगे।

# जजपा को स्थिति स्पष्ट करनी होगी



सुभाष शर्मा
(लेखक राजनीतिक विश्लेषक हैं)

**केंद्र सरकार द्वारा किसानों के लिए लाए गए तीन अध्यादेशों को किसान यूनियनें व ज्यादातर विपक्षी इल किसान विरोधी मान रहे है। एनडीए की घटक पार्टी अकाली दल की वरिष्ठ नेत्री हरसिमरत बादल ने अपने मंत्री पद से इस्तीफा देकर इन अध्यादेशों की आलोचना की है।**

मंथन

केंद्र सरकार के तीन कृषि अध्यादेशों के बाद किसानों की पार्टी होने का दम भरने वाली जननायक जनता पार्टी (जजपा) पर हर ओर से हमले हो रहे है। एक तरफ जहां कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने अकाली दल की मंत्री हरसिमरत कौर बादल के नाटकीय इस्तीफे की तर्ज पर दुष्यंत चौटाला को भी उपमुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने को कहा है। वहीं जजपा के एक और विधायक सुरेंद्र सिंह बबली जिन्होंने टोहाना से सुभाष बराला को चुनाव हराया था, अब बगावती होकर पार्टी के खिलाफ बोलने लगे है।

गौरतलब है कि जजपा के पास कुल 10 विधायक थे, जिनमें नारनौंद से पंडित रामकुमार गौतम पहले से ही बागी हो चुके है और अब सुरेंद्र बबली ने पार्टी की कार्यशैली की खिलाफत करते हुए कहा है कि न तो उनके काम हो रहे है और न ही सम्मान मिल रहा है, उन्हें ऐसा लग रहा है कि वो सत्तापक्ष के विधायक न होकर विपक्ष के विधायक है। उन्होंने बताया कि वो दुष्यंत चौटाला से मिलकर अपनी शिकायतें रख चुके है, लेकिन उन्हें कोई आश्वासन नहीं मिला यानी बबली अब खुलेआम बगावत पर उतर आए है, जो जजपा के लिए आने वाला तूफान साबित हो सकता है क्योंकि सूत्रों का दावा है कि पार्टी में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा, एकमात्र विधायक अनूप धानक को छोड़कर जिन्हें राज्यमंत्री का पद मिला हुआ है, शेष विधायकों में नाराजगी है। गौरतलब है कि केंद्र सरकार द्वारा किसानों के लिए लाए गए तीन अध्यादेशों को किसान यूनियनें व ज्यादातर विपक्षी इल किसान विरोधी मान रहे है। एनडीए की घटक पार्टी अकाली दल की वरिष्ठ नेत्री हरसिमरत बादल ने अपने मंत्री पद से इस्तीफा देकर इन अध्यादेशों की आलोचना की है। इसी के बाद रणदीप सुरजेवाला ने ट्वीट कर किसान हितैषी पार्टी जजपा के डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला से पूछा है कि पद प्यारा है या किसान प्यारे है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि हरियाणा के किसान उन्हें कभी माफ नहीं करेंगे और जजपा पर सरकार की पिछलगू बन किसान की खेती रोटी छीनने के जुर्म में भागीदार होने का आरोप लगाया।

दरअसल, जजपा इन कृषि अध्यादेशों के बाद खुलकर जवाब नहीं दे रही। हालांकि, गत दिनों जजपा नेता दिग्विजय चौटाला ने इस मुद्दे पर बोलते हुए कहा था कि यह केंद्र सरकार के अध्यादेश है, लेकिन हम एमएसपी के मुद्दे पर कायम है। किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य मिलना ही चाहिए। उन्होंने पिपली में किसानों पर हुए लाठीचार्ज के मुद्दे को भी गलत बताया था। दरअसल, केंद्रीय मंत्री हरसिमरत कौर बादल के इस्तीफे के बाद हरियाणा में भाजपा की सहयोगी जजपा पर भी इस्तीफे का दबाव बनने लगा है। गौरतलब है कि अपने दादा ओमप्रकाश चौटाला की जगह परदादा चौ. देवीलाल के पदचिन्हों पर चलने वाली जजपा हमेशा किसान व कमेरा वर्ग की बात कर राजनीति में आई है, लेकिन अब किसान विरोधी अध्यादेशों पर मुंह बंद रखने से प्रदेश में उनकी किरकिरी हो रही है। वैसे भी कुल दस में से दो विधायक खुद दुष्यंत चौटाला व उनकी माता नैना चौटाला घर के ही विधायक है, जबकि दो विधायक बगावती सुर अख्तियार कर चुके है, ऐसे में शेष छह में से भी दो विधायकों के पार्टी से खुश न होने की खबरें खुलकर सामने आ रही है। वैसे भी भाजपा के साथ गठबंधन कर सरकार बनाने के मामले में प्रदेश के जाटों का एक बड़ा समूह जजपा के खिलाफ है। उनका कहना है कि उन्होंने जजपा को वोट इसलिए दिया था कि वो भाजपा की मनोहर सरकार से गठबंधन कर उनके सिर पर फिर से पंजाबी मुख्यमंत्री बिठा दिया, अगर उन्हें पहले पता होता कि जजपा गठबंधन करेगी तो वो भूपेंद्र हुड्डा का समर्थन कर कांग्रेस की सरकार बनवा देते, खैर अब गठबंधन हुए काफी समय बीत गया और लोगों में सरकार के प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही है और इसका नजला जजपा पर भी गिर रहा है। गत दिनों पिपली में हुए लाठीचार्ज के बाद जजपा नेताओं का खुलकर सरकार के खिलाफ बयान न आना भी किसानों को अखर रहा है। अब देखना यह होगा कि आने वाले दिनों में जजपा भाजपा सरकार के विरोध में उतरती है या गठबंधन में बनी रहकर सत्ता सुख भोगती रहेगी।



## प्रदेश में पशु अस्पतालों की दुर्दशा

**देशा** में देश हरियाणा जहां दूध दही का खाना इस प्रचालित कहावत के बावजूद हरियाणा के पशु चिकित्सालयों की खस्ता हालत किसी से छुपी नहीं है। दावा तो यह किया जाता है कि प्रदेश में पशुधन को बीमारियों से बचाने के लिए हर वर्ष करोड़ों का बजट रखा जाता है, लेकिन ज्यादातर अस्पतालों की न तो इमारतें ठीक है और न ही उनमें काम करने वाले कर्मचारियों की संख्या पर्याप्त है। यही कारण है कि सरकारी दावों के बावजूद हर वर्ष पालतू पशु मौसमी बीमारियों के शिकार हो मौत के मुंह में चले जाते है। इससे ग्रामीणों को भारी आर्थिक नुकसान होता है।

हर वर्ष मानसून से पहले पशुपालन विभाग पूरे प्रदेश में पशुओं के स्वास्थ्य को लेकर अलर्ट जारी करता है। इस मौसम में पशुओं को आने वाली बीमारियों जैसे गलघोंटू, मुंहखुर, रानीखेत, शीप पोक्स, ईटीवी वगैरहा के टीके लगाकर उन्हें सुरक्षित रखने का लक्ष्य रखा जाता है, लेकिन ज्यादातर काम कागजों व फाइलों पर ही होता है, बीमारी की हालत में किसानों को खुद देसी नुस्खे आजमाने पड़ते है, जिसके चलते उन्हें न केवल अपनी जेब से खर्चा करना पड़ता है, बल्कि कई बार सही इलाज न हो पाने के चलते पशु भी मर जाते है। दरअसल, प्रदेश के सभी पशु अस्पतालों में वैक्सीन और दवाइयों की कमी हमेशा बनी रहती है।

मानसून के मौसम में आने वाली उपरोक्त बीमारियों की रोकथाम के लिए यूं तो सरकार ने गांव-गांव जाकर मोबाइल टीमों द्वारा पशुओं की देखरेख करने, उन्हें वैक्सीन लगाने, किसानों को बीमारियों के प्रति जागरूक करने की मुहिम जारी रखने के आदेश दे रखे है, लेकिन वास्तविकता यह है कि पशु विभाग के पास जो वाहन है यानी पुरानी जीप, वैन आदि उनकी हालत बहुत ही खस्ता है। गांवों में जाना ज्यादातर के लिए संभव नहीं है, ऐसे वाहन अक्सर खराब हो जाते है। हर वर्ष पशुओं को कृमिनाशक दवा पिलाने की मुहिम भी कागजों पर खूब दौड़ती है, लेकिन चंद बड़े और प्रभावशाली गांवों में ऐसे अभियान चलाकर इतिश्री कर ली जाती है, जबकि दूर दराज के गांवों व ढाबियों में कभी पशु विभाग के अधिकारी देखने को नहीं मिलते। इसके अलावा पशुओं में सर्रा एवं किलिरियेसिस रोग भी आमतौर पर इस मौसम में देखने को मिलता है और उसका तुरंत उपचार होना जरूरी होता है, लेकिन सरकारी तौर पर पशुपालकों को कभी समय पर सहायता नहीं मिलती। कुल मिलाकर हरियाणा सरकार पशु चिकित्सकों की दशा सुधारने में नाकाम साबित हो रही है।

## पर्यावरण से हो रहा खिलवाड़

**पर्यावरण** को शुद्ध रखने की दुहाई देने वाली हरियाणा सरकार यूं तो वाहन चालकों को प्रदूषण प्रमाण पत्र न होने पर मोटा जुर्माना लगाती है। बड़े-बड़े उद्योगधंधों पर पानी को शुद्ध करने के या रिसाइकल करने के यंत्र लगाने का दबाव बनाया जाता है। लोगों को शुद्ध वायु, शुद्ध जल और शुद्ध आहार मिलता रहे, इसके लिए अनेक नियमों की पालना करवाने हेतु प्रदूषण विभाग बना रखा है, लेकिन इस विभाग का काम पर्यावरण को शुद्ध करवाना नहीं, बल्कि आम लोगों को मोटे जुर्माने का डर दिखाकर या तो कुछ कंपनियों का सामान बिकवाना है या फिर रिन्युअल प्रमाण पत्र के नाम पर पैसा ऐंठना है।

पुख्ता जानकारी के अनुसार इस विभाग को अगर कोई व्यक्ति पर्यावरण के नियमों की पालना न करने वालों की शिकायत करता है, प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगधंधों की जानकारी देता है तो उसे न केवल उनका शिकायतकर्ता के नाम का खुलासा कर दिया जाता है बल्कि जिसके खिलाफ शिकायत की जाती है, उससे सुविधा शुल्क की फीस बढ़ा दी जाती है, जबकि उक्त विभाग का काम एनजीटी कोर्ट के फैसलों को सख्ती से लागू करवाना होता है और नियमों को तोड़ने वाली इकाइयों के खिलाफ कार्यवाही करनी होती है, लेकिन इस विभाग में नीचे से लेकर ऊपर तक सब भ्रष्टाचार में लिप्त है। यही कारण है कि न तो शहर की वायु शुद्ध हो पा रही है और न ही जल। लोग नारकीय जीवन जीने को मजबूर हो रहे है। इसी प्रकार अगर हम नगर निगम की बात करे तो वहां भी सीवर का पानी साफ नहीं किया जा रहा, ज्यादातर निगम के डिस्पोजलों की मोटरें ट्रीटमेंट प्लांट खराब पड़े है, यही कारण है कि पूरे क्षेत्र में सीवर जाम की समस्या हर समय बनी रहती है, अनेक स्थानों पर तो सीवर का पानी पीने के पानी के साथ मिलकर लोगों के स्वास्थ्य को खराब कर रहा है। दूसरा मुख्य कारण एक और भी है। पेड़-पौधे शुद्ध हवा और आक्सीजन के लिए बहुत जरूरी है, लेकिन निगम क्षेत्र के हजारों पार्कों में मालियों को वेतन देने के लिए निगम के पास पैसे नहीं है।

## सरकारी सुविधाओं पर भरोसा नहीं
## नेताओं ने निजी अस्पतालों में कराया इलाज

**कोविड-19** के दौरान कोरोना की चपेट में आए सभी पार्टियों के नेताओं ने सरकारी अस्पतालों के बजाए निजी अस्पतालों में इलाज करवाया, जबकि आम जनता को बड़े-बड़े दावे किए जाते है कि सरकारी अस्पतालों में इलाज की बेहतर सुविधाएं मौजूद है। हरियाणा प्रदेश की बात करे तो प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज के पैर के फ्रेक्चर होने पर उन्होंने सरकारी अस्पताल के बजाए एक निजी अस्पताल में भर्ती होकर इलाज करवाना बेहतर समझा।

**प्रदेश के मुख्यमंत्री खट्टर जब कोरोना पॉजिटिव हुए तो वो खुद भी गुरुग्राम के निजी अस्पताल मेदांता में भर्ती हुए। विधानसभा स्पीकर ज्ञानचंद गुप्ता का इलाज भी इसी अस्पताल में हुआ। यह नाम तो मात्र उदाहरण है।**

प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर जब कोरोना पॉजिटिव हुए तो वो खुद भी गुरुग्राम के निजी अस्पताल मेदांता में भर्ती हुए। विधानसभा स्पीकर ज्ञानचंद गुप्ता का इलाज भी इसी अस्पताल में हुआ। यह नाम तो मात्र उदाहरण है। हरियाणा के अनेक सांसद, विधायक नेताओं में से किसी ने भी सरकारी अस्पताल जाना उचित नहीं समझा या तो वो होम क्वारंटाइन हो गए या फिर किसी निजी डॉक्टर से इलाज करवाया। देश के अन्य प्रदेशों की बात करे तो भाजपा के कर्नाटक के मुख्यमंत्री बीएस येदुरप्पा, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज चौहान, सभी ने सरकारी अस्पताल के बजाए प्राइवेट अस्पताल में कोविड का इलाज करवाया। अन्य पार्टियों के कई बड़े नेता दिल्ली, सरकार के सत्येंद्र जैन, महाराष्ट्र के अशोक चौहान, शशि थरूर, भाजपा में हाल में शामिल हुए ज्योतिराजे सिंधिया, पंजाब के मंत्री तिरपत सिंह बाजवा, तमिलनाडु के गर्वनर बनवारी लाल पुरोहित, बिहार के रघुवंश प्रसाद जिनका अब देहांत हो गया है सहित सभी प्रदेशों के अनगिनत मंत्री, मुख्यमंत्री, सांसद, विधायक किसी ने भी सरकारी अस्पतालों पर भरोसा नहीं किया। यहां तक कि देश के गृहमंत्री अमित शाह भी जब कोरोना की चपेट में आए तो उन्होंने भी एम्स पर भरोसा करने के बजाए गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल से इलाज करवाया। हालांकि गृहमंत्री के निजी अस्पताल में भर्ती होने पर अनेक सवाल उठे तो उनके करीबियों ने उनकी सुरक्षा का कारण बताते हुए निजी अस्पताल में भर्ती होने की बात कही।

हालांकि भरोसेमंद सूत्रों से यह भी पता चला कि ऑल इंडिया मेडिकल साइंस में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की मृत्यु के बाद राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री वगैरा के लिए एक नए वार्ड का निर्माण कराया गया था और उसे अति विशिष्ट लोगों के लिए आरक्षित रखा जाता है, लेकिन अमित शाह वहां इसलिए दाखिल नहीं हुए क्योंकि वहां पार्टी के वरिष्ठ नेता अरुण जेटली और सुषमा स्वराज की इलाज के दौरान मृत्यु हो गई थी इसलिए उसे अशुभ माना जा रहा है। कुछ भाजपा के करीबी उक्त वार्ड में वास्तुदोष भी एक कारण बताते है। यही कारण रहा कि शाह जब दोबारा बीमार हुए तो वो एम्स के एक पुराने वार्ड में दाखिल हुए। अब सवाल यह उठता है कि सरकारी अस्पतालों का रूख नेता क्यों नहीं करते? क्या वहां ट्रीटमेंट की क्वालिटी खराब है, सुविधाओं की कमी है या फिर आला दर्जे के डॉक्टर नहीं है। कुछ तो कमी है, सरकारी अस्पतालों में, यही कारण है कि हमारे देश व प्रदेश के नेता सरकारी अस्पतालों से इलाज नहीं करवाते, जबकि दूसरी ओर सरकार वहां बेहतर सुविधाओं का दावा करती है। हरियाणा के मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री व अन्य नेताओं द्वारा निजी अस्पतालों को अपने इलाज के लिए चुनना सरकारी अस्पतालों की पोल खोलने के लिए काफी है। हालांकि यह गर्व की बात है कि प्रदेश का निजी अस्पताल मेदांता एकमात्र ऐसा निजी अस्पताल है, जहां देशभर से नेता इलाज करवाने आते है।

# व्यंग्य : बाजार सिखा देता है

**बाजार के शहर में फायदे के रास्तों की मार्किटिंग भी लाजमी होती है। धूमधाम से ऑनलाइन लांच होते हुए बताया गया कि 40 साल के गहन अनुभव और अध्ययन का निचोड़ है।**



**बाजार** की नजाकत व पाठकों की जरूरत के मद्देनजर हमारे पड़ोसी पिछले बरस कवि टर्न्ड ज्योतिषी हो गए। आरामदायक शाही कुर्सी पर बैठकर, समय का सही उपयोग कर खूब ज्योतिष पढ़ा, किताब लिखी और प्रसिद्ध प्रकाशक से छपवाई। उन्हें पता रहा कि अंतरराष्ट्रीय पुस्तक मेले में, समारोह के रेले में दर्जनों किताबें रिलीज हो जाती हैं लेकिन पता नहीं चलता, विमोचन का पूरा लुत्फ नहीं आता। किताब का लोकार्पण सही तिथि, जगह और मुहर्त पर, उपयुक्त व्यक्ति के यशस्वी हाथों से होना जरूरी है। वैसे भी प्रसिद्ध व्यक्तियों के हाथ तो हमेशा प्रतीक्षारत रहते हैं और किताब भी खुश हो जाती है। खास हाथों से शुभ कार्य संपन्न हुआ तो अखबारों को भी बड़ी साहित्यिक खबर सचित्र छापने को मिली।


बाजार के शहर में फायदे के रास्तों की मार्केटिंग भी लाजमी होती है। धूमधाम से ऑनलाइन लांच होते हुए बताया गया कि 40 साल के गहन अनुभव और अध्ययन का निचोड़ है यह किताब। भविष्य बेचने की गली में नया खिलाड़ी आ गया जिसका वक्त बिकना शुरू हो गया था। दो दिनों में सात लाख व्यूअर्स बताए गए थे और चैनलों पर धड़ाधड़ इंटरव्यू छाए जा रहे थे। विज्ञापन जलवागर होने लगे थे। नाकारा बैठे आलोचक परेशान हुए जब उन्हें समझा दिया गया कि ज्योतिष विज्ञान है, यह अंधविश्वास तो बिल्कुल नहीं। आप न मानो, न देखो हमारा चैनल, हमारे पास देखने वाले समझदार कम नहीं हैं। अब भविष्य के अधिकृत रक्षक यही तो रहे, अपना बाजार संभालने के लिए सकारात्मक बातें करनी ही चाहिए। लेकिन कमबख्त कोरोना ने आकर सबका भविष्य बताना शुरू किया और सभी अखबारी दावे कि अदृश्य दुश्मन अब गया और तब गया, सचमुच अखबारी साबित होने लगे।

महामारी के बदलते मिजाज के सामने उनके सारे प्रसंग संक्रमण की जद में आकर क्वारंटीन हो चुके हैं। वे यही बताते रहे कि कौन से ग्रह उलटी चाल चलेंगे, कहां उनका विस्तृत विश्लेषण, आकलन और साक्षात्कार प्रकाशित हुआ है। पहला सूर्य ग्रहण कब होगा, किस किस देश में दिखेगा, अर्थ व्यस्था पर क्या असर होगा, कौन से ग्रहण को कौन सा ग्रहण खा जाएगा, रियल इस्टेट व आई टी सेक्टर बारे भी बताया। उन्होंने अमेरिका और चीन में बढ़ रहे तनाव बारे विस्तारपूर्वक समझाया। जब उन्होंने बताया कि फलां ग्रह कितनी तारीख को इस या उस राशी में प्रवेश करेगा तो उनके भक्तों ने बिना पानी हाथ धो-धोकर याचना की, हमारा वर्तमान और भविष्य काबू करने वाला यह कमबख्त अदृश्य दुश्मन खतरा, डर और मौत बांट रहा है।

बताइए कोरोना का विनाश कब होगा, देश की गाड़ी कब पटरी पर आएगी तो उन्होंने कहा चिंता मत करें, यह मामला सृष्टि रचयिता ने अपने हाथों में ले लिया है, जब वे दिन नहीं रहे तो ये दिन भी नहीं रहेंगे। दर्शक जानते थे पहले भी बताया जाता था कि पुत्ररत्न पैदा होगा, लेकिन आती थी खाली हाथ लक्ष्मी। समय के दरवाजे पर जिज्ञासाएं, प्रार्थनाएं बनी खड़ी हैं जिनमें इस अनचाहे मेहमान के वापिस जाने की चिंताएं ज्यादा है। अवांछित अतिथि कब जाएगा, खुद उसे नहीं पता, अभी तो यहीं टिककर हमें खाली हाथ पर्यटक बनाने की जुगत में है। इधर कवि का नया ज्योतिषीय दावा अभी आने को है।

– संतोष उत्सुक

### सुकवि-संवाद



सुकवि डॉ. एस.एन. भारद्वाज 'अश्क'
M: 9871686627

दोहा-सप्तम्
**'घर'**

उस घर में ना जाइये, वो घर है शमशान
जिस घर में होता नहीं नारी का सम्मान

घर की देवी का करे, रात दिवस अपमान
नवराते पूरे रखें, देखा भक्त महान

इस दुनिया में स्वर्ग की, इतनी सी पहचान
जहाँ बड़ों का मान हो, वो घर स्वर्ग समान

मन्दिर मस्जिद में फिरे, क्यूं हो कर हैरान
माँ बाबा के भेष में, घर बैठे भगवान

अपनापन,आदर,शरम,गुंजाइश,सम्मान
जिसके घर ये पाँच हैं,वो सबसे धनवान

प्यार बिना रिश्ते सभी, होते हैं वीरान
जैसे अपनों के बिना, सूना रहे मकान

बेटे से ज़्यादा मिले, बिटिया को सम्मान
बेटा घर की शान है, बेटी है वरदान

